WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025 | शुक्ल पक्ष- द्वितीया, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 | अंक- 200 | पृष्ठ-12 | मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

माँ भारती को समर्पित
देशभक्ति और आध्यात्मिकता के
भाव से भरा गीत

वन्दे मातरम्

राष्ट्रीय गीत के
150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर
सामूहिक 'राष्ट्रीय गीत' गायन

कार्यक्रम का शुभारंभ
यशस्वी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
के द्वारा
7 नवंबर 2025, शुक्रवार
सुबह 10 से 11 बजे तक

ग्राम पंचायत से प्रदेश स्तर तक सभी शासकीय कार्यालय, शैक्षिक और अन्य संस्थानों में **4 चरणों** में साल भर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

पहला चरण	7-14 नवंबर 2025
दूसरा चरण	19-26 जनवरी 2026
तीसरा चरण	7-15 अगस्त 2026
चौथा चरण	1-7 नवंबर 2026

वन्दे मातरम्।

सुजलाम् सुफलाम् मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलाम् मातरम्। वन्दे मातरम्।। 1।।

शुभ्रज्योत्स्ना पुलकितयामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीम् सुमधुरभाषिणीम्,
सुखदाम् वरदाम् मातरम्। वन्दे मातरम्।। 2।।

कोटि-कोटि कण्ठ कल-कल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
के बॉले माँ तुमि अबले,
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीम्,
रिपुदलवारिणीं मातरम्। वन्दे मातरम्।। 3।।

तुमि विद्या तुमि धर्म, तुमि हृदि तुमि मर्म,
त्वम् हि प्राणाः शरीरे, बाहुते तुमि माँ शक्ति,
हृदये तुमि माँ भक्ति, तोमारेई प्रतिमा गड़ि मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम् ।। 4।।

त्वम् हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी, नमामि त्वाम्,
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्। वन्दे मातरम्।। 5।।

श्यामलाम् सरलाम् सुस्मिताम् भूषिताम्,
धरणीम् भरणीम् मातरम्। वन्दे मातरम्।। 6।।

S-45815

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
डीडी न्यूज़ पर देखें

आइए, हम सभी इस ऐतिहासिक क्षण को
गर्व और उल्लास के साथ मनाने का संकल्प लें।

वन्दे मातरम्!!

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

सिंहासन की जंग: सम्राट की होगी विजय या विजय बनेंगे सम्राट...विरासत की अग्निपरीक्षा

पटना (ए.)। बिहार की राजनीतिक रणभूमि इस समय एक अनोखे द्वंद्व की साक्षी बन रही है, जहां दांव पर सिर्फ दो सीटें नहीं, बल्कि भविष्य का सिंहासन है। इस महासमर का केंद्र भाजपा के दो उप-मुख्यमंत्री हैं विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी। यह सिर्फ एक संयोग नहीं, बल्कि एक राजनीतिक भविष्यवाणी है कि इस चुनाव का सबसे बड़ा सवाल इन दोनों नेताओं के नाम में ही छिपा है। चुनाव में जिसकी विजय होगी वही सम्राट होगा। ये दोनों नाम केवल संज्ञा नहीं हैं, बल्कि भाजपा की सत्ता संतुलन की रणनीति के दो सबसे बड़े मोहरे हैं। यदि इन दोनों संज्ञाओं का शाब्दिक अर्थ चुनावी नतीजों में परिणत होता है तो दोनों हस्तियां और भाजपा न सिर्फ विजय हासिल करेगी, बल्कि सत्ता का सम्राट भी बनाएगी। तो सवाल ये की विजय और सम्राट दोनों का भविष्य क्या है...इसे समझने के लिए अमर उजाला दोनों उप मुख्यंत्रियों के विधानसभा क्षेत्र लखीसराय और तारापुर पहुंचा।

भाजपा ने इन चेहरों को उप मुख्यमंत्री बनाकर 'अगड़ा-पिछड़ा' का सशक्त जातीय संतुलन साधने की कोशिश की थी। राज्य में शासन और विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय का भी निर्णायक संदेश देनी की भाजपा की यह कोशिश कितनी फलीभूत होगी, इसका फैसला इन दोनों सीटों के नतीजे भी तय करेंगे।

एक तरफ अगड़े वर्ग (भूमिहार) से आने वाले विजय कुमार सिन्हा अपने गढ़ लखीसराय में भयमुक्त शासन और विकास के नारों पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं, वहीं पिछड़े वर्ग (कुशवाहा) के बड़े चेहरे सम्राट चौधरी अपने पिता की राजनीतिक विरासत तारापुर को बचाने की जद्दोजहद में हैं।

विवादों के बीच चुनाव: सत्ता का संतुलन और भविष्य का संकेत

दोनों उप-मुख्यमंत्रियों के साथ विवाद भी जुड़े हैं। सिन्हा के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था पर बहस उठी, तो सम्राट चौधरी पर उनके विरोधी खासकर प्रशांत किशोर ने आपराधिक अतीत को लेकर गंभीर हमले किए हैं। इन सबके बीच, केंद्रीय नेतृत्व ने सम्राट चौधरी को लेकर बड़ा संकेत दिया है। अमित शाह जैसे शीर्ष नेता ने उन्हें 'बड़ा आदमी बनाने' की बात कहकर यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा पिछड़े वर्ग के इस नेता को भविष्य में राज्य में प्रमुख भूमिका में बनाए रखेगी।

लखीसराय का 'भूमिहार महासमर'

बिहार की राजनीति में लखीसराय विधानसभा क्षेत्र भूमिहारों के दशकों पुराने सांस्कृतिक और चुनावी वर्चस्व का केंद्र है। यह क्षेत्र चर्चित सीट मोकामा से बिल्कुल जुड़ा हुआ है। भाजपा के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा यहां से भयमुक्त शासन और विकास के नारों पर लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के अमरेश कुमार 'अनीश' और जन सुराज के डॉ. राजीव रंजन से है।

एनडीए की दोहरी रणनीति और भूमिहार वोटों का विभाजन

सिन्हा के खिलाफ मैदान में उतरे तीनों ही प्रमुख प्रत्याशी भूमिहार समाज से आते हैं, जिससे लगभग 2 लाख भूमिहार वोटों का बंटवारा इस चुनाव का सबसे संवेदनशील गणित बन चुका है। एनडीए दोहरी रणनीति पर चल रहा है। एक ओर, सिन्हा अपने कार्यकाल में टाल (बाढ़ प्रभावित क्षेत्र) और ग्रामीण इलाकों में सड़कों, बिजली पहुंचाने का श्रेय लेते हैं, जिसका असर बुजुर्ग मतदाताओं के बीच दिख रहा है। दूसरी ओर, भूमिहार वोटों के त्रिकोणीय विभाजन का सीधा फायदा एनडीए को गैर-भूमिहार (जैसे वैश्य) वोटों को एकजुट करके मिल सकता है। सिन्हा के खिलाफ लंबे समय से यहां होने के चलते उनके भूमिहार समाज में ही खासा विभाजन होते दिख रहा था। हालांकि, मोकामा की हिंसा के बाद राजनीति ने थोड़ी करवट ली है और भूमिहार वोटरों में बंटवारा पहले जैसा होता नहीं दिख रहा है। यह फैक्टर सिन्हा को थोड़ी राहत दे रहा है।

महागठबंधन की सेंधमारी और मोकामा फैक्टर

महागठबंधन का लक्ष्य यादव, मुस्लिम वोटों को एकजुट करके, कुशवाहा और वैश्य वोटों में सेंधमारी करना है। मोकामा में हालिया घटना ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर बहस को फिर से जिंदा कर दिया है। लखीसराय शहर के कुछ हिस्सों में 'लंबे समय से एक ही प्रत्याशी' के खिलाफ निराशा है, जिससे महागठबंधन 'परिवर्तन' और स्थानीय आवाज को मुखर कर रहा है। लखीसराय की जंग तय करेगी कि क्या विकास का नारा और सांस्कृतिक पकड़, एंटी-इंकम्बेंसी और जातीय विभाजन की दरारों को भर पाएगी। वैसे मोकामा की घटना से यहां भूमिहार वोट विजय सिन्हा के पक्ष में लामबंद होते दिखाई दे रहे हैं। इससे महागठबंधन प्रत्याशी डा. राजीव राय जो कि पहले कुछ बढ़त में दिख रहे थे, उसको चुनौती मिली है।

तारापुर का 'कुशवाहा किला' सम्राट के लिए कितना अभेद्य

बिहार के दूसरे उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के लिए मुंगेर जिले की तारापुर सीट सिर्फ एक चुनावी क्षेत्र नहीं, बल्कि चौधरी परिवार की विरासत और कुशवाहा राजनीति के शीर्ष नेतृत्व का प्रश्न है। यह सीट उनके पिता पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी का गढ़ रही है, जो समता पार्टी के संस्थापकों में से थे और राष्ट्रीय जनता दल के साथ-साथ अन्य दलों में भी रहते हुए सात बार विधायक और सांसद बने थे।

मुख्यमंत्री पद के संकेत और विकास की आस

सम्राट चौधरी, जो कुशवाहा समुदाय के सबसे बड़े नेताओं में से एक हैं, विधान परिषद छोड़कर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनके इस कदम के गहरे राजनीतिक मायने हैं, जिसे अमित शाह ने 'बड़ा आदमी बनाने' की बात कहकर और भी स्पष्ट कर दिया है। यानी, भाजपा सम्राट चौधरी को भविष्य में राज्य के सर्वोच्च नेतृत्व के तौर पर देख रही है। सम्राट चौधरी ने डिप्टी सीएम रहते हुए क्षेत्र के लिए रिंग रोड, रेल परियोजना और औद्योगिक पार्क जैसी कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया है। एनडीए का भरोसा कुशवाहा वोटों को एकजुट करने के साथ-साथ अपने परंपरागत सवर्ण और वैश्य मतदाताओं के थोक वोट पर है।

महागठबंधन की चुनौती: आपराधिक अतीत और 'बाहरी' का मुद्दा

तारापुर में सम्राट चौधरी का मुकाबला सीधे महागठबंधन के राजद प्रत्याशी अरुण कुमार साह से है। जन सुराज के डॉ. संतोष सिंह के मजबूती से लड़ने से यहां मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। साह की सबसे बड़ी ताकत उनकी अपनी वैश्य जाति का मजबूत समर्थन और 2021 के उपचुनाव में जेडयू प्रत्याशी को 4000 से भी कम मतों के अंतर से कड़ी टक्कर देने का अनुभव है। हालांकि, उनकी कमजोरी यह है कि उन्हें सम्राट चौधरी के राष्ट्रीय कद और स्थानीय 'विकास' के नारों का सामना करना पड़ रहा है। महागठबंधन की रणनीति स्पष्ट है कि यादव और मुस्लिम वोटों को एकजुट कर वैश्य वोटों को मजबूती देना और इस उम्मीद में कुशवाहा वोटों में सेंध लगाना कि 'बाहरी उम्मीदवार' का मुद्दा सम्राट चौधरी के खिलाफ काम करे।

सम्राट पर पीके ग्रहण

सम्राट के खिलाफ सबसे बड़ा विवाद प्रशांत किशोर के आरोपों से जुड़ा है। उन्होंने सम्राट चौधरी पर 1995 के एक मर्डर केस का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है।

पहले चरण में 16 मंत्रियों का भाग्य ईवीएम में कैद

कल्याणपुर में हुआ सबसे ज्यादा 70 फीसदी मतदान

पटना (ए.)। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग खत्म हो गई है। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक 60.13 फीसदी वोटिंग हुई है। बेगूसराय में सबसे ज्यादा 67.32फीसदी और शेखपुरा में सबसे कम 52.36फीसदी वोटिंग हुई। हालांकि अगर पहले चरण के मंत्रियों की सीटों पर बात की जाए तो सबसे ज्यादा कल्याणपुर में 71. 62फीसदी और सबसे कम बांकीपुर 40.00फीसदी में मतदान हुआ।

विधानसभा	2020 में वोटिंग (फीसदी)	2025 (5 बजे तक)
सोनवर्षा	53.73	56.17फीसदी
दरभंगा (सदर)	55.79	58.29फीसदी
जाले	54.14	58.68फीसदी
कुढ़नी	64.18	59.47फीसदी
साहेबगंज	59.56	62.63फीसदी
भोरे	53.98	61.05फीसदी
अमनौर	56.57	64.98फीसदी
सीवान	54.42	57.38फीसदी
कल्याणपुर	57.93	71.62फीसदी
सरायरंजन	60.86	70.19फीसदी
बछवाड़ा	60.87	69.67फीसदी
बिहारशरीफ	48.51	53.05फीसदी
नालंदा	54.68	60.63फीसदी
बांकीपुर	35.91	40.00फीसदी
लखीसराय	52.78	60.51फीसदी
तारापुर	55.00	58.33फीसदी

सहरसा जिले की सोनवर्षा सीट से जदयू के रत्नेश सदा के सामने कांग्रेस की सरिता देवी चुनाव मैदान में हैं। इस आरक्षित सीट पर जनसुराज ने भी दुसाध जाति के रिटायर्ड टीचर सत्येन्द्र हाजरा को उतारा है। दरभंगा (सदर) से भाजपा के संजय सरावगी के सामने विकासशील इंसान पार्टी के उमेश सहनी हैं। वह मुकेश सहनी की जाति से हैं, यानी मल्लाह हैं। जन सुराज से रिटायर्ड आईजी आरके मिश्रा मैदान में हैं। प्लुरल्स पार्टी की पुष्पम प्रिया चौधरी मैदान में हैं। भितरघात से लड़ना ही बड़ी चुनौती है। जाले से भाजपा के जिवेश कुमार के सामने कांग्रेस के ऋषि मिश्रा मैदान में हैं। यह राजद में थे और अंतिम समय में कांग्रेस का टिकट लेकर उतरे हैं। पिछली बार कांग्रेस के प्रत्याशी रहे मशकूर अहमद रहमानी इस बार निर्दलीय मैदान में हैं। मुस्लिम वोट पर सबकुछ निर्भर करता है। जनसुराज ने लोहार जाति के रंजीत शर्मा को चुनाव में उतारा है। कुढ़नी से भाजपा के केदार प्रसाद गुप्ता के सामने राष्ट्रीय जनता दल के बबलू कुशवाहा उतारे गए हैं। जनसुराज ने यहां से मोहम्मद अली इरफान को मैदान में उतारा है।

साहेबगंज से भाजपा के राजू कुमार सिंह के सामने राष्ट्रीय जनता दल के पृथ्वी राय मैदान में हैं। भाजपा को नुकसान पहुंचाने के लिए जनसुराज ने यहां राजपूत जाति से ठाकुर हरिकिशोर सिंह को उतारा है। सीवान से भाजपा के मंगल पांडेय के सामने राष्ट्रीय जनता दल ने अवध बिहारी चौधरी को उतारा है। अवध बिहारी चौधरी महागठबंधन सरकार के समय विधानसभा अध्यक्ष भी रहे थे। यहां जन सुराज ने भाजपा को राहत दी है। राजद-कांग्रेस के कोर वोट बैंक मुस्लिम धर्म के शेख वर्ग से बिजनेसमैन इंतक़ाब अहमद को उतारा गया है। लखीसराय से भाजपा के विजय कुमार सिन्हा के सामने कांग्रेस के अमरेश कुमार अनीष मैदान में हैं। भाजपा के कोर वोटर को ध्यान में रखते हुए जन सुराज ने यहां भूमिहार वर्ग के शिक्षाविद् सूरज कुमार को टिकट दिया है। तारापुर से भाजपा के सम्राट चौधरी के सामने राष्ट्रीय जनता दल ने अरुण साह को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर जन सुराज का निशाना भाजपा के कोर वोटर हैं, इसलिए उसने राजपूत चिकित्सक को मैदान में उतारा है। डॉ. संतोष सिंह यहां सम्राट चौधरी और अरुण साह से मुकाबिल हैं।

गोपालगंज की भोरे से जदयू के सुनील कुमार के सामने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन, यानी भाकपा माले ने प्रत्याशी उतारा है। भोरे से माले ने पासवान जाति के धनंजय को प्रत्याशी बनाया है। यहां से जन सुराज प्रत्याशी प्रीति किन्नर के उतारे जाने के बाद यह सीट चर्चा में है। वहीं सारण की अमनौर से भाजपा के कृष्ण कुमार मंटू के सामने राष्ट्रीय जनता दल ने सुनील राय को उतारा है। भाजपा के कोर वर्ग भूमिहार जाति को साधने के लिए जन सुराज ने यहां से राहुल सिंह को टिकट दिया है। समस्तीपुर-यहां की कल्याणपुर से जदयू के महेश्वर हजारी से मुकाबले के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन, यानी भाकपा माले ने रंजीत राम को मैदान में उतारा है।

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर विशेष

पैर पसार रहा है कैंसर, जागरूकता से रोकी जा सकती हैं मौतें



डॉ. देवेन्द्र नाथ शर्मा

कैंसर का नाम सुनते ही मन में डर पैदा हो जाता है द्य कैंसर हो जाने की जानकारी होने पर रोगी और उसके परिजन, मित्र व पड़ौसी; सभी भयभीत होकर असहज हो जाते हैं। असाधारण पीड़ादायक होने व जान के जोखिम के कारण कैंसर रोगी के भावी जीवन को लेकर शंकाए-आशंकाएं पीड़ित परिवार के दुःख और मानसिक तनाव को बढ़ा देती हैं द्य दुनिया भर में हर वर्ष कैंसर से लगभग 1 करोड़ अर्थात प्रति दिन 2700 से अधिक कैंसर के नए रोगी पहचाने जाते हैं। यह रोग, दुनिया भर में होने वाली मौतों का दूसरा सबसे बड़ा कारण है द्य जानलेवा प्रकृति के कारण इसे भयावह बीमारियों में से एक माना जाता है जिससे कैंसर रोगी से लोगों के लिए इस पर खुलकर चर्चा करना अक्सर मुश्किल हो जाता है।

उपलब्ध आंकड़ों के हिसाब से भारत में 2024 में 15.60 लाख कैंसर के कुल रोगी अर्थात प्रति दिन औसतन 4 हजार रोगी चिन्हांकित हुए हैं द्य इनमें से 49% पुरुष और 51.9% महिला रोगी हैं। इनमें पुरुषों में फेफड़े के कैंसर के 1,01,371 तथा महिलाओं में स्तन कैंसर 2,21,757 व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के 75,209 मामले हैं।

भारत में कैंसर के प्रकार में 6 तरह के कैंसर ज्यादा होते हैं, जिसमें फेफड़ों का कैंसर, मुंह व गले का कैंसर, पेट का कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर और कोलोन व मलाशय यानि कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं। देश में प्रतिदिन 608 महिलाएं में स्तन कैंसर की पहचान होती है। पुरुषों में फेफड़ा संबंधी कैंसर के 383 मामले प्रतिदिन प्रतिवेदित हो रहें हैं द्य महिलाओं में गर्भाशय-ग्रीवा के कैंसर के 200 मामले प्रतिदिन के औसत से सामने आ रहे हैं।

कैंसर के ज्यादातर मामलों में ट्यूमर होता है द्य कैंसर को उसकी गंभीरता के आधार पर चार अवस्थाओं यानि स्टेजेस में बांटा गया है द्य पहली शून्य स्टेज, जिसमे शरीर में कुछ असाधारण कोशिकाए उपस्थित हो सकती हैं, जो कैंसर होने की सम्भावना को बढ़ाती हैं। इस अवस्था को कैंसर रोग की स्थिति होना नहीं माना जाता है। फिर, प्रथम स्टेज, जिसमे अनियंत्रित कोशिकाएं एक क्षेत्र तक ही फैली होती हैं और ट्यूमर छोटे आकार का होता है। इसके बाद, दूसरी व तीसरी स्टेज, जिसमें ट्यूमर का आकार बढ़ जाता है और कैंसर संक्रमित कोशिकाएं पास के अंगों और लिम्फ नोड्स में फ़ैल जाती हैं। अंतिम, चौथी स्टेज, जिसे मेटास्टेटिक कैंसर कहा जाता है द्य यह अवस्था जानलेवा हो सकती है क्योंकि इस अवस्था में कैंसर दूसरे अंगों तक फ़ैल चुका होता है द्य यह भी जानना चाहिए कि जो ट्यूमर कैंसर नहीं होते, उन्हें सौम्य ट्यूमर कहा जाता है। सौम्य ट्यूमर शरीर में कहीं और नहीं फैल सकते। लेकिन अगर ये बढ़कर आस-पास के अंगों पर दबाव डालते हैं, तो ये समस्याएँ पैदा कर सकते हैं।

कैंसर के लक्षण उसके प्रकार और स्थान के अनुसार अलग-अलग होते हैं, पर सामान्यतः शरीर का वजन अचानक कम होना या बढ़ जाना, ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना, त्वचा में गांठ बनना, त्वचा के रंग में बदलाव होना, पाचन संबंधी समस्या, कब्ज या दस्त होना, आवाज बदल जाना, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, घाव ठीक होने में ज्यादा समय लगना, भूख कम लगना, लिम्फनोड्स में सूजन, महिलाओं के स्तनों में गाँठ का होना महसूस करना आदि कैंसर के संभावित लक्षणों में हैं। इन स्थितियों में चिकित्सकीय परीक्षण जरुर करवाना चाहिए।

कैंसर क्या है?

हमारे शरीर में कोशिकाओं का लगातार विभाजन होना एक सामान्य प्रक्रिया है, जो पूर्णत: शारीरिक नियंत्रण में होता है द्य लेकिन जब किसी विशेष अंग की कोशिकाओं की विभाजन प्रक्रिया पर शरीर का नियंत्रण नहीं रह जाता है तो वे असामान्य रूप से बढ़ने लगती है और ट्यूमर का रूप ले लेती है, इसे कैंसर कहा जाता है। अर्थात शरीर में होने वाली असामान्य और खतरनाक स्थिति, जिसमें कोशिकाओं की असामान्य वृद्धी होती है, उसे कैंसर कहते हैं। ज्यादातर कैंसर ट्यूमर के रूप में होते हैं, लेकिन ब्लड कैंसर के मामले में ट्यूमर नहीं होता है। किन्तु यह ध्यान रखना जरुरी है कि हर ट्यूमर कैंसर नहीं होता है।

कैंसर के प्रकार और उसकी अवस्था के आधार कैंसर रोग चिकित्सक कौन सा उपचार उपयुक्त होगा, यह तय कर उपचार करते हैं द्य सामान्य तौर पर सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडिएशनथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, हार्मोनथेरेपी, और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट आदि कैंसर के उपचार की विधियाँ हैं द्य रोग व उपचार के द्वितीयक दुष्प्रभावों से रोगी को बचाने हेतु उपयुक्त खान-पान व चिंताओं-भावनाओं के नियंत्रण के परिजनों द्वारा उपाय उपचार में सहायक होते हैं।

कैंसर हो जाने पर व्यक्ति शारीरिक रूप से आय अर्जन व अन्य गतिविधियों में अक्षमता महसूस करने लगते हैं द्य अपने भावी जीवन के प्रति आशंकित होकर गहन चिंता और कभी कभी अवसाद में आ जाता है।

स्वयं के उपचार में होने वाले खर्च के कारण परिवार पर आये बोझ का कारण स्वयं को मान कर कुंठित होने लगते हैं द्य रोगी के परिवार पर भी भावनात्मक, वित्तीय और शारीरिक रूप से गहरा प्रभाव पड़ता है।

बड़े नगरों के अस्पतालों तक बार-बार आने जाने, ठहरने, जांच व उपचार, आदि की हैसियत से अधिक लागत और आय में कमी के कारण परिवार पर वित्तीय बोझ बढ़ जाता है।

ऐसी स्थिति में परिवार के सदस्य तनाव, चिंता और उदासी का अनुभव करते हैं। परिवार की भूमिकाओं और दैनिक जीवन में बदलाव आता है, और रोगी की देखभाल करने वाले अक्सर सबसे ज़्यादा प्रभावित होते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। गरीब व निम्न-मध्य आय के वर्ग के परिवार में कैंसर रोगी का होने से परिवार के सामान्य विकास को बुरी तरह दुष्प्रभावित होती है। महंगे इलाज और आय के प्रवाह के रुक जाने के कारण रोगी के परिवारों को अपने गहने, जमीन आदि संपत्ति तक को गिरवी रखना या बेच देना पड़ जाता है।

छत्तीसगढ़ में पसर रहा है कैंसर

छत्तीसगढ़ में हर वर्ष कैंसर रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है द्य प्रदेश में 2019 में 27,113, 2020 में 27,828, 2021 में 28,529 और 2022 में 29,253 कैंसर के नए रोगी चिकित्सीय जांच में चिन्हांकित किये गए हैं। वर्तमान स्थिति में छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन औसतन 80-85 कैंसर के नए रोगी चिन्हांकित हो रहे हैं। जागरूकता की कमी के कारण आरंभिक अवस्था में रोग निदान न हो पाने तथा महंगे व पहुँच से बाहर चिकित्सा सुविधाओं में उपचार के व्यय भार को वहन करने की क्षमता न होने के कारण प्रदेश के कैंसर रोगियों में से हर दिन 44 व्यक्तियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। 2022 में जहाँ 29,253 नए कैंसर रोगी सामने आये वहीँ इसी वर्ष में 16,057 कैंसर रोगियों की मौत हो गई। प्रदेश में 2014 से 2023 के दशक में स्तन कैंसर से होने वाली मौतों में लगभग 26% की वृद्धि हुई है, और इसी तरह गर्भाशय-ग्रीवा यानी सर्वाइकल कैंसर से होने वाली मौतों में भी 26-27त्न की वृद्धि देखी गई है।

छत्तीसगढ़ में कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि चिंताजनक स्तर तक पहुँच गई है द्य विशेषकर ग्रामीण तथा आदिवासी अंचलों में यह रोग न केवल स्वास्थ्य का संकट बनकर उभर रहा है बल्कि सामाजिक आर्थिक भार भी बढ़ा रहा है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव आदि नगरों में चिकित्सा सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता के कारण कैंसर के मरीजों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक प्रतिवेदित होती है द्य राज्य में मुख-कैंसर गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर, स्तन कैंसर, फेफड़े का कैंसर प्रमुख रूप से पाए जाते हैं द्य मुख, गला व फेफड़े के कैंसर के 60त्न मामले सीधे धूम्रपान, गुटका, तम्बाखू, पान मसाला, शराब और प्रदूषण, खानपान के कारण माने जाते हैं द्य छत्तीसगढ़ में भिलाई, कोरबा, रायगढ़, रायपुर जैसे औद्योगिक क्षेत्र में धूल, धुआं, रासायनिक अपशिष्ट और दूषित जल जन मानस में कैंसर के जोखिम को बढ़ाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेती में विषैले रसायनों का अत्यधिक उपयोग स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। असंतुलित आहार मोटापा, शारीरिक क्रियाशीलता में कमी कैंसर के सम्भावना को बढ़ाने में सहायक हैं।

छत्तीसगढ़ में कैंसर के निदान व उपचार के लिए उपयुक्त आधुनिक चिकित्सा के अस्पतालों की उपलब्धता बहुत कम है द्य रायपुर के मेडिकल कालेज के अस्पताल में कैंसर के उपचार की व्यवस्था है जहाँ हर वर्ष 5 हजार रोगी इलाज करने आते हैं द्य जाहिर है, यह रोगी गरीब परिवारों के होते हैं।

यहाँ कभी रेडिएशनथेरेपी की मशीन खराब रहती या कभी निदान व उपचार सामग्री अथवा दवाओं की कमी बनी रहती है द्य प्रदेश की राजधानी में कैंसर के उपचार हेतु सरकारी एम्स के अलावा कुछ गिने-चुने आधुनिक कैंसर अस्पताल निजी क्षेत्रों में हैं। कुछ बड़े निजी अस्पतालों में कैंसर चिकित्सा के विभाग व चिकित्सक हैं, जो उपचार करते हैं।

यहाँ कैंसर का उपचार अत्यधिक महंगा है द्य गरीबी के कारण लोग इन अस्पतालों में इलाज कराने की हिम्मत नहीं कर पाते हैं द्य प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत अधिकतर मेडिकल कालेज अस्पताल में ही कैंसर रोगी को उपचार मिल पा रहा है द्य इस योजना में कुछ ही निजी अस्पताल थोड़ी-बहुत सीमा तक उपचार उपलब्ध करा देते हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना भी है, जिसके माध्यम से निजी अस्पताल में ज्यादा खर्च के उपचार के लिए सहायता मिल सकती है लेकिन इसका फायदा जागरूक परिवार ही उठा पाते हैं। अब आवश्यक है की प्रदेश के सभी 10 सरकारी मेडिकल कालेजों के अस्पतालों में कैंसर की आधुनिक जांच व उपचार की पुख्ता व्यवस्था एम्स की तरह उपलब्ध कराई जावे ताकि निर्धन व निम्न आय वर्ग के परिवारों के कैंसर रोगियों को प्रदेश में विश्वसनीय इलाज निरंतर मिल सके द्य

छत्तीसगढ़ में कैंसर एक उभरता हुआ सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है द्य इसीलिए राज्य में जहां समय पर जांच, निदान, उपचार व रोकथाम संबंधी सुविधाओं का विस्तार किया जाए, तभी कैंसर के बढ़ते प्रभाव को काफी हद तक सीमित किया जा सकता है।

प्रदेश के समूचे ग्रामीण क्षेत्रों व नगरों में गरीबों की बस्तियों में अधिक से अधिक स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन कर कैंसर, विशेषकर स्तन व गर्भाशय-ग्रीभा कैंसर की जांच आवश्यक है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कैंसर के प्रारंभिक जांच को एक कार्यक्रम के रूप में लेना चाहिए द्य कैंसर मरीज हेतु विशेष स्वास्थ्य सहायता या प्रधान मंत्री स्वास्थ बीमा योजनाओं का विस्तार कर विशेष प्रावधान किया जाना चाहिए।

सामाजिक संस्थाओं, सरकार और शैक्षणिक व चिकित्सा संस्थानों के संयुक्त प्रयास से एक जन-जागरण का व्यापक अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है द्य कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने से शुरुआत में ही रोग की पहचान करने और रोकथाम को बढ़ावा मिलेगा द्य महिलाओं में स्तनों का उनके द्वारा स्व-परीक्षण उनमें कैंसर के विस्तार से उन्हें बचा सकता है द्य यथाशीघ्र जांच और उपचार से रोगी की पीड़ा और उसकी जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है द्य समय से अब आधुनिक चिकित्सा से प्रथम स्टेज के कैंसर रोगियों का पूर्णतः ठीक हो जाना अब लगभग संभव हो गया है। कुछ ममलों दूसरी स्टेज में भी रोगी अब ठीक होने लग गए हैं द्य गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए टीका जिसे एचपीवी टीका भी कहा जाता है, अब उपलब्ध है द्य तीन खुराकों के इस टीके को 9 से 26 वर्ष की आयु में लेने से महिलायें ग्रीवा-कैंसर की चपेट में आने से बच सकती हैं।

WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

बिलासपुर, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- द्वितीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 200 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन में होंगी शामिल

■ **प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कार्यक्रम स्थलों का किया निरीक्षण**

अंबिकापुर /नवप्रदेश । भगवान बिरसा मुण्डा की स्मृति में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का 20 नवबंर को अम्बिकापुर प्रवास प्रस्तावित है। जिसकी तैयारी को लेकर आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आज कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रमुख सचिव बोरा ने सबसे पहले गांधी स्टेडियम पहुंचकर राष्ट्रपति

के आगमन हेतु तैयार किए जा रहे हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, आगमन एवं निर्गमन मार्ग, हेलीपैड की मजबूती तथा आसपास की साफ-सफाई का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कार्यक्रम स्थल की तैयारियों की समीक्षा : इसके पश्चात् उन्होंने पी.जी. कॉलेज मैदान पहुंचकर मुख्य कार्यक्रम □ शेष पृष्ठ 6 पर

चौथे मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराया

क्वींसलैंड (आईएएनएस)। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को क्वींसलैंड में खेले गए चौथे टी20 मैच में 48 रन से हराकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। भारतीय टीम के दिए 168 रन के लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया 18.2 ओवर में 119 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी की शुरुआत करने उतरे कप्तान मिशेल मार्श 30 और मैट शॉर्ट 25 के अलावा सारे बल्लेबाज फ्लॉप रहे। आखिरी पांच बल्लेबाज दो अंकों में भी नहीं पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया को 119 रन पर समेटने में भारतीय स्पिन गेंदबाजों का अहम योगदान रहा। वाशिंगटन सुंदर ने 1.2 ओवर में 3 रन देकर □ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

बिहार का मुख्यमंत्री बनने का हसीन सपना देखने वाले नये मुंगेरी लाल उर्फ लालटेन वाले भैया बहुत ही लंबी लंबी छोड़ रहे हैं। लोकलुभावन आसमानी चुनावी घोषणाएं करने में तो उन्होंने नया रिकॉर्ड पहले ही बना दिया है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा है कि उनके पिता श्री लालू प्रसाद यादव ने जो काम किया है वह पीएम मोदी सात जन्मों में भी नहीं कर सकते। यह बात तो उन्होंने बिल्कुल सही कही है। मोदी तो क्या दुनिया का कोई भी नेता जानवरों का चारा नहीं खा सकता।

सुरेश रैना और शिखर धवन पर ईडी का शिकंजा

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की मुश्किल बढ़ गई हैं।

■ **11.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क; सट्टेबाजी एप केस में कार्रवाई**

गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सट्टेबाजी एप केस में कार्रवाई करते हुए दोनों की 11.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली। सूत्र ने बताया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट 1&बेट के खिलाफ मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत धवन की 4.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और रैना के 6.64 करोड़ रुपये के म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया है।

प्रथम चरण : बिहार में 60.13% मतदान

लखीसराय में डिप्टी सीएम और राजद एमएलसी के बीच भिड़ंत

पटना (वार्ता)। मुंगेर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण के चुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री शैलेश कुमार ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जमालपुर के जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार के घर पुलिस पहुंची, उनके साथ मारपीट कर थाने ले गई। शैलेश कुमार का आरोप है कि पुलिस ने उनके कई समर्थकों को बिना किसी कारण हिरासत में लिया और दुर्व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की जा रही है ताकि उनके चुनाव अभियान को कमजोर किया जा सके। पूर्व मंत्री ने जिला प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं जिले की तारापुर, जमालपुर और मुंगेर विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण और सामान्य रूप से जारी है।

सीवान में भाजपा प्रत्याशी का विरोध

सीवान के गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के लकड़ी नवीगंज प्रखंड स्थित बूथ संख्या 349 और 350 लकड़ी मकतब पर भाजपा प्रत्याशी देवेशकांत सिंह के पहुंचने पर विवाद हो गया। आरोप है कि उन्होंने वहां मौजूद मुस्लिम महिला मतदाताओं से बुर्का हटाने को कहा, जिसके बाद स्थानीय वोटरों ने कड़ा विरोध जताया। मौके पर हंगामा बढ़ने पर लोगों ने वोट चोर गद्दी छोड़ो के नारे लगाए। स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। इसके बाद जाकर मामला शांत हुआ।

वोटर आईडी चेक करने पर भड़के भाई वीरेंद्र

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। इस दौरान पटना जिले के मनेर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत महिनावा स्थित मध्य विद्यालय मतदान केंद्र संख्या 79 पर पुलिस कर्मियों के द्वारा मतदाताओं की वोटर कार्ड चेक करने के दौरान रोके जाने पर मनेर के वर्तमान विधायक व राजद प्रत्याशी भाई वीरेंद्र ने इसका विरोध करते हुए पुलिसकर्मी को चेतावनी दी। इस दौरान मतदान केंद्र पर पुलिसकर्मी और विधायक के बीच काफी देर तक कहा सुनी के साथ ही हो हंगामा हुआ। इस दौरान विधायक भाई वीरेंद्र पुलिसकर्मी को मतदाताओं को रोके जाने को लेकर कड़ा विरोध जताया। जिसे लेकर मतदान केंद्र पर काफी देर तक गहमा गहमी की स्थिति बनी रही।

राजद एमएलसी और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के बीच भिड़ंत

लखीसराय में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और राजद एमएलसी के बीच तकरार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दोनों नेता एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। विजय सिन्हा में कहा कि राजद एमएलसी ने शराब पी ली है। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं। वहीं एमएलसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि रात में इनको पैसा बांटने नहीं दिया गया। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके लोगों ने हमारी गाड़ी रोकी और गुंडागर्दी पर उतर आए। वह चुनाव हार गए इसलिए बौखला गए हैं। विजय सिन्हा का चैप्टर बंद हो चुका है। उन पर हमला नहीं हुआ। वो कई दिनों से ये नाटक रचने का प्रयास कर रहे थे। मोकामा विधानसभा के दर्वे भदौर में राजद प्रत्याशी वीणा देवी के पति और बाहुबली सूरजभान सिंह का विरोध किया गया। वह मतदान की अपील करने गए थे। इसी दौरान लोगों ने उनका विरोध कर दिया। हालांकि, उन्होंने ने मतदाताओं को समझाने की कोशिश जरूर की लेकिन, किसी ने उनकी एक न सुनी। इसके बाद वह वहां से लौट गए। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन □ शेष पृष्ठ 6 पर

लखीसराय मामले में सीईसी ने डीजीपी को दिया निर्देश

लखीसराय में बूथ पर हंगामे के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने बिहार के डीजीपी को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया है। लखीसराय एसपी खुद घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। एडिनिशल सीईओ अमित कुमार पांडेय ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सीजीपीएससी भर्ती घोटाला मामला

हाईकोर्ट की डबल बेंच ने राज्य सरकार की अपील की खारिज

■ **37 चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति का रास्ता साफ**

बिलासपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2021-22 भर्ती घोटाले से जुड़ा मामला अब एक अहम मोड़ पर पहुंच गया है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने राज्य सरकार की याचिका को खारिज करते हुए उन 37 चयनित अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाया है, जिनके खिलाफ अब तक सीबीआई ने कोई चार्जशीट दाखिल नहीं की है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्ति (ज्वाइनिंग) दी जाए।

यह सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बी.डी. गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। इस दौरान राज्य सरकार ने हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के फैसले को चुनौती देते हुए अपील दायर की थी। सिंगल बेंच ने पहले ही इन 37 अभ्यर्थियों के पक्ष में आदेश दिया था, जिसके अनुसार जिन पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है या चार्जशीट दाखिल नहीं हुई है, उन्हें ज्वाइनिंग दी जानी चाहिए। □ शेष पृष्ठ 6 पर

जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपी

मामला सीजीपीएससी द्वारा 2021-22 में आयोजित विभिन्न सरकारी पदों की परीक्षा और चयन प्रक्रिया से जुड़ा है। चयन प्रक्रिया के दौरान कथित अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के आरोप सामने आने के बाद सरकार ने इसकी जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपी थी। जांच में कुछ उम्मीदवारों पर संदेह जताया गया और कुछ के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई, जबकि बाकी अभ्यर्थियों की ज्वाइनिंग पर रोक लगा दी गई थी। लंबे समय से नियुक्ति का इंतजार कर रहे 37 अभ्यर्थियों, जिनमें अमित कुमार समेत अन्य चयनित उम्मीदवार शामिल हैं, ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने दलील दी थी कि केवल जांच के नाम पर बिना चार्जशीट के उनकी नियुक्ति रोकना अनुचित है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला देते हुए राज्य सरकार को ज्वाइनिंग देने का निर्देश दिया था। हालांकि, सरकार ने इस आदेश को चुनौती देते हुए डबल बेंच में अपील □ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहार में अब शहाबुद्दीन जैसे बाहुबली कभी नहीं पैदा हो सकते : अमित शाह

मोतिहारी (आईएएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को मोतिहारी जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। अमित शाह ने अपने संबोधन में पूर्व

मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जंगलराज में अपहरण, खून, डकैती-फिरौती करने वाले कभी बिहार का भला नहीं कर सकते हैं। पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि बिहार में जंगलराज को रोकने का काम पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार की जोड़ी कर सकती है। राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि अभी दो माह पहले राहुल गांधी ने यात्रा निकाली। यह यात्रा किसानों, युवाओं के लिए नहीं थी, बल्कि घुसपैठियों को बचाने के लिए निकाली गई थी। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि वे घुसपैठियों को बचाना चाहते हैं।

वंदे मातरम् की गूंज नई पीढ़ी में जगाएगी राष्ट्रप्रेम और गर्व की भावना : साय

रायपुर/नवप्रदेश। 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पूरे देश के लिए गर्व और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय अवसर है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में इस ऐतिहासिक पर्व को वर्षभर चलने वाले महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी यह आयोजन जनभागीदारी के साथ चार चरणों में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक भव्य रूप में संपन्न किया जाएगा।

पहला चरण 7 नवम्बर से होगा प्रारंभ

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का शुभारंभ 7 नवम्बर 2025 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रातः 10 से 11 बजे तक दूरदर्शन पर प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के पश्चात पूरे देश में एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। गीत के बोल और धुन पोर्टल vandemataram150in पर उपलब्ध हैं।

चार चरणों में होगा आयोजन

कार्यक्रम चार चरणों में आयोजित होगा- प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर 2025, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ), और चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 तक चलेगा। इस दौरान राज्य के सभी जिलों, जनपदों, □ शेष पृष्ठ 6 पर

बांग्लादेश के चटगांव में फिर मचा बवाल

ढाका (आईएएनएस)। बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के शासन में अराजकता की स्थिति बनी हुई है। चटगांव जिले के रावजान उपजिला में स्थानीय प्रभुत्व को लेकर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के दो गुटों में हिंसक बवाल देखने को मिला। देखते ही देखते बवाल इतना बढ़ा कि पार्टी के प्रतिद्वंद्वी गुट द्वारा कथित तौर पर बंदूक से किए गए हमले में बीएनपी के कम से कम पांच कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना बुधवार रात रावजान के बागवान यूनियन के चौधरीपारा इलाके में हुई। घायलों की पहचान □ शेष पृष्ठ 6 पर

आरजेडी के 15 साल के जंगलराज में हुआ शून्य विकास: पीएम मोदी

अररिया (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल पर एक बार फिर जंगलराज का हमला दोहराते हुए आरोप लगाया कि उनके शासनकाल में बिहार में विकास शून्य (निल बट्टे सन्नाटा) रहा। अररिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 1990 से 2005 तक के 15 वर्षों में 'जंगलराज की सरकार ने बिहार को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। सरकार चलाने के नाम पर सिर्फ लूटपाट की गई। आपको बस एक आंकड़ा याद रखना है, उन 15 वर्षों में बिहार में कितने एक्सप्रेसवे

बने? शून्य। शून्य यानी 'निल बटे सन्नाटा। कोसी नदी पर कितने पुल बने? शून्य। पर्यटन सर्किट कितने विकसित हुए शून्य। युवाओं और बेटियों के लिए कितने खेल परिसर बने? फिर से शून्य। मेडिकल कॉलेज, आईआईटी,आईआईएम कुछ नहीं बना।

प्रधानमंत्री मोदी 8 को करेंगे वाराणसी का दौरा

भारत की आधुनिक रेल अवसंरचना के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 नवंबर को सुबह लगभग 8:15 बजे वाराणसी का दौरा करेंगे और चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को झंडी दिखाएंगे। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और □ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

ब्यूरो ने फिर उगला जहर

नक्सल मोर्चे के पूर्वी रीजनल का पत्र आया सामने

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी संगठन के गद्दार: मिशिर बेसरा

जगदलपुर/नवप्रदेश । लगातार नक्सलियों के आत्मसमर्पण और पुनर्वास के दौर के बीच, अब नक्सल संगठन के पूर्वी रीजनल ब्यूरो का नया बयान सामने आया है। यह ब्यूरो झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय बताया जाता है। ब्यूरो की ओर से जारी बयान में लड़ाई जारी रखने का ऐलान किया गया है। बताया जा रहा है कि इस बयान के पीछे नक्सल नेता मिशिर बेसरा का नाम प्रमुखता से सामने आया है, जिसे इस रीजन का सबसे बड़ा नक्सली माना जाता है। बेसरा और उसके संगठन ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना में लगातार हो रहे नक्सल आत्मसमर्पण की निंदा की है। बयान में कहा गया है कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी संगठन के गद्दार हैं और राज्य सरकार की नीति में फंस गए हैं. सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, यह बयान नक्सलियों की घटती ताकत और संगठनात्मक हताशा का संकेत है. बस्तर से लेकर सीमाई राज्यों तक नक्सल मोर्चे पर सुरक्षा बलों की बढ़त ने अब संगठन की जमीनी पकड़ कमजोर कर दी है।

14 साल बाद बंदूक छोड़ मुख्यधारा में लौटी 17 लाख की इनामी नक्सली कमला सोरी

खैरागढ़। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में आज पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रही 17 लाख रुपए की इनामी हार्डकोर महिला नक्सली कमला सोरी उर्फ उंगी उर्फ तरूणा (30) ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025 के तहत यह आत्मसमर्पण नक्सल उन्मूलन अभियान के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। कमला सोरी वर्ष 2011 से प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़ी रही. वह माड़ डिवीजन, बस्तर एमएमसी (मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन की सक्रिय सदस्य थी और एमएमसी जोन प्रभारी रामदर की टीम की प्रमुख सदस्य के रूप में काम करती थी। इस

दौरान उसने कई हिंसक वारदातों में भूमिका निभाई और पुलिस बलों पर हमले की योजनाओं में भी शामिल रही।

कमला सोरी मूल रूप से ग्राम अरलमपल्ली, थाना दोरनापाल, जिला सुकमा की निवासी है। वह छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र (गोंदिया जिला) और मध्य प्रदेश की सीमावर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में सक्रिय रही. तीनों राज्यों की पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर कुल 17 लाख रुपए का इनाम □ शेष पृष्ठ 6 पर

जेन-जी को संविधान की रक्षा करनी है

चुनाव चोरी को रोकना हमारी जिम्मेदारी : राहुल गांधी

पूर्णिया (आईएएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को बिहार के पूर्णिया में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद शिक्षा पर विशेष तौर पर काम किया जाएगा। राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बिहार में लाखों लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए। जिनके वोट काटे गए, उनमें महागठबंधन के वोटर शामिल थे। वोटर लिस्ट में गलत नाम जोड़े गए हैं। जेन-जी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को पोलिंग बूथ पर सावधान रहना है। भाजपा के लोग 'चुनाव चोरी0 करने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन बिहार के युवाओं और जेन-जी

को संविधान की रक्षा करनी है। हमें चुनाव चोरी करने वालों को रोकना है और ये हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथ पर हमें वोट चोरी करने वालों को रोकना है, यही हमारी जिम्मेदारी है। भाजपा पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी के दम पर ही यह चुनाव जीत रहे हैं। मैंने हरियाणा चुनाव के बारे में बताया, यह बिहार में भी ऐसा ही कुछ कर सकते हैं, इसलिए युवाओं को इसे रोकना होगा। भाजपा हर

सुविचार

कमज़ोर तब रुकते हैं जब वे लड़ते लड़ते थक जाते हैं और विजेता तब रुकते हैं जब वे जीत जाते हैं। - अज्ञात

खोदा पहाड़ निकला चूहा वो भी मरा हुआ

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जिस हाईड्रोजन बम की बात कही थी उसे उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के एक दिन पहले आखिरकार फोड़ दिया। उन्होंने नई दिल्ली में एक प्रजेन्टेशन दिया और हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान 25 लाख रूपये चोरी किये जाने का सनसनीखेज आरोप लगाया। इसके पहले राहुल गांधी ने और दो बार इसी तरह का प्रेजेन्टेसन दिया था जिसने उन्होंने कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में वोट चोरी कराये जाने का आरोप लगाया था और चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाये थे। उनके आरोपों का चुनाव आयोग ने तत्काल जवाब दिया था और राहुल गांधी को चैलेंज दिया था कि वे अपने आरोप सिद्ध करके दिखायें या फिर इसके लिए माफी मांगे किन्तु राहुल गांधी ने दोनों में से कोई भी एक काम नहीं किया उल्टे उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने से पहले बिहार में जाकर 16 दिनों की वोटर अधिकार यात्रा निकाली जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की शामिल हुए और इन दोनों ने बिहार में घूम घूमकर केन्द्र सरकार पर चुनाव के जरिए वोट चोरी करने के आरोप लगाये। तथा वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा उछाला था उनका यह नारा और पूरा अभियान टांय टांय फिश हो गया। बिहार में वोट चोरी का मुद्दा खत्म हो गया। यहां तक की राहुल गांधी के साथ वोटर अधिकार यात्रा निकालने वाले तेजस्वी यादव ने भी वोट चोरी के मुद्दे से किनारा कर लिया क्योंकि बिहार में वोट चोरी का कोई एक मामला भी सामने नहीं आया। चुनाव आयोग ने बिहार में जो एसआईआर कराया था उसे लेकर न तो किसी मतदाता ने कोई शिकायत की कि उसका वोट काटा गया है और न ही एसआईआर में शामिल राजनीतिक पार्टियों के पीएलओं ने कहीं कोई शिकायत दर्ज कराई। अब यह मुद्दा खत्म हो चुका था लेकिन बिहार में पहले चरण के मतदान के ठीक पहले राहुल गांधी ने फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाकर बाशी कढ़ी में उबाल लाने की कोशिश की है। पिछले एक माह से राहुल गांधी जिस हाईड्रोजन बम की बात कर रहे थे वह भी चूटचूटी पटाका ही साबित हुआ। दूसरे शब्दों में कहे तो खोदा पहाड़ निकला चूहा वो भी मरा हुआ। राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान वोट चोरी का जो आरोप लगाया है उस पर चुनाव आयोग ने तत्काल कड़ी प्रतिक्रिया दी है और राहुल गांधी के आरोपों का पूरजोर ढ़ग से खंडन किया है। राहुल गांधी ने इस बार भी कोई नई बात नहीं कि है। कर्नाटक और महाराष्ट्र में वोट चोरी करने का आरोप लगाने हुए जो बाते कही

थी उसे ही फिर एक बार उन्होंने हरियाणा के संदर्भ में दोहराया है। उनके इस आरोप पर भाजपा ने भी भाजपा ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा है और कहा है कि चुनाव दर चुनाव कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए राहुल गांधी अपनी असफलता पर पर्दा डालने के लिए इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाते रहते हैं। पहले तो वे ईवीएम को दोषी ठहराते थे लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट ईवीएम की विश्वसनियता पर सहमति की मुहर लगा दी तो अब वे वोट चोरी का नया शिगुफा छोड़ रहे हैं। यदि उनके पास वास्तव में वोट चोरी के पुख्ता प्रमाण है तो वे न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाते। प्रेस कांफ्रेन्स करके वे चुनाव आयोग को बदनाम करने से उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। भाजपा के मुताबिक राहुल गांधी वोट चोरी का झूठा आरोप लगाकर देश में भ्रम फैला रहे हैं। उनका झूठ उनके अपने बयान से ही साफ उजागर हो गया है कि हरियाणा में यदि 25 लाख वोट चोरी हुए हैं तो वहां भाजपा सिर्फ 1 लाख वोटों के अंतर से ही क्यों जीती है। गौरतलब है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को लगभग 56 लाख वो मिले थे और कांग्रेस को 55 लाख वोट मिले थे यदि भाजपा ने 25 लाख वोट भी चोरी कराई होती तो उसकी जीत का अंतर 1 लाख से बहुत अधिक कई लाख का होता। कुल मिलाकर राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का शिगूफा छोड़कर बिहार में भी महागठबंधन का खेल खराब करने में कोई कसर नहीं छोडी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिस तरह हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी की गई है उसी तरह बिहार में भी बड़े पैमाने पर वोटो की चोरी हो रही है। इसका मतलब है कि कांग्रेस ने हार मान ली है।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ विचार ही विस्तार करते हैं। विचार ही दूसरों पर असर करते हैं। विचार ही औरा बनाते हैं।

❖ तुम शुद्ध-बुद्ध, चैतन्य आत्मा हो; परमात्मा के भरोसे हैं। कर्म कर, विश्वास कर, खोजकृ ढूंढकृकृ परमात्मा के कृपा से मंगल होगा।

❖ नैतिक मूल्यों को पहचानना एक अलग बात है और उन मूल्यों को जीना एक अलग बात है।

❖ कम से कम अपने नाम का अर्थ तो अपने जीवन में जान जाओ और उसके अनुरूप जीवन शैली !

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1786 संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे पुराना संगीत संगठन, स्टॉटन संगीत समाज, की स्थापना की गई थी। 1805 लुईस एंड क्लार्क अभियान प्रशांत महासागर में पहुंचे। 1814 हेग में नीदरलैंड्स के सभी राज्यों की पहली बैठक हुई। 1820 जेम्स मोनरो फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए 1831 ब्राजील में दास व्यापार मना (बैन) किया गया। 1876 रदरफोर्ड बी हायस अमेरिका के 19वें राष्ट्रपति चुने गए। 1893 कोलोराडो महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया। 1943 सोवियत 1 टैंक आर्मी ने कीव के पास फास्टिव शहर पर कब्जा कर लिया। 1944 स्पेन की एगुआडिला सुरंग में हुई एक रेल दुर्घटना में 500 लोगों की मौत हुई। 1982 तुर्की में संविधान अंगीकार किया गया। 2002 ईरान ने अमेरिकी उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाया। 2003 अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने गर्भपात पर रोक संबंधी विधेयक पर हस्ताक्षर किए। 2007 अंतरिक्ष यान डिस्कवरी का 15 दिन का मिशन कैनेडी स्पेस सेंटर में उतरने के साथ समाप्त हो जाता है। 2012 ग्वाटेमाला में भूकंप से 52 की मौत हुई।

अमित शाह
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

'वंदे मातरम' आज भी विकसित भारत 2047 के हमारे संकल्प में प्रेरणा दे रहा है। यह भारत के सभ्यतागत आत्मविश्वास का प्रतीक है। अब, इस भावना को आत्मनिर्भर और श्रेष्ठ भारत में परिवर्तित करना हमारी ज़िम्मेदारी है। 'वंदे मातरम' स्वतंत्रता का गीत है, अटूट संकल्प की भावना है, और भारत के जागरण का प्रथम मंत्र है। राष्ट्र की आत्मा से जन्मे शब्द कभी समाप्त नहीं होते – वे सदैव जीवित रहते हैं, पीढ़ियों तक गूंजते रहते हैं। यह जयघोष युगों और पीढ़ियों में अनंतकाल तक प्रतिध्वनित होता रहेगा। समय आ गया है कि हम अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपनी मान्यताओं और अपनी परंपराओं को भारतीयता की दृष्टि से देखें।

वंदे मातरम् – सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रथम उद्घोषणा

हमारे देश के इतिहास में ऐसे कई अहम पड़ाव आए, जब गीतों, कलाओं ने अलग-अलग रूपों में लोकभावनाओं को सहेजकर आंदोलन को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। चाहे छत्रपति शिवाजी महाराज जी की सेना के युद्धगीत हों, आज़ादी के आंदोलन में सेनानियों के गान या आपातकाल के विरुद्ध युवाओं के सामूहिक गीत, गीतों ने भारतीय समाज को स्वाभिमान की प्रेरणा भी दी और एकजुट भी बनाया।

ऐसा ही है भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्', जिसका इतिहास किसी युद्धभूमि से नहीं, बल्कि एक विद्वान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी के शांत लेकिन अडिग संकल्प से शुरू होता है। सन् 1875 में, जगद्धात्री पूजा (कार्तिक शुक्ल नवमी या अक्षय नवमी) के दिन, उन्होंने उस स्तोत्र की रचना की जो भारत की स्वतंत्रता का शाश्वत गीत बन गया। इन पवित्र शब्दों को लिखते हुए, वे भारत की गहनतम सभ्यतागत जड़ों से प्रेरणा ले रहे थे। अथर्ववेद के उद्घोष ÷ माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः÷ से लेकर देवी महात्म्य में विश्वमाता के आह्वान से प्रेरणा ले रहे थे।

बंकिम बाबू का यह मंत्र, प्रार्थना भी था और भविष्यवाणी भी। 'वन्दे मातरम्' केवल भारत का राष्ट्रीय गीत ही नहीं, सिर्फ स्वतंत्रता आन्दोलन का प्राण ही नहीं बल्कि यह बंकिमचन्द्र चटोपाध्याय जी द्वारा 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की प्रथम उद्घोषणा है। इसने हमें याद दिलाया कि भारत केवल ज़मीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है - जिसकी एकता उसकी संस्कृति और सभ्यता से आती है। यह केवल भू-भाग नहीं है, बल्कि तीर्थ है, स्मृति, त्याग, शौर्य और मातृत्व से बंधी पवित्र भूमि है।

जैसा कि महर्षि अरबिंद ने वर्णन किया, बंकिम आधुनिक भारत के एक ऋषि थे, जिन्होंने अपने शब्दों के माध्यम से राष्ट्र की आत्मा को पुनर्जीवित किया। उनका 'आनंदमठ' केवल एक उपन्यास नहीं, बल्कि गद्य में एक मंत्र था, जिसने एक ऐसे राष्ट्र को जागृत किया जो अपनी दिव्य शक्ति को भूल चुका था। अपने एक पत्र में, बंकिम बाबू ने लिखाः "मुझे कोई आपत्ति नहीं है यदि मेरे सभी कार्य

गंगा में बहा दिए जाएँ। यह श्लोक ही अनंत काल तक जीवित रहेगा। यह एक महान गान होगा और लोगों के हृदय को जीत लेगा।" ये शब्द भविष्यसूचक थे। औपनिवेशिक भारत के सबसे अंधकारमय काल में लिखा गया, 'वंदे मातरम्' जागृति का प्रभात-गीत बन गया, एक ऐसा भजन जिसने 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' को सभ्यतागत गौरव के साथ जोड़ दिया। ऐसी पंक्तियाँ केवल वही व्यक्ति लिख सकता था जिसके रोम-रोम में राष्ट्र के प्रति भक्तिभाव कूट-कूट कर भरा हो।

1896 में, रवींद्रनाथ टैगोर जी ने 'वंदे मातरम्' को धुन में पिरोया और कोलकाता कांग्रेस अधिवेशन में इसे गाया, जिससे इसे वाणी और अमरता प्राप्त हुई। यह गीत भाषा और क्षेत्र की सीमाओं से आगे बढ़कर पूरे देश में गूंज उठा। तमिलनाडु में सुब्रमण्यम भारती जी ने इसका तमिल अनुवाद किया, और पंजाब में क्रांतिकारियों ने इसे गाते हुए ब्रिटिश राज को खुली चुनौती दी।

1905 में, बंग-भंग आंदोलन के दौरान, बंगाल में विद्रोह भड़क उठा। अंग्रेजों ने 'वंदे मातरम्' के सार्वजनिक पाठ पर प्रतिबंध लगा दिया था, फिर भी, 14 अप्रैल, 1906 को बारीसाल में, हजारों लोगों ने इस आदेश की अवहेलना की। जब पुलिस ने शांतिपूर्ण सभा पर लाठीचार्ज किया, तो पुरुष और महिलाएँ सड़कों पर 'वंदे मातरम्' का नारा लगाते हुए लहूलुहान हो गए।

वहाँ से, 'वंदे मातरम्' का मंत्र, ग़दर पार्टी के क्रांतिकारियों के साथ कैलिफ़ोर्निया पहुँच गया, आज़ाद हिंद फ़ौज में गूँजा, जब नेताजी के सैनिक सिंगापुर से मार्च कर रहे थे और 1946 के रॉयल इंडियन नेवी की क्रांति में भी गूँजा, जब भारतीय नाविकों ने ब्रिटिश युद्धपोतों पर तिरंगा फहराया।

खुदीराम बोस से लेकर अशफ़ाक़उल्ला ख़ान तक, चंद्रशेखर आजाद से लेकर तिरुपुर कुमारन तक, नारा एक ही था। यह अब सिर्फ़ एक गीत नहीं रहा; यह भारत की सामूहिक आत्मा की आवाज़ बन गया था। महात्मा गांधी ने स्वयं स्वीकार किया था, 'वंदे मातरम्' में ÷सबसे सुस्त रक्त को भी जगाने की जादुई शक्ति÷ थी। इसने उदारवादियों और क्रांतिकारियों तथा विद्वानों और नाविकों को तक एकजुट किया। महर्षि अरबिंद जी ने इसीलिए कहा था कि, यह ÷भारत के पुनर्जन्म का मंत्र÷ है।

26 अक्टूबर को 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'वंदे मातरम्' गीत के इस इतिहास की देशवासियों को फिर से याद दिलाई और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर से भारत सरकार की ओर से अगले एक वर्ष तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया। इन आयोजनों के माध्यम से देश भर में 'वंदे मातरम्' का पूर्ण गान होगा, जिससे देश की युवा पीढ़ी 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के विचार को आत्मसात कर पाए।

आज जब हम भारत पर्व मना रहे हैं और सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहे हैं, तो यह भी याद करते हैं कि कैसे सरदार साहब ने 'एक भारत' का निर्माण कर 'वंदे मातरम्' की भावना को ही मूर्त रूप दिया था। यह गीत केवल अतीत का स्मरण मात्र नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक आह्वान भी है।

शिवप्रकाश
राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री

संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार द्वारा नागपुर के नील सिटी विद्यालय निरीक्षण के समय अंग्रेज इंस्पेक्टर का वन्देमातरम् के साथ स्वागत किया गया। इसे सभी के कारण वंदेमातरम् ने स्वतंत्रता के दीवानों के लिए मंत्र का रूप ले लिया। स्वतंत्रता के साथ-साथ वन्देमातरम् स्वदेशी का भी मंत्र बना। बंग-भंग की घोषणा के दिन दुख-दिवस के आयोजन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने राखी बांधकर स्वदेशी का संकल्प कराया। उस दिन विदेशी वस्तुओं का तिरस्कार एवं स्वदेशी का संकल्प लिया। विदेशी वस्तुओं की होली जलाते समय ? वंदेमातरम् राष्ट्राय स्वाहा के मंत्र का उच्चारण हुआ। एक ही दिन में स्वदेशी प्रचार के लिए 70,000 रूपए का दान आया। स्वदेशी का संकल्प लेते समय महिलाओं ने संकल्प किया कि विवाह के समय वह करघे पर बनी हुई बंगाली साड़ी एवं हाथ में कांच की नहीं, शंख की स्वदेशी चूड़ियां ही पहनेंगी।

स्वतंत्रता का मंत्र बना–वंदेमातरम

भारत सरकार ने मंत्रिमंडलीय बैठक में एवं गृह मंत्रालय द्वारा पत्र निकालकर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की 7 नवंबर 2025 से 1 वर्ष के लिए 150 वीं जयंती मनाने का निर्णय किया है। इसी संकल्प को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी अक्टूबर मास की अपनी मन की बात में पुनः दोहराया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित समाज में चलने वाली अन्य संस्थाएं भी वंदेमातरम् की 150 वीं जयंती मना रही है। देश भक्ति के साथ सांस्कृतिक महत्व को समाज तक ले जाने का यह प्रयास सराहनीय है।

23 जून 1757 को बंगाल में स्थित प्लासी के मैदान में हुए नवाब सिराजुद्दौला एवं लार्ड क्लाइव के मध्य हुए युद्ध में भारत को ब्रिटिशों द्वारा पराजय मिलने के कारण भारत का स्वतंत्रता सूर्य अस्त हो गया। इस पराजय के पश्चात् भारत का शेष क्षेत्र भी ब्रिटिशों के अधीन आ गया और हम गुलाम हो गए। हमारी अवस्था का वर्णन करते हुए रूस के प्रसिद्ध दार्शनिक टॉलस्टॉय ने कहा कि "एक व्यापारी कंपनी ने 20 करोड़ जनसंख्या वाले राष्ट्र को गुलाम बना दिया, केवल 30 हजार लोगो को अपने अंदर लाकर ।"

गुलामी के कालखंड में अपने देश की दुर्दशा देखकर समाज के मन में भारत माँ को गुलामी से मुक्ति की आकांक्षा भी हिलोरे मारने लगी थी । समाज के अलग-अलग वर्गों में स्वतंत्रता का शंखनाद भी प्रारंभ हो गया था। माँ काली के अनुयायी एवं गुरु गोरखनाथ की परम्परा से जुड़े संतों ने गाँव-गाँव ÷ अलख निरंजन÷ का उद्घोष कर स्वतंत्रता देवी को जागृत किया। संथाल जनजाति में जन्में दोनों भाई सिद्धू-कानू ने 1885 में 10 हज़ार संथालियों के साथ "अपनी भूमि अपनायेंगे, अपनी सरकार बनायेंगे ।" का उद्घोष किया। अंग्रेज़ों के विरुद्ध 1857 का संगठित सशस्त्र आंदोलन का भी सूत्रपात हुआ। समाज में प्रज्ज्वलित देश भक्ति के वातावरण में 27 जून 1838 को एक महापुरुष का जन्म हुआ जिनको नाम मिला बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय । कुशाग्र बुद्धि, देवनागरी, बंगला, अंग्रेजी के विद्वान थे बंकिम बाबू।

जैस्सोर (अब बांग्लादेश) में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त हुए। अंग्रेजों के अत्याचार एवं यातनाओं को देखकर साहित्य के माध्यम से समाज जागृति लाने का संकल्प करते हुए उन्होंने अनेक लेखों, निबंधों एवं उपन्यासों की रचना की। जिसमें श्री कृष्णचरित्र, दुर्गेश नंदिनी, राज सिंह, चंद्रशेखर जैसी कृतियां प्रसिद्ध है। उन्होंने अपने समस्त लेखन से अंग्रेजी शासन की दुर्नितियों को ही समाज के सम्मुख लाने का कार्य किया । इन्हीं उपन्यासों में से एक विश्व प्रसिद्ध सन्यासी विद्रोह को आधार देकर एक कृति प्रसिद्ध हुइ "आनंदमठ" 7 जिसमें राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की उपस्थिति हुई। आनंदमठ में वर्णित वंदेमातरम् जिसका गायन भारत माता की स्तुति के स्वरूप में सन्यासी करते हैं वह लाल गोला केंद्रित मुर्शिदाबाद एवं नदियां (बंगाल) जिले में स्थित है। 7 न

वंबर 1875 को वंदेमातरम् गीत की रचना हुई। यह शुभ दिन भारतीय काल गणना में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी थी 7 यह शुभ दिवस अक्षय नवमी होने के कारण जगद्धात्री की पूजा का दिवस है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1896 के कलकत्ता अधिवेशन में गुरुवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा वन्देमातरम् का गायन हुआ। जिसकी प्रस्तुति राग मल्हार में हुई। 1896 के बाद कांग्रेस के अधिवेशनों में वंदेमातरम् गायन एक परंपरा बन गई।

बंगाल से उठने वाले स्वतंत्रता आंदोलन को विभाजित करने के लिए अंग्रेजों ने बंग-भंग की योजना का क्रियान्वयन किया। जिसकी घोषणा 16 अक्टूबर 1905 को उन्होंने की। बंगाल का प्रभाव कम करना, बंगाली क्रांतिकारियों का प्रभाव कम करना है एवं हिंदु- मुस्लिमों का विभाजन बंग-भंग का उद्देश्य था। विभाजन से पूर्व ही दूरदर्शी नेतृत्व ने 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता टाउन हॉल में सभा का आयोजन किया। प्रत्येक आने वाला व्यक्ति एक ही उद्घोष कर रहा था वंदेमातरम्। 16 अक्टूबर को आयोजित दुख - दिवस के अवसर पर आनंद मोहन बसु एवं सुरेंद्र नाथ बनर्जी के नेतृत्व में सेंट्रल मैदान कलकत्ता में 50,000 लोग वंदे मातरम् का उद्घोष करते हुए 3.5 किलोमीटर नग्न पाद चलकर आए । मन्मथ नाथ मिस्र के नेतृत्व में÷ वंदेमातरम् संप्रदाय" की रचना हो गई। अंग्रेजों की सजा के विरोध में एक युवक ने 500 बार वंदेमातरम् लिखा। क्रांतिकारी कोड़े खाते थे और वंदे मातरम बोलते थे। जिस कारण अंग्रेजों ने वंदेमातरम् उद्घोष पर ही प्रतिबंध लगा दिया। अब वंदेमातरम् संपूर्ण देश ही नहीं, स्वतंत्रता का संकल्प लेकर कार्य करने वाले विदेशस्थ क्रांतिकारियों का भी मंत्र बन गया । हजारों लोग 14 अप्रैल 1906 असम के बिहु उत्सव में छाती पर वंदेमातरम् का बैच लगाकर आए। 22 दिसंबर 1908 को दशम गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस पर लंदन स्थित इंडिया हाउस में वंदेमातरम् का गायन हो गया । 22 अगस्त 1907 को स्टाटगार्ट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन में मैडम कामा द्वारा वंदेमातरम् ?का गायन हुआ ।कनाडा-अमेरिका में स्थित क्रांतिकारी परस्पर मिलने पर अन्य संबोधन छोड़कर वंदेमातरम् ही बोलने लगे। भगिनी निवेदिता द्वारा निर्मित ध्वज पर वंदेमातरम् अंकित हो गया। महर्षि अरविन्द ने वंदेमातरम् समाचार पत्र प्रकाशित करने पर अंग्रेजों द्वारा सजा पायी। महाकवि सुब्रमण्यम द्वारा तमिल में वंदे मातरम् का अनुवाद एवं महात्मा गाँधी जी द्वारा गुजराती में तथा अन्य भाषा तेलुगु, कन्नड़, मलयालम एवं उर्दू में भी अनुवाद हुआ।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कितने आसानी

कितने आसानी से बिजली बिल और कानून व्यवस्था वाले मुद्दा गायब हो गया.... मैं आज भी कह रहा हूँ कांग्रेस को प्रतिस्थापित करने छेत्रीय पार्टी का उदय किया जा रहा है... इस बार एक पूर्व बड़े हमारे कका अपनी पार्टी में अपनी वजूद बनाने ये सब कर रहे है..देश भर में छतीसगढ़, राजस्थान बस बचे है जिनमे कांग्रेस का वजूद है... राजस्थान ऐसा है जहाँ 5 वर्ष में सरकार बदल जाति है..।

– अंबरदानी

सफलता प्राप्त

सफलता प्राप्त करना एक नए जीवन को प्राप्त करना हैं। अतएव एक नए जीव से जन्म की पसव पीड़ा को तो भोगना ही पड़ेगा। सफ्लता बहुत बलिदान माँगती है। निश्चय दृढ़ है,तो सफ्लता भी निश्चित है। मेरे दोस्त संकल्प ठानों,आत्म विश्वास जगाओं, दृढ़ निश्चय करों,और आगे बढो। सफ्लता तुम्हारे पास अवश्य आएगी। एक बार निर्णय कर लेने पर विश्व की कोई सत्ता दृढ़ निश्चयी व्यक्ति को नही रोक सकती है। – **हेमा पांडेय**

बिहार विधान सभा चुनाव मे प्रशांत किशोर

बिहार विधान सभा चुनाव मे प्रशांत किशोर उर्फपी के ने बडा रिस्क लिया है यदि 0-3 सीट आयी तो उसकी कलई खुल जायेगी फिर कोई पार्टी उसको ठेका नही देंगे। हलांकि वह नेताओ से इतना पैसा कमा लिया है कि उसकी आने वाली दो पीढी लुटाये तब भी खर्च नही होगा। राज्यसभा तो दूर पी के को कोई दल पार्षद तक नही नॉमिनेट करेंगे। – **एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

कहा सागर ने जो नदिया से वही तुम भी

कहा सागर ने जो नदिया से वही तुम भी कहो हमसे। कहो हमसे वही तुम भी कहा जो फूलों ने शबनम से। ये कैसा साज है छेडा मुहब्बत गाने लगी देखो। हमारे प्यार के किस्से ज़माना भी कहे हमसे ॥ – **सविता वर्मा**

मैं कहती मैं तुम्हारे साथ चली वो

मैं कहती मैं तुम्हारे साथ चली वो कहता नदी मेरे साथ चली इसी बात पर तो दोनों लड़ बैठे मुंह घुमाकर एक-दूजे से अड़ बैठे घड़ियां ,दिन, महीने, साल हुए ठहर गया वक्त, न बेहाल हुए बदल गई दिशाएं दोनों छोर की सफ़र शुरू करे भी किस ओर की होंठों पर सवाल लिए चुप लब हैं दिल को मालूम कि क्या सबब है। – **सपना चन्द्रा**

हाथी दादा की बनी,प्यारी सी

हाथी दादा की बनी,प्यारी सी पहचान। भारी-भरकम देह है ,लंबे-लंबे कान।। लंबे-लंबे कान, सूँड़ से पीते पानी। खाते पत्ते,घास, नहीं ताकत का सानी। करते काम तमाम,बने मानव के साथी। मस्ती वाली चाल ,हमेशा चलते हाथी।। – **डॉ बिपिन पाण्डेय**

अकेला आदमी ज़िन्दगी से तो लड़ सकता

अकेला आदमी ज़िन्दगी से तो लड़ सकता है ,समाज से नहीं समाज में रहने के लिए बेहतर बनना पड़ता है। कभी कभी अपने और समाज से भी लड़ना पड़ता है जब अधिकार की बात हो तो, मंज़िल ऐसे ही नहीं मिलते संघर्ष करनी पड़ती है। – **लक्ष्मी नारायण लहरे '**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपनी संतान की संगति पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

वृषः आज का दिन आपके लिए कोई ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें।

मिथुनः आज का दिन आपके आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको कोई आंखों से संबंधित समस्या हो सकती है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

सिंहः आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप धार्मिक कामों पर पूरा ध्यान देंगे।

कन्याः आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। तरक्की की राह में आगे बढ़ेंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए किसी नयी नौकरी के लिए बेहतर रहेगा। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गयी थी, तो उसकी आपको मिलने की पूरी संभावना है।

धनुः आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामले में कुछ कमजोर रहेगा, क्योंकि आपका धन कहीं फंस सकता है।

मकरः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको कुछ नए कामों से एक पहचान मिलेगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए किसी नए मकान, दुकान आदि की खरीदारी के लिए अच्छा रहने वाला है।

मीनः आज का दिन आपके लिए हौसला लेकर आने वाला है और आपका रोजगार भी बढ़िया चलेगा।

सूर्योदय : 06:45, सूर्यास्त : 18:09, चन्द्रोदय : 18:45, चन्द्रास्त : 07:56, अयन - दक्षिणायन, ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), युगाब्द (कलि संवत) : 5127, मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : रोहिणी, योग : व्यतीपात (07:05 से वरीयान, 26:41+ से परिघ), प्रथम करण : कौलव (14:54 तक), द्वितीय करण : तैतिल (24:58+ तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : वृषभ, मंगल : वृश्चिक (उदित- पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) रीसेट प्रोग्राम किस मंत्रालय की पहल है?

2) सॉरानामक AI वीडियो जनरेशन मॉडल किस संगठन ने लॉन्च किया है?

3) 2018-19 में बांस की खेती के लिए शुरू की गई केंद्रीय प्रायोजित योजना का नाम क्या है?

4) हाल ही में अपने 60वें अंडे देने वाले दुनिया के सबसे पुराने ज्ञात जंगली पक्षी का नाम क्या है?

5) डिमुथ करुणारत्ने, जिन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, किस देश से संबंधित हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) युवा मामलों और खेल मंत्रालय (2) ओपनएआई (3) राष्ट्रीय बांस मिशन (4) विज़डम अल्बाट्रॉस (5) श्रीलंका

शब्द सागर

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव रजत महोत्सव का समापन

■ विकसित भारत के लिए विकसित छत्तीसगढ़ संकल्पित : उपराष्ट्रपति

किसान, मजदूर और महिलाएं छत्तीसगढ़ की असली ताकत हैं :डेका

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्योत्सव रजत महोत्सव का नवा रायपुर में भव्य और गरिमामय समापन हुआ। समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री रमेन डेका, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिकगण शामिल हुए।नवा रायपुर का यह ऐतिहासिक समारोह छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक बना। उपराष्ट्रपति श्री राधाकृष्णन ने अपने उद्बोधन की शुरुआत जय जोहार, जय के उद्घोष से की और छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया का नारा लगाकर सभागार में उत्साह भर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस रजत जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया और समापन मेरे कर-कमलों से हो रहा है, जो इस राज्य की निरंतर प्रगति और गौरव का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 1 नवंबर 2000 को भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की दूरदर्शी सोच से छत्तीसगढ़ का गठन हुआ, जिसने आज प्रशासनिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से उल्लेखनीय

उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं लोकसभा में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पक्ष में मतदान किया था, इसलिए उनका इस राज्य से आत्मीय जुड़ाव है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने पारंपरिकता के साथ आधुनिकता को अपनाते हुए कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीकी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की राजधानी को ÷देश की पहली ग्रीन सिटी÷ बताते हुए कहा कि नवा रायपुर में आईटी हब, फार्मा हब, एआई डाटा सेंटर पार्क और मेडिसिटी का विकास राज्य की दूरदृष्टि का परिचायक है। साथ ही, सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में राज्य ने महत्वपूर्ण पहल की है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि

रामलला के ननिहाल छत्तीसगढ़ में उपराष्ट्रपति जी का स्वागत केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की आत्मा की ओर से अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक संदेश से और समापन उपराष्ट्रपति के आशीर्वचन से होना, छत्तीसगढ़ के गौरव की पराकाष्ठा है।

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि

रजत जयंती केवल उत्सव नहीं, बल्कि 25 वर्षों की यात्रा का मूल्यांकन और नए संकल्पों का अवसर है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने राज्य निर्माण के सूत्रधार स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी और योगदान देने वाले सभी पुरोधाओं को नमन किया।

संक्षिप्त खबरें

वक्ता मंच ने वृद्धाश्रम में एक माह का राशन प्रदान किया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा जारी समाज सापेक्ष आयोजनों के क्रम में आज सुंदर नगर स्थित प्रशामक अतिथि गृह (वृद्धाश्रम) हेतु एक माह का राशन प्रदान किया गया द्य रायपुर निवासी श्री निनाद शुक्ला के अवतरण दिवस के अवसर पर उनके पिता श्री संगीत शुक्ला एवं माता डॉ (श्रीमती) सिंधु शुक्ला के सौजन्य से यह राशन उपलब्ध कराया गया था द्य इस अवसर पर आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम को उपस्थित प्रबुद्धजनों ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज में बढ़ते वृद्धाश्रम एक दुखद भविष्य का सूचक है द्य वृद्धाश्रमों का सुव्यवस्थित संचालन पूरे समाज की जिम्मेदारी है और वक्ता मंच जैसी संस्थाएं ऐसी गतिविधियों के क्रियान्वयन से हम सबके अंतर्मन को सच्ची खुशियों का उपहार देती है द्य वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते द्वारा जानकारी दी गई है कि इस सेवाभावी कार्यक्रम में संयोजक शुभम साहू, ज्योति शुक्ला, संगीत शुक्ला, डॉ (श्रीमती)सिंधु शुक्ला, दुष्यंत साहू, चेतन भारती,सिंधु झा, डॉ उदयभान सिंह चौहान, मुकेश टिकरिहा , ममता शर्मा, विनोद कश्यप, श्रद्धा कश्यप सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने स्वयं के एवं अपने परिजनों के जन्मदिन, वर्षगांठ एवं अन्य प्रमुखों अवसरों को समाज के जरूरतमंद तबकों के मध्य पहुंचकर उत्सवित करने का संकल्प लिया ।

मटिया नाला में स्टापडेम निर्माण के लिए 3.36 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग द्वारा बलौदाबाजार-भाटापरा जिल के विकासखण्ड-कसडोल की मटिया नाला में स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 36 लाख 60 हजार रूपए स्वीकृत कए गए है। योजना से निस्तारी, भूजल संवर्धन, पेयजल, आवागमन एवं कृषकों द्वारा स्वयं के साधन से 50 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजना के कार्य पूर्ण कराने मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई

महाराष्ट्र मंडल में यादगार रहा छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। कला संस्कृति समिति की ओर से राजगीत 'अरपा पैरी के धार....' की सुमधुर पेशकश से शुरू हुआ महाराष्ट्र मंडल का राज्योत्सव अपने अनेकानेक बेहतरीन प्रस्तुतियों के कारण यादगार बन गया। यादगार इसलिए भी कि ज्यादातर महाराष्ट्रियन दर्शकों ने न केवल हर एक प्रस्तुति का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ लुत्फ उठाया बल्कि विभिन्न प्रस्तुतियों को मंचित करने में भी अपनी अहम भूमिका निभाई। वहीं चेंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मुख्य अतिथ्य से कार्यक्रम और भी गरिमामय हो गया। संत ज्ञानेश्वर विद्यालय (एसडीवी) की शिक्षिकाओं रचना तिवारी और सरिता दुबे ने छत्तीसगढ़ी में दिलचस्प मंच संचालन से कार्यक्रम को रोचक बना दिया। उत्सव में प्रारंभ से छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों के सफर को छत्तीसगढ़ में आचार्य रंजन मोड़क ने बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया और हास्य और रोचक अंदाज में महाराष्ट्र मंडल का भी परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों की छत्तीसगढ़ी नाच से हुआ। वहीं अवंती विहार महिला केंद्र की महिलाओं ने बहुत ही सुंदर ढोल बजाकर सभी का मन मोह लिया।

उपाध्यक्ष गीता दलाल के संयोजकत्व में हो रहे इस आयोजन में अगली प्रस्तुति कमल विहार- न्यू राजेंद्र नगर के महिलाओं की छत्तीसढ़ में बारह मासी तीज-त्योहारों को दर्शाती रही। इसमें महिलाओं के राउत नाचा में दर्शक भी झूम उठे। सद्गुरु कबीर ने अपने सिद्धहस्त बांसुरी वादन से सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गीत 'सुन- सुन मोर मया पीरा के, मोर संगवारी रे' की सुंदर पेशकश की। अर्पिता बेडेकर निर्देशित नाटक 'विद्या के अंजोर' ने जीवन में शिक्षा के महत्व को पूरी संजीदगी प्रतिष्ठित किया।

धान पर 11 हज़ार करोड़ से अधिक की हानि मामले में जांच हो : डॉ. चरणदास महंत

राज्यपाल को नेता प्रतिपक्ष महंत ने जांच के लिये लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को पत्र लिखते हुए कहा है कि, समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की योजना के संचालन में व्याप्त कुप्रबंधनों तथा भ्रष्टाचार के कारण राज्य को होने वाली रू. 11,000 करोड़ से अधिक की हानि के मामले में जांच होनी चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की योजना राज्य सरकार की सबसे बड़ी योजना है, इसके अंतर्गत 25 लाख से अधिक किसानों का धान प्रतिवर्ष खरीदा जाता है। दिसम्बर 2023 से राज्य में माननीय श्री विष्णुदेव साय की सरकार है। इस सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 145 लाख मीट्रिक टन तथा 2024-25 में 149 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा है। परंतु धान की खरीदी से निराकरण

करने तक में व्याप्त कुप्रबंधनों और भ्रष्टाचार के कारण राज्य को 11,000 करोड़ रूपयों से अधिक की हानि होने जा रही है। इस हानि की प्रतिपूर्ति राज्य के बजट से की जाती है। इसलिए राज्य के व्यापक हित में यह आवश्यक है कि कुप्रबंधनों तथा भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए, दोषियों को दंडित किया जाए तथा व्यवस्था में सुधार किया जाए।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर खरीदी में अनियमितता खरीदे गये धान का समय पर निराकरण करने में असफल रहने, समुचित रख-रखाव नहीं करने तथा भ्रष्टाचारों के कारण धान खरीदी केन्द्रों पर 3,94,480 क्विंटल धान लागत मूल्य रू. 158 करोड़ की तथा धान संग्रहण केन्द्रों पर 2,24,234 क्विंटल धान लागत मूल्य रू. 90 करोड़ की क्षति हो चुकी है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी केन्द्रों पर 6,85,291 क्विंटल लागत मूल्य रू. 274 करोड़ की क्षति हो चुकी है। धान संग्रहण केन्द्रों पर दिनांक 04.11.2025 की स्थिति में 24,09,979 क्विंटल धान लागत मूल्य रू. 964 करोड़ का शेष है, जो खराब हो चुका है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में केंद्रीय पूल में सम्पूर्ण अतिशेष चावल नहीं लिये जाने के कारण 2,20,00,000 क्विंटल धान का विक्रय लागत से अधिक मूल्य पर करना पड़ा है जिसमें कम से कम रू. 4400 करोड़ की हानि होगी।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, समर्थन मूल्य पर खरीदे गये धान पर कई मदों में भारत सरकार से कम दर पर राशि प्राप्त होने के कारण तथा केंद्रीय पूल में भारतीय खाद्य निगम द्वारा अत्यधिक धीमी गति से चावल उपार्जन करने के कारण अनिराकृत धान पर ब्याज तथा रख-रखाव आदि का अतिरिक्त आर्थिक भार राज्य पर आता है। इन कारणों से भी प्रति क्विंटल लगभग रू. 200.00 की हानि होती है।

इस प्रकार विगत दो वर्षों की हानि की राशि रू. 5,400 करोड़ होगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, इस प्रकार होने वाली कुल हानि रू. 11,286 करोड़ में से अधिकांश हानि कुप्रबंधनों तथा भ्रष्टाचार के कारण हो रही है। व्यापक जांच करवाने का आदेश करे तथा आने वाले वर्षों में कुप्रबंधनों तथा भ्रष्टाचारों की पुनरावृत्तियों को रोके जाने के उपाय करने हेतु राज्य सरकार को निर्देशित करें।

लगातार तीसरे माह भी बिजली बिल से जनता परेशान : कांग्रेस

■ सरकार प्रायोजित लूट है बढ़े हुए बिजली बिल

रायपुर/नवप्रदेश। लगातार तीसरे माह भी बढ़े हुए आए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि औसतन हर उपभोक्ता का बिजली बिल दो से तीन गुना ज्यादा आया है। बिजली बिल ज्यादा आने का तीन कारण है :- पहला सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिया है। दूसरा बिजली बिल हाफ योजना बंद हो गई। तीसरा स्मार्ट मीटर लगाए गए है जो अनाप-शनाप खपत से अधिक रीडिंग बता रहा जिससे बिल अधिक आ रहा। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। जनता में बढ़े हुए बिजली बिल के कारण आक्रोश और निराशा है उसके बाद भी सरकार बिजली के दामें पर लूट जारी रखे हुए है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कोयले पर लगने वाला सेस कम हो गया है जिसके कारण बिजली कंपनियों को कोयला सस्ता मिल रहा, सरकार चाहे तो वीसीए में कटौती करके बिजली बिल में जनता को कुछ राहत दे सकती है, लेकिन भाजपा सरकार की नीयत जनता को राहत देने की नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार प्रायोजित लूट है बढ़े हुए बिजली बिल भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण छत्तीसगढ़ की जनता का महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। कांग्रेस की सरकार के समय से वर्तमान भाजपा सरकार के राज में हर उपभोक्ता का औसतन बिजली बिल बढ़कर आ रहा है।

हरियाणा में भाजपा ने कांग्रेस से जीत चुराया

■ राहुल गांधी ने महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा की चुनाव गड़बड़ियों को उजागर किया

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस लेकर एक बार फिर देश के सबसे बड़े चुनावी घोटाले का पर्दाफाश किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राहुल गांधी ने साबित किया कि हरियाणा में 25 लाख फर्जी वोटर जोड़े गये, यह काम भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से हुआ था। राहुल गांधी ने साबित किया पूरे हरियाणा में 1,24,177 फर्जी तस्वीरों वाले वोटर है तथा ब्राजील की एक मॉडल की तस्वीर हरियाणा की 10 बूथों में 22 अलग-अलग नामों से है। एक फोटो के साथ 223 वोटर के नाम है। एक घर मे 501 वोटर दर्ज है। हजारों ऐसे मतदाता है जिनके नाम हरियाणा और उत्तरप्रदेश दोनों स्थानों पर है।

स्थापना दिवस मनाने वाली महाराष्ट्र मंडल अकेली संस्था : थौरानी

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल ऐसी संस्था है, जो पिछले 25 सालों से छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस उत्सव धूमधाम से मना रही है। मुझे नहीं लगता कि किसी समाज, संस्था, संगठन या प्रतिष्ठान में इस तरह के आयोजन होते हो। संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजित छत्तीसगढ़ स्थापना रजत जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने इस आशय के विचार व्यक्त किए। महाराष्ट्र मंडल में हर साल आयोजित होने वाले इस भव्य समारोह में पहली बार पहुंचे थौरानी का अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने सूत माला, शाल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह से स्वागत किया।

सभी जिला इकाइयों में कैट महिला विंग का गठन किया जायेगा

■ महिला उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान करेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छ.ग. इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, छ.ग. इकाई के अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरेन्द्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी जी अध्यक्षयता में कैट महिला विंग के पदाधिकारियों के साथ मिटिंग हुई। मिटिंग में कैट महिला विंग द्वारा आगामी आयोजित कार्यक्रम पर चर्चा की हुई।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी ने बताया कि कैट के सभी जिला इकाईयों में कैट महिला विंग का गठन किया जायेगा। कैट महिला विंग का गठन का उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान करना है, जहाँ वे अपने व्यवसाय को प्रोत्साहित और विस्तारित कर सकें।

छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव में जिंदल स्टील का भव्य स्टाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर स्थित मेला स्थल में आयोजित भव्य राज्योत्सव 2025 के दौरान जिंदल स्टीलने एक आकर्षक और जानकारीपूर्ण स्टॉल लगाया, जिसनेवहांआने वाले लोगो का ध्यानअपनी ओर खींचा।

जिंदल स्टील के इस स्टॉल में कंपनी के विभिन्न उत्पादों, आधुनिक तकनीक, मशीनरी डिवीजन के उन्नत उपकरणों एवं सीएसआर गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही, कंपनी द्वारा पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य के विकास में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को भी प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया।

स्टॉल में जिंदल स्टील के स्टील, स्ट्रक्चरल्स, रेल्स, प्लेट्स, मशीनरी पार्ट्स इत्यादि उत्पादों की जानकारी के साथ-साथ उनकी निर्माण प्रक्रिया और गुणवत्ता मानकों को भी दर्शाया गया। इसके अलावा, कंपनी के ष्टस्क्र कार्यक्रमों के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण विकास से जुड़ी गतिविधियों की झलक भी दिखी।

राज्योत्सव के दौरान बड़ी संख्या में आये लोगएवं उद्योग प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं सरकारी अधिकारियों ने स्टॉल का भ्रमण किया और जिंदल स्टील के नवाचार एवं उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने बताया कि स्टॉल न केवल जानकारीपूर्ण था, बल्कि छत्तीसगढ़ में जिंदल स्टील की 25 वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा और योगदान को गर्व के साथ प्रदर्शित भी करता है।

जिंदल स्टील के प्रतिनिधियों ने बताया कि कंपनी आगे भी छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान जारी रखेगी और ÷विकसित छत्तीसगढ़, मजबूत भारत÷ के विज़न को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।

नकली दवा कंपनियों के खिलाफ एफआईआर क्यों नहीं कराया जा रहा?

सरकार किसको बचाना चाह रही, सिर्फ प्रतिबंध भी खानापूर्ति

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में लगातार मिल रही नकली दवाएं चिंता का विषय है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा है कि सरकार नकली दवाएं सप्लाई करने वाली कंपनियों के खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है? दवाइयां अमानक है, उनके निर्माण में लापरवाही हुई है तो यह आपराधिक कृत्य है, ऐसी कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना चाहिए, लेकिन स्वास्थ्य विभाग केवल दवाओं पर प्रतिबंध लगाकर चुप बैठ जाता है। इसका मतलब है कि मिलीभगत करके गुणवत्ताविहीन दवाएं खरीदी गयी है।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा है कि प्रदेश में दवा के नाम पर ज़हर दिया जा रहा है, नकली अमानक, गुणवत्ताहीन, फंगस लगे दवा का वितरण मरीजों को किया जा रहा है, इतने गंभीर विषय पर यह सरकार गंभीर नहीं है, अब तक न किसी की जिम्मेदारी तय की गई, न ही कोई कार्यवाही हुई।

दिवाल फांदकर नाबालिग युवती से छेड़छाड़ हत्या की नियत रखने वाला आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/ नवप्रदेश। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खल्लारी में नाबालिग युवती से छेडछाड की नियत तथा हत्या करने की कोशिश करने वाले आरोपी रोहिदास उसेण्डी पिता स्व.जल्लूराम को गिरफ्तार किया गया है।कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 05सितंबर 2025 को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 04सितंबर 2025 को रात्रि करीबन 09.00 बजे प्रार्थी कि नाबालिक पुत्री सो रही थी जिसे आरोपी रोहिदास पिता स्व.जल्लूराम निवासी खल्लारी थाना कांकेर के द्वारा दिवाल कूदकर छेडछाड की नियत से हत्या करने की कोशिश करने पर प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध धारा 74,75(2),109,127(4) बीएनएस, 08,12 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी रोहिदास उसेण्डी पिता स्व. जल्लूराम निवासी खल्लारी थाना कांकेर को तत्काल थाना से पुलिस टीम रवाना कर आरोपी रोहिदास उसेण्डी को ग्राम खल्लारी में घेराबंदी कर 06.सितंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया। जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक गीतेश्वर कुलदीप एवं महिला प्र.आरक्षक, हितेश्वरी चेलक व आरक्षक देवदत्त कडियाम का अहम भूमिका रहा है।

8सितंबर पुरुष/महिला के लिए पैदल चाल प्रतियोगिता

कांकेर/ नवप्रदेश। अन्तराष्ट्रीय स्वास्थय और दक्षता संघ जिला कांकेर के तत्वाधान में 08सितंबर 2025 को प्रातः 7:00 बजे ग्राम कोरर (चिलहाटी चौक) में पुरुष / महिला के लिए पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं।विद्यालय/महावि?द्यालय / ग्राम पंचायत से अधिक से अधिक प्रतिभागियों को सम्मिलित होने संघ ने आह्वान किया है। प्रतियोगिता के नियम और शर्ते अंतर्गत प्रवेश निशुल्क है, पुरुष प्रतिभागी के लिए दूरी 5 किलोमीटर एवं महिला प्रतिभागी के लिए दूरी 3 किलोमीटर निर्धारित हैं। प्रतियोगिता के दौरान घटना दुर्घटना के लिये प्रतिभागी स्वयं जिम्मेदार होगे ।प्रथम 3 विजेतायो को प्रमाण पत्र और मोमेंटों से पुरुष्कृत किया जाएगा। 4 से 10 स्थान तक के विजेतायो को प्रमाण पत्र दिया जाएगा । प्रतियोगी खेल पोशाक में सम्मिलित होए । प्रतियोगिता में सम्मिलित / पंजीयन होने हेतु संघ के पधाधिकारी श्री अनिल यदु मो. न. 9425598857 श्री दुष्यंत सोनकर मो. न. 9424286285 से संपर्क कर सकते हैं।

भाजपा के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष सहित दो महामंत्री का प्रथम आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत

कांकेर/चारामा / नवप्रदेश। भारतीय जनतापार्टी, जिला कांकेर के नई टीम का जिले के प्रवेश द्वार चारामा में ढोल नगाड़ों आतिशबाजी तिलक पुष्पहार और हर्ष उत्साह के साथ स्वागत किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड छग शासन राज्यमंत्री दर्जा भरत मटियारा ने पुष्पहार से सभी उपस्थित पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष बृजेश चौहान दोनों जिला महामंत्री राजा पांडे जितेंद्र मरकाम,मंत्री अनीता बंजारे, आदि सदस्यों कार्यकर्ताओं का पुष्प गुच्छ तिलक से स्वागत किया।भाजपा चारामा मंडल के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू के नेतृत्व में मंडल भाजपा तथा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भारी संख्या में सम्मिलित रहे।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आगाज

- बस्तर सहित सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग जोन के 280 खिलाड़ी करेंगे प्रदर्शन
- खेल भावना से उत्कृष्ट प्रदर्शन करे खिलाड़ी - विधायक

कांकेर जिले को मिली मेजबानी

कांकेर/ नवप्रदेश।25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के चार दिवसीय आयोजन का शुभारम्भ आज नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में किया गया। उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 05 जोन बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर तथा दुर्ग जोन के 280 खिलाड़ी खो-खो (बालक-बालिका, अंडर-19), हैण्डबॉल (बालिका, अंडर-17) और क्रिकेट (बालिका अंडर-17) खेलों की प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक श्री आशाराम नेताम ने खेल प्रतियोगिता के विधिवत् शुभारम्भ की घोषणा की।

अपने उद्बोधन में विधायक श्री नेताम ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि कांकेर जिले को राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अवसर मिला है। सभी खिलाड़ी खेल को समरसता के साथ खेल भावना के साथ खेलें। उन्होंने आगे कहा कि खेलों के माध्यम से परस्पर जोड़ने का सतत् प्रयास प्रदेश सरकार कर रही है। केन्द्र व राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और लगातार कार्रवाई के चलते बस्तर नक्सलमुक्त की ओर सतत् अग्रसर है। विधायक ने सभी खिलाड़ियों से अपील करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को 25वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेल भावना से प्रदर्शन करने की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी पहले ही अपने बेहतरीन खेल प्रदर्शन यहां तक पहुंचे हैं। आज के दौर में खेल को भावी कैरियर के रूप में देखा जा रहा है। श्रेष्ठ खिलाड़ी अपने समाज, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को टीम स्पिरिट के साथ अपने जीवन का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने भी अपने संबोधन में खेल के माध्यम से अपने जिला व प्रदेश को गौरवान्वित कर अनुशासन के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की अपील उपस्थित खिलाड़ियों से की।इसके पहले, जिला शिक्षा अधिकारी ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में प्रतिवेदन का वाचन कर जानकारी दी। शुभारम्भ अवसर पर नरहरदेव विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही सभी जोन के खिलाड़ियों ने खेल मैदान में मार्चपास्ट किया।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुआ ई-ऑफिस प्रशिक्षण अब जिले की हर फाइल होगी ऑनलाइन

ई-ऑफिस से जिला प्रशासन में डिजिटल क्रांति

कलेक्टर की उपस्थिति में जिला अधिकारियों एवं लिपिकों को मिला प्रशिक्षण

एमसीबी/ नवप्रदेश। जिले में प्रशासनिक कार्यों को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित एक दिवसीय ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी विभागों के अधिकारी और लिपिक शामिल हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने प्रशिक्षण की प्रगति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि ÷ई-ऑफिस शासन की एक ऐसी अभिनव पहल है, जो पारंपरिक कागजी फाइल प्रणाली को डिजिटल स्वरूप में परिवर्तित कर रही है।÷ इस अवसर पर राजस्व, पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, नगरीय प्रशासन, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, वन सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं लिपिकों ने भाग लिया।

दो पालियों में दिया गया प्रशिक्षण - हर अधिकारी और लिपिक हुआ डिजिटल कार्यप्रणाली से परिचित-ई-ऑफिस प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने हेतु इसे दो पालियों में आयोजित किया गया। पहली पाली में जिला स्तरीय अधिकारी एवं वरिष्ठ लिपिकों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि दूसरी पाली में अन्य शाखाओं के अधिकारी और लिपिक शामिल हुए। प्रशिक्षण ई-गवर्नेंस शाखा के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को फाइल निर्माण, डायरी, नोटिंग, ड्राफ्टिंग, डिजिटल हस्ताक्षर और फाइल मूवमेंट की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया। लिपिकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उनका कार्य अधिक पारदर्शी, तीव्र और सटीक होगा।

अब हर फाइल होगी डिजिटल - विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और तेजी-ई-गवर्नेंस टीम के रवि निषाद तथा विनोद देवांगन ने बताया कि अब सभी विभागों की फाइलें ई-ऑफिस पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप में संचालित होंगी। उदाहरण स्वरूप, शिक्षा विभाग यदि शाला मरम्मत कार्य हेतु अनुदान स्वीकृति की फाइल बनाएगा, तो उसे पोर्टल पर MCB/EDU/2025/0008 के रूप में तैयार किया जाएगा। संबंधित दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किए जाएंगे, नोटिंग एवं अनुमोदन की प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी, और कलेक्टर द्वारा e-Sing फाइल की स्वीकृत दे सकेंगे।

नपा क्षेत्र में हो रहा अतिक्रमण, सुमित्रा के नेतृत्व में वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन

पूर्व पार्षद लता मरकाम पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग

दंतेवाड़ा। जिले में भाजपा सरकार आने के बाद अतिक्रमण का मामला लगातार बढ़ रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के हुडको कालोनी में नजूल जमीन पर पूर्व पार्षद द्वारा कब्जा किया जा रहा है, जिसे लेकर कांग्रेस नेत्री सुमित्रा सोरी के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा समर्थित पूर्व पार्षद लता मरकाम द्वारा नजूल जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। लता मरकाम द्वारा मुनाफा कमाने अपने परिजनों के नाम से अलग-अलग जगहों पर कब्जा कर उसे बिक्री कर या फिर घर बनाकर किराया में दिया जा रहा है। सुमित्रा सोरी ने कहा कि जानकारी मिली है कि चुड़ीटिकरा में भी नजूल जमीन घेर कर उसे लता मरकाम द्वारा कब्जा कर लिया गया है। श्रीमती सोरी ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्रों में भाजपा नेता अपने परिजनों को बुलाकर कब्जा करवा रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा सभी भाजपा नेताओं को अतिक्रमण करने की छूट भी दी गई है।

शिक्षकों को अपमानित करने वाले रीलबाज जेडी बस्तर राकेश पाण्डेय हटाये गये

- शिक्षकों ने जेडी कार्यालय के समक्ष आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर मनाई खुशी

कांकेर/ नवप्रदेश। बस्तर संभाग में सर्व शैक्षणिक संगठन द्वारा शिक्षक से दुर्व्यवहार करने तथा समय-समय पर अपने बेतुके आदेशों एवं तानाशाही रवैए से शिक्षकों को अपमानित करने वाले जेडी को हटाने की मांग पर सरकार तत्काल संज्ञान में लेते हुए सहानुभूतिपूर्वक विचार कर बस्तर जेडी राकेश पाण्डेय की राज्य सरकार ने बस्तर से छुट्टी कर दी है। राज्य सरकार ने एच.आर .सोम को नया संयुक्त संचालक बनाया है। उल्लेखनीय है कि जींस पहनकर आये एक शिक्षक को संयुक्त संचालक राकेश पाण्डेय

ने अभद्रता के साथ चैंबर से भगा दिया था। शिक्षकों को अपने बेतुके बयानों,तानाशाही एवं गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए लगातार अपमानित करना आम बात हो गई थी।जिसके बाद शिक्षकों का आक्रोश भड़क गया था।शिक्षकों ने इस संबंध में जबरदस्त प्रदर्शन किया था। बस्तर आयुक्त के दफ्तर के बाहर भी शिक्षकों का प्रदर्शन हुआ था। शिक्षकों ने चेतावनी दी थी कि अगर बस्तर जेडी को नहीं हटाया गया तो सात नवंबर को बस्तर संभाग के समस्त शालाओं में तालाबंदी कर आक्रोश रैली निकालकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के पिछड़ा वर्ग के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर आगमन पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंप कर शिक्षकों को लगातार अपमानित करने वाले बस्तर जेड राकेश पांडे को शीघ्र हटाने की मांग की थी।सरकार ने शीध्र निर्णय लेते हुए शिक्षकों के सम्मान एवं छात्रहित में बस्तर जेडी को हटाते हुए नये संयुक्त संचालक शिक्षा की नियुक्ति कर दी।सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव,प्रदेश महासचिव हेमेंद्र साहसी, प्रदेश संयोजक वाजिद खान,जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला,जिला सचिव संतोष जायसवाल, विकासखण्ड अध्यक्ष कोयलीबेड़ा भोला प्रसाद ठाकुर मीडिया प्रभारी कृष्णेंदु आइच ने बताया कि सरकार ने सर्व शैक्षिक संघ की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग राकेश पाण्डेय को हटाते हुए नये संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग बने श्री एच आर सोम को नियुक्त प्रदान की इसके लिए सर्व शैक्षणिक संघ की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव,उप मुख्यमंत्री अरुण साव,वन पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री केदार कश्यप,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री किरण देव का आभार जताया।

सेजस स्कूल मनेंद्रगढ़ में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत

बाल दिवस पर कहानी लेखन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

एमसीबी/नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ के अंतर्गत आज सेजस स्कूल मनेंद्रगढ़ में बाल दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी एवं सृजनात्मक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ÷हर बालिका राष्ट्र की पूंजी÷ तथा कहानी लेखन प्रतियोगिता का विषय ÷मेरे सपनों का भविष्य÷ रखा गया, जिसके माध्यम से बालिकाओं को अपने विचारों, आकांक्षाओं और सपनों को अभिव्यक्त करने का अवसर मिला। यह कार्यक्रम जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.के. खाती के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा द्वारा किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के मन की बातों को जानना, उनके आत्मविश्वास को सशक्त बनाना तथा उन्हें अपने सपनों को साकार करने की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी कहानियों के माध्यम से विचार प्रस्तुत किए, जिनमें उनके उज्ज्वल भविष्य और सशक्त भारत की झलक स्पष्ट दिखाई दी।इस अवसर पर सेजस स्कूल की प्राचार्या श्री रामासरिया शर्मा, शिक्षक इरफान खान, तथा विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मिशन शक्ति महिला एवं बाल विकास विभाग से जेंडर विशेषज्ञ सुश्री शैलजा गुप्ता, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ श्रीमती अनीता कुमारी शाह, तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक श्रीमती प्रियंका राजवाड़े की विशेष उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

प्रथम पेज का शेष

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जनजातीय...

स्थल की तैयारियों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने पीजी कॉलेज मैदान में बनने वाले डोम पंडाल, बैठक व्यवस्था, वीआईपी गेट, यातायात बेरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास द्वार, स्टॉल्स की साज-सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बिजली व्यवस्था एवं सांस्कृतिक मंच का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप और सौंदर्यपूर्ण ढंग से पूरी होनी चाहिए।

बोरा ने पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली संगोष्ठी कार्यक्रम की तैयारियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम सुव्यवस्थित, समयबद्ध रहे। निरीक्षण के दौरान सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा, कलेक्टर विलास भोसकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

चौथे मैच में भारत ने ...

3 विकेट लिए। अक्षर पटेल ने 2 जबकि वरुण चक्रवर्ती ने 1 विकेट लिए। शिवम दुबे ने भी 2 विकेट लिए। तेज गेंदबाजों अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को 1-1 विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा ने अच्छी शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़े। अभिषेक 21 गेंद पर 28 रन बनाकर पहले विकेट के रूप में आउट हुए। इसके बाद निरंतर अंतराल पर विकेट गिरते रहे। इसका परिणाम यह हुआ कि टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 167 रन ही बना सकी। शुभमन गिल 39 गेंद पर 46 रन बनाकर श्रेष्ठ स्कोरर रहे। शिवम दुबे ने 22, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 20 और अक्षर पटेल ने नाबाद 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। एडम जांपा मंहगे रहे। उन्होंने 3 विकेट लिए लेकिन 4 ओवर में 45 रन लुटाए। जेवियर बार्टलेट और मार्क्स स्टॉयनिस को 1-1 विकेट मिले। पांच टी20 मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 2-1 से आगे हो गई है। सीरीज का पहला मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था। सीरीज का पांचवां और आखिरी मैच शनिवार को खेला जाएगा।

प्रथम चरण : बिहार ...

वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने अपने परिवार के साथ दीघा विधानसभा क्षेत्र 181, समनपुरा स्थित सामुदायिक भवन, मेहंदी नगर में मतदान किया। इस दौरान उनके पुत्र सैय्यद शान अहमद ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद पहली बार मतदान किया। सैयद शमायल अहमद ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का यह पहला चरण लोकतंत्र का महापर्व है, जिसे जनता पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ मना रही है। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य का पालन करना एक जिम्मेदार नागरिक की पहचान है। उन्होंने राज्यवासियों से अपील की कि सभी लोग घरों से निकलकर मतदान करें और बिहार को मजबूत लोकतंत्र की दिशा में आगे बढ़ाएं।

खान सर ने पटना में किया मतदान

शिक्षक और यूट्यूबर खान सर ने प्रथम चरण के मतदान के तहत मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर शामिल होने की अपील की।

हाईकोर्ट की डबल बेंच ने ...

नियुक्ति से वंचित रखना न्यायोचित नहीं

डिवीजन बेंच ने अपने आदेश में कहा कि, जब तक किसी अभ्यर्थी के खिलाफ आपराधिक चार्जशीट दाखिल नहीं होती, उसे नियुक्ति से वंचित रखना न्यायोचित नहीं है। इस फैसले के बाद अब उन सभी 37 चयनित उम्मीदवारों के लिए राहत का रास्ता साफ हो गया है, जो लंबे समय से अपनी नियुक्ति का इंतजार कर रहे थे। इस निर्णय को न केवल अभ्यर्थियों के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है, बल्कि यह प्रशासनिक पारदर्शिता और न्यायिक निष्पक्षता का उदाहरण भी पेश करता है। अब राज्य सरकार को हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, उन सभी उम्मीदवारों को जल्द ज्वाइनिंग देने की प्रक्रिया शुरू करनी होगी, जिनके खिलाफ सीबीआई ने अब तक कोई चार्जशीट दाखिल नहीं की है।

जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो ...

की। अब डबल बेंच ने भी सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए सरकार की याचिका खारिज कर दी है।

वंदे मातरम् की गूंज नई ...

ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों एवं सामाजिक संगठनों में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।

'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ केवल एक स्मरणीय अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, आत्मगौरव और मातृभूमि के प्रति समर्पण का जीवंत संदेश है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी को भारत की सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हुए उनमें देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय चेतना की भावना को और गहराई देगा। वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है, जिसकी गूंज हर नागरिक के हृदय में नई ऊर्जा और गर्व का संचार करेगी। - मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

बांग्लादेश के चटगांव ...

बीएनपी की मजदूर शाखा, श्रमिक दल की उपजिला इकाई के महासचिव अब्दुल्ला सुमन और कार्यकर्ता इस्माइल, खोरशेद, रुबेल और सोहेल के रूप में हुई है। सभी पांचों पीड़ितों का चटगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल (सीएमसीएच) में इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी 8 को ...

एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। प्रमुख गंतव्यों के बीच यात्रा के समय को उल्लेखनीय रूप से कम करने के जरिए, ये ट्रेनें क्षेत्रीय गतिशीलता में वृद्धि करेंगी, पर्यटन को बढ़ाएंगी और देश भर में आर्थिक कार्यकलापों को बढ़ावा देंगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस इस रूट पर सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और वर्तमान में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों, जैसे वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी।

14 साल बाद बंदूक छोड़...

घोषित किया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, शासन की विकासोन्मुखी नीतियों, ग्रामीण अंचलों में तेजी से चल रहे निर्माण कार्यों, सड़क और संचार सुविधाओं के विस्तार तथा सिविक एक्शन कार्यक्रमों के चलते नक्सल प्रभावित इलाकों में अब विश्वास का माहौल बन रहा है। सुरक्षा बलों द्वारा निरंतर संवाद और जनसंपर्क से नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. इसी मुहिम से प्रभावित होकर कमला सोरी ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय । आत्मसमर्पण के बाद कमला सोड़ी को छत्तीसगढ़ शासन की नीति के तहत 50,000 की प्रोत्साहन राशि तत्काल प्रदान की गई. साथ ही पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह आत्मसमर्पण शासन की नीतियों और सुरक्षा बलों की निरंतर कोशिशों का नतीजा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कमला सोरी का यह कदम उन अन्य नक्सलियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा जो अभी भी जंगलों में सक्रिय हैं।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन : द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर के लिए 8 सौ तीर्थयात्री रवाना

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत दुर्ग संभाग के 800 तीर्थयात्री दुर्ग रेलवे स्टेशन से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर के लिए दोपहर 12 बजे रवाना हुए। ट्रेन को अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, नगर निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रवानगी से पहले विधायक कोर्सेवाड़ा व अन्य अतिथियों ने ट्रेन में यात्रियों से रू-ब-रू चर्चा कर उन्हें शुभकामनाएं दी। यात्रा में जिला दुर्ग से 459 तीर्थ यात्री, जिला बालोद से 189 तीर्थ यात्री, जिला बेमेतरा से 146 तीर्थ यात्री और समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ से 6 यात्री शामिल हैं। यात्रा में यात्रियों की देखरेख के लिये नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, अनुरक्षक और स्वास्थ्य संबंधी रेखरेख के लिये तीनों जिलों से चिकित्सक टीम शामिल है। तीर्थयात्रियों में यात्रा के प्रति काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने शासन की योजना की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला एवं पुलिस प्रशासन, पर्यटन एवं रेलवे के अधिकारी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ जिला स्तरीय राज्योत्सव का समापन

विधायक कोर्सेवाड़ा और खादी एवं ग्रोमोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पांडेय हुए शामिल

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला स्तरीय राज्योत्सव के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने प्रदेशवासियों और नगरवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिला विकास की दिशा में बहुत आगे निकल गया है। प्रधानमंत्री मोदी की कार्ययोजना को प्रदेश में साकार करना है। प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों में काम कर रही है। उन्होंने सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना, अयोध्या तीर्थ यात्रा, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, 31 सौ रुपये दर से किसानों की धान खरीदी और आयुष्मान योजना को विस्तार पूर्वक रेखांकित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य गठन के बाद प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत अधोसंरचना के विकास पर काफी कार्य किये गए। समापन अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। दर्शक इन प्रस्तुतियों पर मंत्रमुग्ध रह गए।

इससे पहले अतिथियों ने विभागीय स्टालों का अवलोकन कर विभिन्न विभागों की उपलब्धियों की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सुर धारा म्यूजिकल फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों का किया सम्मान

राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान सुर धारा म्यूजिकल फाउंडेशन दुर्ग के दिव्यांग बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने छत्तीसगढ़ महतारी गीतों के साथ नृत्य प्रस्तुति भी दी। सुर धारा म्यूजिकल फाउंडेशन दुर्ग के दिव्यांग बच्चो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सुर धारा म्यूजिकल फाउंडेशन दुर्ग के दिव्यांग बच्चों को मोमेंटो, शॉल और श्रीफल भेंट देकर उनकी प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि दुर्ग में ऐसी प्रतिभा है। ये बच्चे सचमुच दुर्ग जिले की शान हैं और उनके इस प्रदर्शन ने सबको प्रेरित किया है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के ज्योति ध्रुव, उमेश यादव, राजेश गुप्ता, राजू ऊके भी मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

जिले में 2060 विद्यार्थियों का किया मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिले के 53 शासकीय व अशासकीय स्कूलों में मंगलवार को शिविर लगाया गया, जिसमें 2060 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन किया गया। 246 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन और दो विद्यार्थियों का नया आधार बनाया गया।

सोनम, विधि, ख्याति ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा

दुर्ग। मेधावी छात्रा सोनम जैन, विधि धेलारिया व ख्याति बाकलीवाल ने सीएम की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार और समाज का नाम रौशन किया है। छात्रा सोनम जैन पुलगांव नाका के प्रतिष्ठित व्यवसायिक परिवार मेसर्स ताराचंद रमेश कुमार जैन के संचालक शांतिलाल जैन की पौत्री व स्व. रोशन कुमार जैन की सुपुत्री है। सोनम जैन ने चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा अपने पहले ही प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण

करने में सफलता हासिल की है। विधि धेलारिया जेठमल धेलारिया की पौत्री और महावीर धेलारिया की सुपुत्री है जबकि ख्याति बकलीवाल (स्व. सोहनलाल बाकलीवाल की पौत्री और नीरज बाकलीवाल की सुपुत्री है। तीनों सहपाठियों ने अपनी मेहनत और लगन से सीए परीक्षा उत्तीर्ण की है।

रेप के आरोपी को 10 साल की सजा

भिलाई। शादी का झांसा देकर युवती से रेप के मामले में कोर्ट ने आरोपी को 10 साल कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार आरोपी ने मार्च 2024 युवती को जबरन भगाकर ले गया और शारीरिक संबंध बना लिये। उतई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी और पीड़िता के बीच पहले से जान-पहचान थी। इसी संबंध का फायदा उठाकर आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी विनय प्रकाश टंडन ने युवती को शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बना लिये। बाद में पीड़िता ने उतई थाना में मामला दर्ज कराया। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने अदालत में चालान पेश किया। अदालत ने सभी तथ्यों और सबूतों को देखते हुए आरोपी को दोषी पाया। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी दुर्ग अवध किशोर की अदालत ने आरोपी विनय प्रकाश टंडन (36 साल) को 10 साल सश्रम कारावास और धारा 506 (1) के तहत 1 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

कन्या महाविद्यालय में मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

प्रकाश पर्व पर गुरुदर्शन के लिए गुरुद्वारा में उमड़े श्रद्धालु

जनप्रतिनिधियों ने लोगों के सुख-समृद्धि की कामना की

दुर्ग/नवप्रदेश। सिक्खों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव के 556 वें प्रकाश पर्व पर बुधवार को शहर में सिक्ख समाज ने श्रद्धा व उत्साह के साथ प्रकाश पर्व मनाया। स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। सुबह से गुरुग्रंथ साहिब के दर्शन के लिए सिक्ख समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों की कतार लगी रही। अमृतसर से पधारे ज्ञानी जगदीप सिंह राजेवाल के जत्थे द्वारा भजन-कीर्तन के माध्यम से गुरुनानक देव के मानवता के संदेशों को दोहराया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, कांग्रेस नेता परमजीत सिंह भुई, गुरदीप सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद फतेसिंह भाटिया, मनदीप सिंह भाटिया, बृजेन्द्र भारद्वाज के अलावा कांग्रेस-भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी दर्शन करने गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होने गुरुद्वारा में मत्था टेककर गुरुनानक देव जी से देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए कामना की।

जनप्रतिनिधियों ने सिक्ख समाज के लोगों को गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व की बधाई दी। दोपहर में गुरुद्वारा में गुरु के अटूट लंगर का आयोजन किया गया। लंगर में सिक्ख समाज के अलावा अन्य समाज के लोग भी शामिल हुए। लंगर ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में सेवाभावी कार्य भी किए गए।

रक्तदान शिविर में सिक्ख समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का बड़ा संदेश दिया। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत ने गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व की खुशियां मनाई। स्टेशन रोड स्थित सिंधी धर्मशाला में महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण करने यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे। गुरुद्वारा में प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा के प्रधान महिंदर पाल सिंह, सचिव जीएस लांबा, हरमीत सिंह भाटिया, अरविंदर सिंह खुराना, दलप्रीत सिंह भाटिया, जितेंदर सिंह, सुखदेव सिंह (राजू), कंवलजीत सिंह ओबेरॉय, प्रिंस कब्बरवाल, गुरविंदर सिंह, अवतार सिंह रंधावा, सुरेन्दर सिंह कब्बरवाल, सतनाम कौर विरदी, मनिंदर सिंह, राजेन्दर पाल अरोरा, तरसेम सिंह ढिल्लन, महेंन्द्र सिंह खालसा, जस्सी सिंह, दुर्ग ट्रक मालिक संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह, इंदरजोत सिंह भाटिया, देवेन्दर सिंह भाटिया, भूपेन्दर सिंह, राजेन्दर सिंह, रिम्पाल सिंह, जसपाल सिंह, रवि केवलतानी, दुर्ग-भिलाई गुरूद्वारा के प्रधान, स्त्री सत्संगत की महिला जत्था, खालसा पब्लिक स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा सिक्ख समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

तालाब में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई-3 थाना क्षेत्र के देवबलोदा में तालाब में नहाने गए एक बालक की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफकी टीम घटनास्थल पर पहुंची। करीब एक घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाने के बाद शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान चित्रांश मोंगराज (16) के रूप में हुई है। चित्रांश सुबह नहाने के लिए तालाब गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लोगों ने उसे बचाने कोशिश की, लेकिन बालक गहरे पानी में डूब गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब काफी गहरा है और यहां कई बार हादसे हो चुके हैं। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण अक्सर बच्चे यहां नहाने आते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने आसपास चेतावनी बोर्ड लगाने और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम को तत्काल रवाना किया गया था। टीम ने पूरी सावधानी और तत्परता से सर्च ऑपरेशन चलाया। एक घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद मृतक का शव बरामद किया जा सका। शव को पुलिस के हवाले किया गया है।

स्कूल जा रही छात्रा को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

धमधा/नवप्रदेश। स्कूल जा रही कक्षा 6 वीं की छात्रा को बाइक ने टक्कर मार दी, जिसके कारण छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। विगत 4 नवंबर को सुबह करीब 9 बजे यह हादसा हुआ। धमधा-खैरागढ़ मार्ग पर धरमपुरा और बरहापुर चौक के बीच तेज रफ्तार बाइक ने बच्ची को टक्कर मार दी।

मृत बच्ची छाया साहू ग्राम धरमपुरा की रहने वाली थी। रोज की तरह साइकिल से शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला बरहापुर जा रही छाया को तेज रफ्तार बाईक ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि छाया जब विशेषर देवांगन के खेत के पास पहुंची, उसी समय खैरागढ़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक (सीजी 04 2505) ने छाया को जोरदार टक्कर मार दी। तेज टक्कर के कारण छाया सड़क पर गिर गई। बाइक चला रहा युवक माधवन यादव ग्राम गोरपा का रहने वाला है। तेज रफ्तार और लापरवाही से बाईक चलाने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। धमधा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की।

छत्तीसगढ़ी फिल्म एमए प्रीवियस का प्रदर्शन आज

भिलाई/नवप्रदेश। अरण्य फिल्म के बैनर तले और राज वर्मा द्वारा निर्मित छॉलीवुड के डायरेक्टर प्रणव झा द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ी फिल्म एम ए प्रीवियस आगामी 7 नवंबर को पूरे छग में एक साथ प्रदर्शित होगी। फिल्म निर्माता व अभिनेता राज वर्मा ने बताया कि दो भाईयों के प्रेम कहानी पर आधारित यह एक शुद्ध पारिवारिक फिल्म है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उनके साथ फिल्म के हीरो छॉलीवुड के हीरो दीपक साहू, हीरोइन हिरणमयी नायक, अराधना साहू, शमशीर सिवानी, धर्मेन्द्र चौबे भी उपस्थित थे।

राज वर्मा ने बताया कि फिल्म के इसके सभी गाने बेहद कर्णप्रिय और मनोरजंक है। फिल्न का संगीत संगीतकार सुनील सोनी ने दिया है। गीत का लेखन सुनील सोनी और विष्णु कोठारी ने किया है। फिल्म के गाने एके डेट मा, लाली लुगरा, सुन तो सुन भौजी, तोर बर संगी मया लागे इन दिनो यूटयूब पर काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। इन सभी गानों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।

फिल्म की शूटिंग नया रायपुर के उपरवारा, बंजारी, मुक्तांगन व नया रायपुर के आसपास मनोरम स्थानों पर की गई है। फिल्म के हीरो छत्तीसगढ़ी फिल्म तरी हरी नाना और दूल्हे राजा में से छॉलीवुड में अपना अलग मुकाम बनाने वाले अभिनेता राज वर्मा, छॉलीवुड के स्टार दीपक साहू, फिल्म की हीरोईन कई सुपरहिट उडिया फिल्मों में भूमिका निभा चुकी एक्ट्रेस हिरणमयी नायक, अराधना साहू बैला के घांघर, इही मडवा मा एल्बम फेम है। फिल्म के अन्य प्रमुख कलाकारों में छॉलीवुड के लक्ष्मीकांत झा, राजेश बाघमार, धर्मेन्द्र चौबे, राजू, संजू साहू, अंजलि चौहान, शमशीर सिवानी, पप्पू चन्द्राकर, ओम प्रकाश शर्मा ने भूमिका निभाई है।

संत झूलेलाल-महाराजा अग्रसेन पर टिप्पणी के बाद अमित बघेल पर एफआईआर

समाज ने की गिरफ्तारी की मांग

भिलाई/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर सिंधी समाज के संत झूलेलाल और महाराजा अग्रसेन महाराज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सिंधी और अग्रवाल समाज के सदस्यों ने भिलाई नगर थाने में शिकायत की थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में कहा गया कि अमित बघेल ने सोशल मीडिया पर अपने बयान में सिंधी समाज और उनके पूजनीय इष्टदेव संत झूलेलाल जी के साथ-साथ महाराजा अग्रसेन के संबंध में अभद्र और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। इस टिप्पणी से सिंधी समाज और अग्रवाल समाज में गहरा आक्रोश है। दोनों समाजों के पदाधिकारियों ने इस बयान को धार्मिक और सामाजिक सौहार्द के खिलाफ बताया। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अमित बघेल की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि ऐसी टिप्पणियों से न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती हैं, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलती है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अमित बघेल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। यह धारा किसी भी नागरिक वर्ग की धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से आहत करने से संबंधित है। इस अपराध के लिए तीन साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि अमित बघेल पर मामला दर्ज किया गया है। इधर, भिलाई के सिंधी समाज के पदाधिकारियों ने एसएसपी विजय अग्रवाल से मुलाकात कर अमित बघेल के बयान की निंदा की है। सिंधी समाज ने अमित बघेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में एएनए स्क्रीनिंग और कन्फर्मेशन पर कार्यशाला

भिलाई/नवप्रदेश। कैपकॉन 2025 के तहत एण्टी न्यूक्लियर एण्टी बॉडी एएनए स्क्रीनिंग और कन्फर्मेशन विषय पर प्री कॉन्फ्रेंस कार्यशाला का आयोजन जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र भिलाई में किया गया। विभिन्न संस्थानों से आए 30 से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लेकर एएनए परीक्षण की विधियों, तकनीकी पहलुओं और नैदानिक उपयोगिता पर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ विनिता द्विवेदी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में चिकित्सा विभाग के पूर्व कार्यपालक निदेशक डॉ एम रविंद्रनाथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ कौशलेंद्र ठाकुर और डा उदय कुमार उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन सीनियर कंसल्टेंट डा प्रिया साहू ने किया। उन्होंने एएनए परीक्षण के सिद्धांतों, तकनीकों और स्व प्रतिरक्षी, ऑटो इम्यून विकारों के निदान में इसकी नैदानिक महत्ता पर ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किया।

अनूठी पहल... वनमंडल की पहल से पलाश पेड़ बने आजीविका का स्तंभ, 37 गांवों के 400 किसान जुड़े

लाख पालन बना ग्रामीण समृद्धि का आधार, किसानों की आमदनी में आई क्रांतिकारी बढ़ोतरी

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पलाश पेड़ों की भरमार है। पलाश पेड़ जिसे छत्तीसगढ़ी में परसा कहा जाता है, वो खेतों के मेड़ों में अक्सर पाए जाते हैं। इसके बावजूद इसका कोई व्यावसायिक उपयोग नहीं हो पा रहा था। परंतु अब मनेंद्रगढ़ वनमंडल ने इस दिशा में एक अनूठी पहल की है। पलाश के पेड़ लाख पालन के लिए अत्यंत उपयुक्त होते हैं क्योंकि इनमें रंगीनी लाख का पालन किया जा सकता है। अगर इन पलाश के पेड़ों का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह किसानों को खेती के अलावा अतिरिक्त आय का साधन प्रदान कर सकता है। इससे छत्तीसगढ़ राज्य से होने वाले पलायन को भी रोका जा सकता

है, क्योंकि खेती किसानी के अलावा कृषकों के पास अन्य आय के स्रोत सीमित हैं।

लाख पालन से बदलती ग्रामीण अर्थव्यवस्था

मनेंद्रगढ़ जिले के गांवों में पलाश पेड़ों की पर्याप्त उपलब्धता है। यहां पूर्व में लाख पालन कार्य होता रहा है, लेकिन समय के साथ मौसम की प्रतिकूलता और वैज्ञानिक पद्धतियों के अभाव में यह कार्य बंद हो गया था। ग्रामीणों से चर्चा करने पर ग्राम भौता, नारायणपुर, छिपछिपी और बुंदेली के कृषकों ने लाख पालन के प्रति गहरी उत्सुकता दिखाई। इस उत्साह को देखते हुए अक्टूबर-नवंबर 2023-24 में पहली बार भौता समिति के अंतर्गत भौता, नारायणपुर, छिपछिपी और बुंदेली गांवों में तथा जनकपुर के चांटी और जरडोल गांव के आसपास के क्षेत्रों में 34 कृषकों को 2.54 क्विंटल लाख बीहन (बीज) वितरित किए गए, जिनका 276 पेड़ों में संचरण कराया गया। इसके पश्चात जून-जुलाई 2024-25 में भौता और बेलबहरा समितियों के तीन ग्रामों में 0.74 क्विंटल बीहन 4 कृषकों के 80 पेड़ों में लगवाया गया।

जिले की हर गांव में फैल रही लाख की लहर

अक्टूबर 2024-25 में 5 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों ने भौता, बेलबहरा, माड़ीसरई, जनकपुर और जनुवा के अंतर्गत 9 ग्रामों के 126 कृषकों ने 3117 पलाश पेड़ों में बीहन लाख का संचरण किया। इसके बाद जुलाई 2025 में 10 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के 27 ग्रामों के 205 कृषकों द्वारा 2037 पलाश पेड़ों में 25.50 क्विंटल बीहन लाख का संचरण किया गया, जिसमें से 20.45 क्विंटल बीहन लाख जिले के ही कृषकों द्वारा उत्पादित किया गया, जबकि शेष 4.05 क्विंटल बलरामपुर से लाया गया। अक्टूबर 2025 तक यह प्रयास और बड़ा रूप ले चुका था, अब 37 ग्रामों के 400 कृषकों ने कुल 6 हजार पेड़ों में 60 क्विंटल बीहन लाख का संचरण किया।

ऋतम्भरा साहित्य मंच का दीपावली मिलन समारोह, सरस काव्य गोष्ठी

कुम्हारी/नवप्रदेश। नगर की एक मात्र साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था ऋतम्भरा साहित्य मंच द्वारा रविवार को दीपावली मिलन एवं सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन प्रेस क्लब सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रामाधार शर्मा उपस्थित थे। अध्यक्षता नारायण वर्मा ने की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर पूजा पाठ किया गया।

मुख्य अतिथि रामाधार शर्मा ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विगत 38 वर्षों से ऋतम्भरा साहित्य समिति नगर में साहित्य सेवा में जुटी है। संस्था द्वारा प्रदेश स्तर पर कई महत्वपूर्ण साहित्यिक आयोजन किये गए, जो अनवरत चल रहे हैं। कई युवा रचनाकारों ने भी इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अध्यक्ष नारायण वर्मा ने कहा कि समय-समय पर प्रकाशित कृतियों का विमोचन सम्मान और संस्था के द्वारा संग्रह का प्रकाशन भी किया जाता है। कोषाध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने जनवरी 2026 को वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह के लिये प्रस्ताव रखा, जिसे सभी ने ध्वनिमत से सहमति प्रदान की।

कार्यक्रम में रचनाकारों ने अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ किया। डॉ. नीलकंठ देवांगन, लखनलाल साहू, कामता प्रसाद दिवाकर, जगन्नाथ निषाद, प्रियर्सन देव, नरेश विश्वकर्मा, रामाधार शर्मा, विक्रम शाह ठाकुर, नारायण वर्मा, रघुनाथ देशमुख, बैकुंठ महानंद, बिसरुराम कुर्रे शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन नरेश विश्वकर्मा और आभार प्रदर्शन विक्रम शाह ठाकुर ने किया।

एक ही ट्रैक पर दो मालगाड़ियां और यात्री ट्रेन आमने-सामने, यात्रियों में हड़कंप

बिलासपुर रेल मंडल के कोटमी सोनार और जयरामनगर स्टेशन के बीच आज सुबह की घटना

बिलासपुर/नवप्रदेश। *छत्तीसगढ़ का बिलासपुर रेल मंडल एक बार फिर बड़ी लापरवाही के चलते सुर्खियों में है। हाल ही में हुए भीषण रेल हादसे से लोग उबरे भी नहीं थे कि गुरुवार को एक और गंभीर गलती सामने आ गई। इस बार कोटमी सोनार और जयरामनगर स्टेशन के बीच एक ही ट्रैक पर दो मालगाड़ियां और एक यात्री ट्रेन आमने-सामने आ गईं। स्थिति यह थी कि मेमू लोकल ट्रेन के आगे और पीछे दोनों ओर मालगाड़ियां खड़ी हो गईं, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई और कई लोग घबराकर ट्रेन से नीचे उतर गए।*

जानकारी के मुताबिक, बिलासपुर रेल मंडल के कोटमी सोनार और जयरामनगर स्टेशन के बीच यह घटना गुरुवार सुबह हुई। बताया जा रहा है कि एक तकनीकी गड़बड़ी और मानवीय लापरवाही के चलते तीनों ट्रेनें एक ही ट्रैक पर आ गईं। जैसे ही यह सूचना कंट्रोल रूम तक पहुंची, तत्काल सभी ट्रेनों को रोकने का आदेश दिया गया और किसी बड़ी दुर्घटना को टाल लिया गया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक कुछ देर के लिए यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों ने सुरक्षा के मद्देनज़र ट्रेन से उतरकर ट्रैक किनारे शरण ली। इसके बाद रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और सभी ट्रेनों को अलग-अलग ट्रैक पर शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की। वहीं, रेलवे इस घटना को सामान्य और रूटीन बता रहा है। अफसरों का कहना है कि ऑटो सिग्नल प्रणाली में इस तरह से एक रूट पर एक से अधिक गाड़ियां चल सकती है। लेकिन, लालखदान के पास हुए हादसे के बाद यात्री दहशत में आ गए। आगे पीछे से मालगाड़ी देखकर यात्री ट्रेन से उतर गए।

दो दिन पहले हुआ था बड़ा हादसा

गौरतलब है कि महज दो दिन पहले ही बिलासपुर के समीप एक भीषण रेल दुर्घटना हुई थी। मंगलवार की शाम 4 बजकर 10 मिनट पर कोरबा से बिलासपुर आ रही पैसेंजर ट्रेन अप लाइन में कोयले से लदी खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों यात्री घायल हुए थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोकल ट्रेन का इंजन, गार्ड डिब्बा और महिला कोच मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गए थे। इस हादसे में लोकल ट्रेन के चालक विद्यासागर मौके पर ही मलबे में दब गए थे, जबकि महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि सिंह गंभीर रूप से घायल हुई थीं। लगातार दो दिनों में हुए ऐसे घटनाक्रमों ने रेलवे सुरक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्रियों ने आरोप लगाया कि रेलवे कंट्रोल और सिग्नलिंग सिस्टम में भारी लापरवाही बरती जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की चूक केवल तकनीकी खराबी नहीं, बल्कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी का नतीजा है।

रेलवे की प्रतिक्रिया

बिलासपुर रेल मंडल के अधिकारियों ने मामले की पुष्टि की है और घटना की जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं हुई है, लेकिन एक ही ट्रैक पर तीन ट्रेनों का आ जाना गंभीर मामला है, जिसकी तकनीकी जांच जारी है।

■ न्यूज गैलरी

महुआ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार कल 5 नवंबर की शाम थाना प्रभारी कोटा तोप सिंह नवरंग को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खुरदुर निवासी इंद्र कुमार साहू तालाब किनारे में अवैध महुआ शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम भेज कर रेड कार्यवाही की गई। मौके पर आरोपी इंद्र कुमार साहू पिता स्व. सुखेलाल साहू उम्र 60 साल साकिन खुरदुर थाना कोटा जिला बिलासपुर पुलिस टीम को मिला। पूछताछ पर आरोपी के कब्जे से अलग अलग पन्नी पाउच में भरा 1-1 पाव में कुल 12 लीटर महुआ शराब (कीमती 2400) पेश करने पर बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कोटा पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

दो विधायकों के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट का घेराव

लिंगियाडीह में विवाद, गरीबों के मकान तोड़ने पर भड़का आक्रोश

बिलासपुर/नवप्रदेश। *लिंगियाडीह स्थित दुर्गा नगर वार्ड क्रमांक 52 में नगर निगम द्वारा गरीब निवासियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रभावित नागरिकों ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव और मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप और निष्पक्ष जांच की मांग की है।*

निवासियों का कहना है कि वे दशकों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है। स्थानीय निवासियों का दावा है कि वे पिछले 50 वर्षों से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से घर बनाए हैं, जिन पर अब निगम का बुलडोजर चल रहा है। निवासियों के अनुसार यह भूमि (लगभग 2.46 एकड़) पहले ही आबादी भूमि घोषित की जा चुकी थी। लोगों ने बताया कि 2019 में छत्तीसगढ़ सरकार ने निर्णय लिया था कि निगम की भूमि पर बसे नागरिकों को पट्टा दिया जाएगा। इसके बाद भूमि का सर्वे हुआ, अतिरिक्त तहसीलदार ने पट्टाधारियों की सूची तैयार की और लोगों ने 10 प्रति वर्गफुट के हिसाब से प्रीमियम राशि भी निगम को जमा की। इसके बावजूद, न तो उन्हें स्थायी पट्टा मिला और न ही सुरक्षा की गारंटी। उल्टे अब निगम तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहा है। निवासियों का आरोप है कि नगर निगम अब तक 113 मकानों को तोड़ चुका है, और हाल में पार्क और कॉम्प्लेक्स बनाने के नाम पर नई कार्रवाई शुरू की गई है। लगभग चार माह पूर्व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर भी 150 से अधिक मकान और दुकानें तोड़ी गई थीं, लेकिन उस स्थल पर आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इन कार्रवाइयों से गरीब परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई लोग आज भी अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं।

हर महीने नई योजना, नई तोड़फोड़

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन हर कुछ महीनों में नए नाम से कार्रवाई करता है कभी सड़क चौड़ीकरण, कभी नाली निर्माण, कभी कॉम्प्लेक्स या पार्क विकास। इससे पूरे क्षेत्र में असमंजस और भय का माहौल बना हुआ है। प्रस्तावित मकान तोड़ने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और निर्दोष गरीब परिवारों को राहत मिल सके।

कश्यप जयंती पर गुप्ता समाज ने किया शक्ति प्रदर्शन, निकाली शोभायात्रा

सीपत/नवप्रदेश। मंगल भवन सीपत में श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज द्वारा समाज के आराध्य देव महर्षि काश्यप जयंती समारोह का आयोजन अत्यंत धूमधाम और भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक कॉलेज से निकली भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें समाज के लोगों ने सिर पर सेहरा बांधकर, बैंड-बाजे, कर्मा नृत्य और महर्षि काश्यप की जीवंत झांकी के साथ जयकारों की गूंज से पूरा नगर गुंजायमान कर दिया। जय कसौंधन - जय काश्यप के जयघोष से माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बन गया। शोभायात्रा नवाडीह चौक, तहसील परिसर होकर मंगल भवन पहुंची। समाज के संरक्षक गोपीचंद गुप्ता और कोषाध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता ने फल , बिस्किट , पानी पिलाकर सभी का अभिनंदन किया। महिलाओं और युवाओं की बड़ी भागीदारी ने आयोजन को समाज की एकता और शक्ति का प्रतीक बना दिया। मुख्य अतिथि विधायक दिलीप लहरिया ने महर्षि काश्यप की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि काश्यप भारतीय संस्कृति के आदि समाज सुधारक और मानव एकता के संदेशवाहक थे। उनके नाम पर गुप्ता समाज आज जिस संगठन शक्ति का परिचय दे रहा है, वह वाकई प्रेरणादायक है।

'वंदे मातरम' की 150 वीं वर्षगांठ पर जिले में होंगे वर्षभर विविध कार्यक्रम

■ चार चरणों में होंगे आयोजन, कलेक्टर ने तैयारियों के दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार 'वंदेमातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा वर्षभर राज्यभर में विविध कार्यक्रमों होंगे। जिले में इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने संबंधित विभागों को इस संबंध में तैयारियों के निर्देश दिए हैं। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के माध्यम से देशभक्ति, एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना को जन-जन तक पहुँचाना है। संस्कृति विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह आयोजन चार चरणों में संपन्न होगा। पहला चरणः 7 से 14 नवम्बर 2025, दूसरा चरणः 19 से 26 जनवरी 2026, तीसरा चरणः 8 से 15 अगस्त 2026, चौथा चरणः 1 से 7 नवम्बर 2026 तक होगा। पहले चरण का शुभारंभ 7 नवम्बर 2025 को किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सभी जिलों में प्रसारित किया जाएगा और सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलेभर में सांस्कृतिक और जनभागीदारी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। जिले के साथ ही जनपद स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर भी इस अवसर पर विभिन्न आयोजनों के निर्देश दिए गए हैं। इन आयोजनों के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में देशभक्ति गीत, नृत्य, निबंध, वाद-विवाद, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, कवि सम्मेलन तथा लघु फिल्म प्रदर्शन जैसे विविध कार्यक्रम होंगे। प्रमुख गायकों और स्थानीय कलाकारों द्वारा 'वंदे मातरम्' के विभिन्न स्वरूपों की प्रस्तुति दी जाएगी। नागरिकों एवं विद्यार्थियों को इस आयोजन में भाग लेने के लिए वंदेमातरम150डाटइन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा दी गई है। इस पोर्टल पर गीतों और संगीत की रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि सामूहिक गायन में एकरूपता बनी रहे।

भारत की संविधान ने 1950 में वंदे मातरम् गीत को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया

उल्लेखनीय है कि कवि और उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने बंगाल के कांतल पाडा नाम के गांव में 7 नवंबर 1876 को वंदे मातरम गीत की रचना की थी। पहली बार 1896 में 'कलकत्ता अधिवेशन' में वंदे मातरम गाया गया था और 24 जनवरी 1950 को, भारत की संविधान सभा ने वंदे मातरम् गीत को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत ने बड़ी भूमिका निभाई इस गीत ने लोगों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित करने का काम किया था।अंग्रेजों के लिए ये गीत विरोध का स्वर था।

ट्रेन दुर्घटनाः लोको पायलट नहीं अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। लालखदान के पास मेमू लोकल और मालगाड़ी में टक्कर की घटना में तोरवा पुलिस द्वारा लोको पायलट के खिलाफ कोई अपराध दर्ज नहीं किया गया है बल्कि अज्ञात के खिलाफ मामला कायम किया गया है। एसएसपी रजनेश सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि कुछ समाचार पत्रों में आया है कि लोको पायलट के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। यह सही नहीं है क्यों कि अपराध अज्ञात आरोपी के खिलाफ है।

सीयू में एल्डरली इश्यूज पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विशिष्टता से परिपूर्ण विश्वविद्यालय में 5 नवंबर को दोपहर 1 बजे रजत जयंती सभागार में विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) एवं राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान, नई दिल्ली, सामाजिक न्याय एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय (04-05 नंवबर, 2025) राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ।

एल्डरली इश्यूज विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अभ्यागत के रूप में प्रो. नीलांबरी दवे, पूर्व कुलपति, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट, गुजरात, ने कहा कि इस संगोष्ठी में लब्धप्रतिष्ठित वक्ताओं एवं बुद्धिजीवियों ने बुजुर्गों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने सार्थक विचार एवं सुझाव साझा किये। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी के दौरान जो निष्कर्ष आये हैं वो भविष्य की रूपरेखा मजबूत करेंगे। प्रो. दवे ने कहा कि बुजुर्गों के स्वास्थ्य एवं समुचित देखभाल का ध्यान रखने के लिए समाज को सामुदायिक केन्द्र एवं डे केयर सेंटर जैसी सुविधाओं का विकास करना होगा जो वर्तमान समय एवं शहरीकरण के साथ आधुनिक जीवनशैली के दृष्टिगत आवश्यक प्रतीत होती है। आभासी माध्यम से समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि तान्या सेनगुप्ता, रिसर्च ऑफीसर, राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान, नई दिल्ली, ने संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि संगोष्ठी से निकले परिणाम रिपोर्ट के रूप में वृद्धजनों की स्थिति सुधार के काम आएंगे।

जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा में एफएलएन मेला 14 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा, विकास खण्ड बिल्हा में आगामी 14 नवम्बर को बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान मेला 2025 बड़े उत्साह और तैयारी के साथ आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषा, गणित, अंग्रेजी तथा दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले बुनियादी कौशलों को मजबूत करना है। विद्यालय के प्रधान पाठक साधराम मरकाम एवं शाला के एफएलएन प्रभारी कलेश्वर साहू ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर, राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़, डाइट पेंड्रा के निर्देशानुसार यह मेला बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाने, उनकी सृजनात्मक क्षमताओं को निखारने और अभिभावकों को बच्चों की प्रगति से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मेले में विद्यार्थियों द्वारा गणित, हिंदी व अंग्रेजी के साथ बालवाड़ी के विभिन्न शैक्षणिक अवधारणा से सम्बंधित स्टॉल लगाए जाएंगे जो कि ऑटो मोड पर संचालित होगा। कहने का तात्पर्य यह है कि मेले में स्टॉल लगाने वाले भी बच्चे ही होंगे और सीखने वाले भी बच्चे ही होंगे, एक स्टाल एक अवधारणा होंगे । मेले की तैयारी में विद्यालय के सभी शिक्षक साधराम मरकाम, पुनीराम साहू, कलेश्वर साहू, श्वेता केशरी,नीलम सूर्यवंशी और विद्यार्थी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है।

बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाना उद्देश्य

शादी का झांसा देकर युवती का दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पीड़िता से जान पहचान बढ़ाकर शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शादी के दबाव डालने पर आरोपी ने शादी करने से इन्कार कर दूसरी लड़की के साथ शादी कर ली। दूसरी लड़की से शादी करने के बाद भी आरोपी ने पीड़िता को प्रताड़ित किया। आरोपी के प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने पूर्व में आत्महत्या करने की कोशिश की। रिपोर्ट के महज 6 घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार प्रार्थीया ने 5 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके बहन के घर में किराये पर रह कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवक गिरधर साहू के साथ जान पहचान हुआ था, जो इसके साथ शादी करने की बात कहता था कि 15 सितंबर 2021 को अपने किराये के मकान जोरापारा में पढ़ने के लिए बुलाया और मौका पाकर शारीरिक संबंध बनाया, और तब से वह जब भी मौका मिलता शारीरिक संबंध बनाता था, जिसे शादी करने के लिए कहने पर टाल मटोल कर दूसरी लड़की के साथ शादी कर लिया है।

राहत | राज्य शासन के मापदंडों व नियमों को हाईकोर्ट ने ठहराया सही, रिटायर्ड शिक्षक की याचिका खारिज

ई संवर्ग के 1378 शिक्षकों का प्राचार्य के पदों पर मिलेगी पदोन्नति

बिलासपुर/नवप्रदेश। *हाईकोर्ट ने व्याख्याता के पद पर पदोन्नति के लिए राज्य शासन द्वारा तय कैडर व मापदंडों को सही ठहराते हुए शिक्षक की याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद ई संवर्ग के 1378 व्याख्याताओं को प्राचार्य के पद पर पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि याचिका पर सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने 5 अगस्त 2025 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।*

समर वेकेशन के बाद सोमवार 10 जून को बिलासपुर हाई कोर्ट में नियमित कामकाज प्रारंभ हुआ। जस्टिस रजनी दुबे व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच में प्राचार्य पदोन्नति को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई प्रारंभ हुई। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने जवाब दावा पेश करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की थी। डिवीजन बेंच ने एक दिन का समय देते हुए सुनवाई के लिए 11 जून की तिथि तय कर दी थी। प्राचार्य पदोन्नति मामले को लेकर कई शिक्षक और संगठन हाई कोर्ट में याचिकाएं दाखिल कर चुके हैं। अखिलेश त्रिपाठी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि इस विषय पर अलग-अलग बेंचों में याचिकाएं लंबित हैं। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने इस पर सभी याचिकाओं को एक साथ क्लब कर सुनवाई की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब इन सभी याचिकाओं की संयुक्त सुनवाई डिवीजन बेंच में की जाएगी। प्राचार्य पदोन्नति को लेकर भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2019 भी अदालत की जांच के दायरे में आ चुका है। इसी संदर्भ में पुरुषोत्तम सिंह यदु की ओर से भी एक याचिका चीफ जस्टिस की बेंच में लगाई गई, जो 1 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि इन नियमों की वैधता पर भी एक साथ विचार किया जाएगा।

बीएड व डीएलएडी डिग्रीधारकों को लेकर लगी याचिका

प्राचार्य पदोन्नति के लिए राज्य शासन द्वारा बनाए नियमों को चुनौती देते हुए पी गलिक राव, लक्ष्मी प्रसाद रबेठ, दूज राम खरे, संजय कुमार वखारिया, रूपनारायण कुशवाहा, अनुराग त्रिवेदी, अखिलेश त्रिपाठी, आनंद प्रसाद साहू,कोमल प्रसाद साहू, पुरुषोत्तम सिंह यदु ने अपने अधिवक्ताओं के जरिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें शिक्षकों ने कहा था कि लेक्चरर से प्रिंसिपल के पद पर पदोन्नति के लिए बीएड की डिग्री को ही मान्य किया जाए।

न्यूज गैलरी

बरमकेला ब्लॉक के सभी छात्रावासों में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देश पर गुरुनानक जयंती के अवसर पर सामुदायिक

स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला की टीम ने ब्लॉक के सभी बालक एवं बालिका छात्रावासों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही के नेतृत्व में बरमकेला, सरिया, लेन्धरा, डोंगरीपाली, बिरनीपाली, बोंन्दा, झनकपुर, बड़े नावापारा और झाल छात्रावासों में बच्चों का स्वास्थ्य और हीमोग्लोबिन जांच की गई।मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी आदि की आशंका को देखते हुए डॉक्टरों ने सतर्कता बरतने की सलाह दी। बच्चों के लक्षणों के आधार पर तत्काल दवा भी वितरित की गई। डॉक्टरों ने कहा कि नवंबर माह में तापमान गिरने से डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए स्वच्छता, गर्म भोजन और स्वच्छ पानी का सेवन आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल बच्चों और अभिभावकों में सराहनीय रही, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता फैलाने की अपील की गई।

बुचीपारा स्कूल का जनपद सदस्य पाटले ने किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र के बुचीपारा हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल में जनपद सदस्य तरुण पाटले द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने स्कूल भवन के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार की मांग की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण कार्य सामान्य रूप से संचालित पाया गया। सभी शिक्षक अपने कक्षाओं में उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने स्कूल भवन में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य की आवश्यकता बताते हुए जनप्रतिनिधि से अनुरोध किया। विद्यालय में दीवारों, कमरों एवं अन्य आवश्यक संरचनाओं की मरम्मत को लेकर विद्यार्थियों ने अपनी समस्या रखी। विद्यार्थियों की बात सुनते हुए जनपद सदस्य तरुण पाटले ने कहा कि शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य करवाने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने जनपद सदस्य का धन्यवाद व्यक्त किया।

मुंगेली में राज्य स्थापना की रजत जयंती पर तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन

सम्मान समारोह में जिले की विभूतियों और कलाकारों का हुआ सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर मुंगेली के वीर धनंजय सिंह राजपूत स्टेडियम में तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विकास की झलकियों का प्रदर्शन किया गया। राज्योत्सव का समापन मुंगेली विधायक मोहले के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहले ने कहा कि 01 नवंबर 2000 को अपनी स्थापना के पश्चात हमारा राज्य 25 वर्ष यानी रजत वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इन 25 वर्षों में हमारे राज्य ने शिक्षा,स्वास्थ्य, सड़क, आवास पेयजल सहित विकास की सभी पायदान में बेहतर प्रगति की है। किसी जमाने नवोदित राज्य कहलाने वाला हमारा प्रदेश विकास एवं सांस्कृतिक गौरव के उत्कर्ष के साथ अन्य राज्यों के लिए मिसाल बन रहा है। खनिज वन संसाधनों से परिपूर्ण हमारा छत्तीसगढ़ सूर्योदय की तरह चमक रहा है। उन्होंने कहा कि मुंगेली जिले ने 2012 में अपनी स्थापना के बाद से ही विकास के नए कीर्तिमान गढ़े हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि छत्तीसगढ ने 25 साल की यात्रा पूरी की है। उन्होंने बताया कि सिविल सेवा तैयारी के दौरान छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता और यहां की सांस्कृतिक समृद्धता के बारे में जानने का मौका मिलता था, प्रारंभ से ही इस राज्य के

प्रति लगाव और प्रेम था और ईश्वर की कृपा से इस राज्य में छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने का अवसर मिला। यह मेरा सौभाग्य है कि अपनी सेवा के 15 सालों में छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा का साक्षी बन रहा हूं। उन्होंने कहा कि मुंगेली जिले में आपार प्रतिभा है, शिक्षा, खेल, रोजगार, नवाचार जैसे सभी क्षेत्रों में यहां के बच्चों में अद्भुत प्रतिभा है। शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अपने प्रतिभा को निखारने और संवारने के लिए शिक्षा से बड़ा कोई माध्यम नहीं है। जिले में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए भी विशेष प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दीनानाथ केसरवानी ने भी राज्य स्थापना एवं जिले के विकास को रेखांकित करते हुए राज्योत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एडीएम श्रीमती निष्ठा पांडे तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, जनप्रतिनिधि गुरमीत सिंह सलूजा सहित अन्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। मंच संचालन अशोक सोनी एवं रामपाल ने किया। रजत जयंती उत्सव के समापन कार्यक्रम में राज्य अलंकरण प्राप्त जिले के विभूतियों को सम्मानित किया गया। इनमें दानवीर भामाशाह सम्मान प्राप्त भवानी साव और रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट के प्रतिनिधि विनय गुप्ता, दाऊ दुलार सिंह मंदराजी सम्मान प्राप्त श्रीमती रेखा देवार के पुत्र पुरूषोत्तम देवार, डॉ. खूबचंद बघेल सम्मान प्राप्त श्रीकांत गोवर्धन, गुंडाधूर सम्मान प्राप्त रामफूल टोंडर, देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार प्राप्त साधेलाल रात्रे, गुरु घासीदास सम्मान प्राप्त संत भक्त पंथी कल्याण समिति के प्रतिनिधि प्रीतम कोसले, कमल पाटले, टीकाराम घृतलहरे, ठाकुर प्यारेलाल सिंह सम्मान प्राप्त जिला सहकारी विपणन संस्था के प्रतिनिधि कनक कुमार राजपूत, लखन लाल मिश्र सम्मान प्राप्त लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल, स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसाइटी मुंगेली, बैडमिंटन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ जिले का मान बढ़ाने वाले हर्ष शर्मा, स्व .केदार सिंह परिहार के सुपुत्र हरि ठाकुर को सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार विभागीय स्टॉल के प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त सहकारिता विभाग, द्वितीय स्थान प्राप्त पुलिस विभाग और तीसरा स्थान प्राप्त जल संसाधन विभाग तथा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

राष्ट्रपति मुर्मु के आगमन की तैयारियों को लेकर प्रमुख सचिव ने किया कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संभावित आगमन को लेकर अम्बिकापुर में प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। इसी सिलसिले में आज आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। श्री बोरा ने सबसे पहले गांधी स्टेडियम पहुंचकर राष्ट्रपति के आगमन हेतु तैयार किए जा रहे हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, आगमन एवं निर्गमन मार्ग, हेलीपैड की मजबूती तथा आसपास की साफ-सफाई का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात् उन्होंने पी.जी. कॉलेज मैदान पहुंचकर मुख्य कार्यक्रम स्थल की तैयारियों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने पीजी कॉलेज मैदान में बनने वाले डोम

पंडाल, बैठक व्यवस्था, वीआईपी गेट, यातायात बेरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास द्वार, स्टॉल्स की साज-सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बिजली व्यवस्था एवं सांस्कृतिक मंच का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप और सौंदर्यपूर्ण ढंग से पूरी होनी चाहिए। श्री बोरा ने पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली संगोष्ठी कार्यक्रम की तैयारियों का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम सुव्यवस्थित, समयबद्ध रहे। निरीक्षण के दौरान सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा, कलेक्टरविलास भोसकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ललित शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

घरघोड़ा पुलिस ने लूट के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। घरघोड़ा पुलिस ने सड़क किनारे लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की रकम बरामद की है। मामला ग्राम कोगनारा निवासी दिलीप राठिया (31) से जुड़ा है, जिसने 3 नवंबर 2025 को थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने बताया कि 2 नवंबर की रात करीब 8 बजे वह अपने भतीजे भानु राठिया के साथ मजदूरी का कार्य कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। दर्रीडीपा खान दुकान के पास नेगीपारा निवासी देवकुमार पैंकरा और हरेन्द्र पैंकरा ने रास्ता रोककर उसकी जेब से 3200 रुपए नगद लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस ने अपराध क्रमांक 290/2025 धारा 126(2), 304(2), 3(5) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू

की। थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में टीम ने दबिश देकर दोनों आरोपियों–देवकुमार पैंकरा (20 वर्ष) और हरेन्द्र पैंकरा (20 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 12 नेगीपारा–को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद देवकुमार पैंकरा से 1400 रुपए बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। कार्रवाई में निरीक्षक कुमार गौरव साहू, प्रधान आरक्षक अरविन्द पटनायक, आरक्षक हरीश पटेल और महिला आरक्षक सुप्रिया सिदार की सराहनीय भूमिका रही।

पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती के परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती में अध्ययनरत छात्रा मनीषा धिरहे पिता लच्छीराम धिरहे एवं सोनम देवांगन पिता मुन्ना लाल देवांगन ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही। विद्यालय की दोनों छात्रा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता बालोद में 8 से 11 तक होने वाले प्रतियोगिता में राज्य की प्रतिनिधित्व करेंगी।

वन विभाग ने बैगा जनजाति के पीएम आवास पर चला दी बुलडोजर

■ **कांग्रेस ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग**

जनकपुर/नवप्रदेश। एम सी बी -जनकपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत भगवानपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के गरीब परिवारों के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)के तहत बने मकानों को वन विभाग द्वारा जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया कांग्रेस ने वन विभाग की कार्रवाई को असंवैधानिक और अमानवीय बताया है तथा उच्च स्तरीय जांच और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए मांग की है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने जिला कलेक्टर एम सी बी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बैगा जनजाति के परिवार राजेंद्र बैगा, ज्योति बैगा, दया शंकर बैगा और सावित्री बैगा को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास स्वीकृत किए गए थे, उन्हें नियमों के अनुरूप निर्माण कीअनुमति दी गई थी फिर भी वन विभाग के अधिकारियों ने मनमानी करते हुए जेसीबी से गरीब आदिवासी परिवारों के आवास को तोड़ दिया,जो न केवल मानवीयता के खिलाफ है बल्कि संविधान के अनुच्छेद 46 का उल्लंघन भी है, जिसमें अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक व आर्थिक हितों की रक्षा का प्रावधान है।

ज्ञापन में कांग्रेस ने प्रशासन और वन विभाग पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति दी गई थी, तब वन विभाग मौन क्यों रहा? निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर वन विभाग ने कोई रोकथाम याँ आपत्ति क्यों नहीं जताई? क्या वन विभाग की लापरवाही नहीं है कि समय रहते जानकारी नहीं ली कार्यवाही नहीं की और अब गरीब बैगा परिवार के घरों कों तोड़ दिया गया क्या वन विभाग प्रधानमंत्री जन कल्याण कारी योजनाओं कों रौंदेगा। कर्मचारियों की गलती की सजा निर्दोष और गरीब बैगा परिवार को क्यों दी जा रही है। साथी यह भी जानना आवश्यक है कि क्या तोड़फोड़ की कार्रवाई से पूर्व तहसीलदार, एसडीएम, जनपद सीईओ या जिला पंचायत सीईओ को कोई लिखित सूचना या अनुमति प्राप्त की गई है यदि नहीं तो यह एक तरफा एवं असमवैधानिक करवाई है जिसकी उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है।

प्राकृतिक आपदा में वारिसों को आर्थिक सहायता मंजूर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर सरगुजा द्वारा प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 24 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जिसमें तहसील बतौली के सलेयाडीह निवासी प्रकाश की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस मुन्नी बाई, तहसील बतौली के भटको निवासी बालमुकुन्द की मृत्यु मधुमक्खी के काटने से होने पर उनके वारिस महंत बाई, तहसील बतौली के बतौली निवासी लक्ष्मण की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस प्रफुल्ली एक्का, तहसील लुण्ड्रा के जमोनी निवासी गरीब राम की मृत्यु सांप के काटने से होने पर उनके वारिस कमला, तहसील सीतापुर के ललितपुर निवासी लाईजू राम की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से होने पर उनके दोमनिका एवं तहसील मैनपाट के कोट निवासी रमेश की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस रामबिलास को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

नि:शुल्क नेत्र व स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा जनसैलाब

सक्ती/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय संतोष अग्रवाल (प्रियंका मोबाइल) की चतुर्थ पुण्य स्मृति में, उनकी प्रेरणा से लगातार तीसरे वर्ष निःशुल्क नेत्र रोग निदान, मोतियाबिंद जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह सेवा शिविर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार, सामुदायिक भवन सक्ती में संपन्न हुआ। आयोजन परिवार के राजकुमार , रितेश अग्रवाल, राहुल , राकी एवं आदित्य (राजा) अग्रवाल ने सभी आगंतुक अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा – 'लगातार तीसरे वर्ष इस शिविर का आयोजन

कर अग्रवाल परिवार ने समाजसेवा की मिसाल कायम की है। 'कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खरकिया परिवार के वरिष्ठ सदस्य गणेश राम अग्रवाल, श्यामसुंदर अग्रवाल (आनंद मेडिको), उषा संतोष अग्रवाल, उर्मिला राजकुमार अग्रवाल, संगीता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में परिवारजन उपस्थित रहे। इसके साथ ही रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति के ट्रस्टी सुरेश अग्रवाल (लाला), छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच सक्ती शाखा अध्यक्ष मनीष कथूरिया, चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सक्ती इकाई अध्यक्ष मुकेश बंसल, गौ सेवा समिति प्रमुख मयंक ठाकुर, पत्रकार संघ सक्ती के सुमित शर्मा, डीएम चैरिटेबल ट्रस्ट डायरेक्टर चमन अग्रवाल, राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष रवि जिंदल, अग्रवाल सभा के पूर्व सचिव नरेश मित्तल, रक्तदान समिति के अमीर अनिरुद्ध , पूर्व नपा अध्यक्ष नरेश गेवाड़ीन, मनोज बंसल, संजय अग्रवाल , राधेश्याम अग्रवाल , राजीव लोचन,राजीव साहू मोनू द्वग्ध गौरव अग्रवाल,शुभम अग्रवाल सहित अनेक समाजसेवी शामिल रहे।

स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने 10 टीबी रोगियों को लिया गोद, मिला सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर की जानी-मानी सामाजिक संस्था स्टार्स ऑफटुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने एक बार फिर समाज सेवा का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चल रही निक्षय मित्र योजना के तहत संस्था ने 10 टीबी (तपेदिक) रोगियों को गोद लेकर उनके पोषण, देखभाल और सहयोग की जिम्मेदारी उठाई है। इस सराहनीय पहल के लिए जिला प्रशासन ने राज्योत्सव के अंतिम दिन संस्था को स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र, साल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। निक्षय मित्र योजना, केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण

पहल है जो टीबी उन्मूलन के लिए सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। इस योजना के माध्यम से कोई भी व्यक्ति या संस्था टीबी रोगियों को पोषण, अतिरिक्त निदान और रोजगार सहायता जैसी मदद प्रदान कर सकती है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष महावीर सिंह ने कहा हमारी संस्था सदैव सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रही है। निक्षय मित्र योजना के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग की मदद कर हमें गर्व का अनुभव हो रहा है। हमारा उद्देश्य लोगों को सेवा और संवेदना के मार्ग पर प्रेरित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पुन्नलाल मोहले और कलेक्टर कुंदन कुमार ने संस्था के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्टार्स ऑफ टुमॉरो समाज के प्रेरक कार्यों के लिए जानी जाती है, और इस पहल ने एक और उल्लेखनीय अध्याय जोड़ दिया है। यह पहल न केवल टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक कदम है, बल्कि समाज सेवा और मानवीयता की मिसाल भी है। सम्मान प्राप्त करने के अवसर पर संस्था के सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, सदस्य वासु पांडेय एवं रवि साहू उपस्थित रहे।

खेल महोत्सव

सांसद खेल महोत्सव में खर्च का अनुमान 40 लाख – विवेकानंद फंड से होगी व्यवस्था

सांसद खेल महोत्सव की तैयारी शुरू – फंड की कमी बनी बड़ी चुनौती

मुंगेली/नवप्रदेश। लोक सभा सदस्य एवं केन्द्रीय मंत्री के लोक सभा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रो के नागरिकों मे खेल भावना एवं खेलों से जोडकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देय से जिले में सांसद खेल महोत्सव शुरू होने जा रहा है लेकिन सबसे खास बात ये है कि इसके लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पास कोई फंड नहीं है। विगत दिनों हुई बैठक में अधिकारियों ने केंद्रीय राज्य मंत्री व बिलासपुर सांसद तोखन साहू शामिल रहे, खेलो के लिए फंड की व्यवस्था की जा रही है, व्यवस्था होते ही खेल महोत्सव कराए जाऐंगे।

लोक सभा क्षेत्रके अंतर्गत हो रहे सांसद खेल महोत्सव के लिए कुल 105360 का पंजीयन हो चुका है विधानसभावार मुंगेली जिले में कुल 62872 प्रतियोगियों ने पंजीयन कराया है जिनमें मुंगेली विधानसभा से 27173, लोरमी विधानसभा से 18225, पथरिया विधानसभा से 17474 पंजीयन हुए है वहीं बिलासपुर जिले से 42488, ने पंजीयन कराया है जिनमें बेलतरा विधानसभा से 6799, बिलासपुर विधानसभा से 6596, कोटा विधानसभा से 10824, मस्तुरी विधानसभा से 6819 तथा तखतपुर विधानसभ से 11450 ने पंजीयन कराया है सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत तिरंदाजी, बोरादौड, नीबु दौड, पैदल दौड, 400 मीटर दौड, रस्साकसी, कबड्डी, बॉलीबॉल, फुटबॉल, रिलेदौड, लंगोरी जैसे खेल कराए जाऐंगे। प्रतियोगिता ग्राम, जनपद और संसदीय क्षेत्र स्तर पर तीन चरणों में होगी। ग्राम और जनपद स्तर की प्रतियोगिताएं नवंबर में होंगी। केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक उत्सव की तरह है, जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आयोजन से जोड़ा जाए। खेलों के प्रचार-प्रसार के लिए फ्लैक्स, बैनर, सोशल मीडिया के माध्यमों का उपयोग किया जाए। खेल एवं युवा कल्याण विभाग समन्वय बनाकर सभी तैयारियां पूर्ण करे। इस संबंध मे जिला पंचायत के सीओ प्रभाकर पाण्डेय ने बताया की सांसद खेल महोत्सव के लिए फंड नही आया है सांसद खेल महोत्सव के लिए फंड की व्यवस्था की जा रही है।

ग्राम और जनपद और फिर संसदीय स्तर पर होंगी प्रतियोगिताएं

फंड नहीं मिला है, विवेकानंद मद से खर्च करेंगे-सांसद खेल महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक हुई थी। इसमें बताया गया कि अब तक 1 लाख 400 खिलाड़ियों का पंजीयन हो चुका है। इस दौरान फंड नहीं होने और संसदीय स्तर की प्रतियोगिता में करीब 40 लाख खर्च होने का अनुमान बताया गया है। पंचायत स्तर पर राशि लगेगी, इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार जिला पंचायत के विवेकानंद फंड से राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध मे सांसद से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु उनसे सम्पर्क नहीं हो पाया।

सभी निर्माण एजेंसियों एवं असंगठित कामगारों का श्रमिक पंजीयन कराएं: कलेक्टर डॉ संजय

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागवार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन और पीजी पोर्टल से प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग, जनपद सीईओ और सीएमओ को *पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के शिविर लगाकर लक्ष्य पूर्ण करने कहा। श्रमिकों को लाभ दिलाने हेतु सभी निर्माण एजेंसियों और असंगठित कामगारों का श्रम पंजीयन कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने दोनों एसडीएम को पीडीएस दुकानों और सहकारी समितियों का नियमित निरीक्षण करने तथा धान खरीदी की तैयारियों पर सतत निगरानी रखने कहा। धरती आबा योजना से जुड़े लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को शीघ्र कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए।

अब कंपकंपाएगी ठंड, तापमान में दो से तीन डिग्री हो सकती है गिरावट

मौसम बदलने से मलेरिया बढ़ने का खतरा, दिन भर रहेगा ठंड का एहसास, दिन में निकलेगी धूप

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मध्य और उत्तरी हिस्सों में आज से ठंड बढ़ने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। वहीं अगले 24 घंटे में दक्षिण छत्तीसगढ़ में भी यही ट्रेंड देखने को मिल सकता है। दरअसल उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं आने लगी हैं, जिससे तापमान में गिरावट की संभावना बनी हुई है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मौसम में मलेरिया फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है। यह खतरा 7 नवंबर से 11 नवंबर तक रहने की आशंका जताई गई है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 34.0एष्ट रायपुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.5एष्ट अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।उत्तरी और मध्य

छत्तीसगढ़ः मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा। सुबह-शाम ठंड का असर महसूस होगा, दिन में धूप निकलेगी। दक्षिणी छत्तीसगढ़ (बस्तर संभाग):आज मौसम शुष्क रहेगा। इ बारिश की संभावना नहीं है और सूखा मौसम जारी रहेगा। धीरे-धीरे रातें और ठंडी होंगी। दिन में हल्के बादल छाए रहेंगे और रात में तापमान 2-3 डिग्री तक गिर सकता है। सुबह-शाम ठंडक बढ़ेगी। हवा में हल्की नमी सिस्टम मजबूत नहीं है इसलिए छत्तीसगढ़ में बारिश जैसी खास गतिविधि नहीं दिखाई देगी। हालांकि रातें इस सप्ताह और ठंडी हो सकती हैं। ऐसा तापमान मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों के लिए अनुकूल होता है। छत्तीसगढ़ में तापमान अभी इसी तरह का हो रखा है। यानी छत्तीसगढ़ में मलेरिया फैलने की अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। अगले आठ दिनों में मलेरिया संक्रमण का खतरा बढ़ा हुआ माना जा रहा है, खासकर ग्रामीण/जंगल क्षेत्रों में। दो तरह के मलेरिया का खतरा होने की संभावना है, जिसमें प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम (गंभीर प्रकार का मलेरिया) प्लास्मोडियम विवैक्स (सामान्य लेकिन बार-बार लौटने वाला मलेरिया) छत्तीसगढ़ में 11 नवंबर तक प्लास्मोडियम विवैक्स के बढ़ने का ही खतरा ज्यादा है। ऐसे में अपने आस-पास के इलाके में पानी जमा न होने दें। मच्छरदानी का उपयोग करें। फुल स्लीव के कपड़े पहनें। बुखार और सिरदर्द हो तो तुरंत जांच कराएं। छत्तीसगढ़ से मानसून 15 अक्टूबर तक लौट गया। मानसून सीजन 30 सितंबर को ही खत्म माना जाता है। इसलिए अक्टूबर में होने वाली बारिश को मौसम विभाग सालाना वर्षा के रूप में रिकॉर्ड करता है।

बारिश की संभावना कम, टेम्प्रेचर अप-डाउन होगा

बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र अभी भी सक्रिय है। यह सिस्टम उत्तर-पूर्वी और पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी और म्यांमार-बांग्लादेश तट के पास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, यह सिस्टम अगले 24 घंटों में उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ते हुए तटीय क्षेत्रों के समानांतर आगे बढ़ेगा। इसके प्रभाव का मामूली असर छत्तीसगढ़ के मौसम पर भी रहेगा। राज्य में दिन में हल्के बादल रह सकते हैं। हालांकि बारिश की संभावना बहुत कम है। हवा में नमी बनी रहने और रात के तापमान में गिरावट के कारण सुबह-शाम ठंड का एहसास बढ़ेगा। मौसम विभाग की हेल्थ एडवाइजरी के अनुसार 7 नवंबर से 13 नवंबर 2025 के बीच भारत में मलेरिया फैलने की संभावित स्थिति को दिखाता है। इसे मौसम के आधार पर तैयार किया गया है, क्योंकि मलेरिया के मच्छर तापमान के हिसाब से फैलते हैं।

न्यूज गैलरी

नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण, महिला बेरोजगारों से आवेदन आमंत्रित

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बिलासपुर (ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित) महिला सिलाई (महिला) प्रशिक्षण अवधि 10 नवंबर से 11 दिसंबर तक हेतु बिलासपुर, जिले के ग्रामीण बेरोजगार से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। 35 हितग्राहियों का चयन आवेदन की प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। दस्तावेज आधार कार्ड , राशन कार्ड या मनरेगा कार्ड ,स्वयं का बैंक पासबुक (समस्त 3 प्रति) फोटो 5 प्रति शैक्षणिक योग्यता कम से कम 08 वीं पास, आयु 18 से 45 वर्ष। पूर्णतः निःशुल्क,आवासीय,भोजन तथा प्रशिक्षण के व्यवस्था के साथ पता एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोनी थाना के पास तुर्काडीह पुल के सामने बिलासपुर।

हाईकोर्ट ने सरकार के मापदंडों और नियमों को सही ठहराया

ई संवर्ग के 1378 शिक्षकों का प्राचार्य बनने का रास्ता साफ

बिलासपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने व्याख्याता के पद पर पदोन्नति के लिए राज्य शासन द्वारा तय कैडर व मापदंडों को सही ठहराते हुए शिक्षक की याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद ई संवर्ग के 1378 व्याख्याताओं को प्राचार्य के पद पर पदोन्नति का रास्ता साफहो गया है। बता दें कि याचिका पर सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने 5 अगस्त 2025 को अपना फैसला सुरक्षित रखा था।

बता दें कि 30 अप्रैल को प्राचार्य पदोन्नित की सूची जारी की गई थी। इसके तहत छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के ई संवर्ग एवं टी संवर्ग के 2,925 प्राचार्य के पदों पर स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के व्याख्याता नियमित, व्याख्याता एलबी

तथा प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय को पदोन्नति देकर प्राचार्य बनाया था।

प्राचार्य पदोन्नति को लेकर हाईकोर्ट में कई याचिकाएं लगी है। एक मामला 2019 से जुड़ा हुआ है, जबकि दूसरा प्रकरण 2025 और बीएड-डीएलएड से जुड़ा है। 28 मार्च 2025 को जब हाईकोर्ट की पिछली सुनवाई हुई थी तो राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को आश्वस्त किया गया था कि अगली सुनवाई तक प्राचार्य पदोन्नित का आदेश जारी नहीं किया जाएगा। कोर्ट का आश्वस्त करने के बाद भी 30 अप्रैल को पदोन्नति सूची जारी कर दी गई। अगले दिन एक मई को हाईकोर्ट ने इस पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। जस्टिस रविंद्र कुमार ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा है। इससे पहले इन्टरविनर अधिवक्ता अनूप मजूमदार ने पक्ष रखा था। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में प्राचार्य पदोन्नति को लेकर हाईकोर्ट ने अहम फैसले में राज्य सरकार के बनाए गए नियमों और मापदंडों को पूरी तरह वैध माना है।

100प्रतिशत पद ई संवर्ग को देने की मांग-

नारायण प्रकाश तिवारी ने याचिका दायर कर प्राचार्य पद पर 65प्रतिशत की बजाय 100प्रतिशत पद ई संवर्ग को देने की मांग की थी। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि प्राचार्य पदोन्नति के लिए बनाए गए नियमों को लेकर डिवीजन बेंच में पहले ही विस्तार से सुनवाई हो चुकी है। 9 जून से 17 जून तक चली सुनवाई में सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए सरकार के नियमों को वैध करार दिया गया। कोर्ट ने 30 अप्रैल को जारी प्राचार्य की सूची पर लगी रोक को हटाते हुए इसे बहाल कर दिया है।

श्याम मित्र मंडल ने श्याम जन्मोत्सव मनाया, राजस्थानी झांकी ने समां बांधा

बिल्हा/नवप्रदेश। बिल्हा में श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा भव्य श्री श्याम जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें राजस्थानी झांकी के द्वारा प्रस्तुति हनुमान की राधा कृष्ण की वह शंकर पार्वती की झांकी दिखाई गई व बाहर से आए हुए गायक गायको द्वारा भजनों की जो समा बांधी गई। साथ में भक्त जनों के लिए रात में श्याम रसोई भी रखी गई थी उसका भी आनंद लिया गया और आतिशबाजी के द्वारा भव्य सब का स्वागत किया गया इसमें मुख्य रूप से श्याम मित्र मंडल के समिति के सदस्य महेश शर्मा, सीताराम अग्रवाल, उमेश शर्मा, प्रभात अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, शिव शंकर शर्मा, हरीश महाराज, प्रभात शर्मा, मिक्कू डोरिया एवं समस्त श्याम मित्र मंडल के सदस्य शामिल थे उनके द्वारा भव्य आयोजन किया गया उससे पहले 1 तारीख को कुटिया मंदिर बिहार में निशान यात्रा उठाया गया जिसमें लगभग दो से ढाई सौ के बीच में संख्या में सभी मौजूद थे एवं निशान यात्रा जो की सीधा राम मंदिर में समाप्त हुई वहां पर फिर आरती करने के पश्चात उसी दिन 1 तारीख को रात को ताली के साथ भजन कीर्तन किया गया दूसरे दिन 2 तारीख को भव्य श्याम रसोई प्रसाद रखा गया जो की 12 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक चली जिसमें भाव संख्या में भक्तगण आए श्याम रसोई का प्रसाद ग्रहण किया गया।

एनटीपीसी के 51 वें स्थापना दिवस पर आज जलेगा संघर्ष का दीया

■ क्षेत्रवासी करेंगे शांतिपूर्ण सत्याग्रह

सीपत/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत के 51वें स्थापना दिवस पर इस बार उत्सव नहीं, बल्कि शांति का सत्याग्रह देखने को मिलेगा। क्षेत्र के आठ भूविस्थापित ग्रामों के जनप्रतिनिधियों ने एक साथ आकर एनटीपीसी प्रबंधन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि एनटीपीसी की रोशनी से देश जगमगा रहा है, लेकिन जिन गांवों ने अपनी जमीनें दीं, वे आज भी अंधेरे और उपेक्षा में हैं। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि 7 नवंबर, शुक्रवार शाम 7 बजे नवाडीह चौक, सीपत में सभी ग्रामीण, व्यापारी, युवा और नागरिक मिलकर कैंडल जलाकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज करेंगे। यह विरोध किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि।क्षेत्र के विकास और समान अधिकार की भावना से प्रेरित है। इनकी मुख्य मांगे भूविस्थापितों को स्थायी रोजगार, ग्रामों में सड़क, जल व स्वास्थ्य सुविधाएं स्वच्छता और पशु संरक्षण व्यवस्था, स्थानीय विद्युत सुधार व गांवों का विद्युतीकरण है। सीपत सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार ने बताया कि इस अवसर पर आठ प्रभावित ग्रामों के सरपंच नवाडीह चौक में एक साथ उपस्थित रहेंगे। सभी का उद्देश्य एक ही है सीपत क्षेत्र का संतुलित विकास और गांव-गांव में उजियारा।।एनटीपीसी की रोशनी भले ही देश को चमकाए, पर अब समय है कि उसकी चमक सीपत के हर घर, हर गली तक पहुंचे।

सात मिनट तक घर व दुकानों में जलाएं दीप

सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि हो सकता है हम अलग-अलग विचारधाराओं से आते हों, पर जब बात हमारे क्षेत्र के विकास की हो तो हम सभी एक हैं। हम किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए खड़े हैं। अगर कोई व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम में नहीं आ सकता, तो केवल 7 मिनट के लिए अपने घर या दुकान की लाइट बंद करें और एक दिया जलाएं। यह दिया 'विकास' और 'समानता' की रोशनी का प्रतीक होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण सत्याग्रह के रूप में किया जाएगा, ताकि एनटीपीसी प्रबंधन यह महसूस करे कि जिस क्षेत्र ने उन्हें भूमि और समर्थन दिया, उस क्षेत्र का भी विकास होना चाहिए।

काव्य संकलन 'संसार मोती' का विमोचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। साहित्यकार सुरेश सिंह बैस (शाश्वत) के काव्य संकलन 'संसार मोती' का प्रकाशन और विमोचन किया गया। सुरेश ने बताया कि 'संसार मोती' में उनकी कुल चौदह काव्य रचनाएं शामिल हैं, जिनमें राम की गाथा, भारत और नेपाल, भक्ति भाव है या योग, गणतंत्र दिवस, एक पौधे की आत्मकथा, विस्फोटक दुनिया, महात्मा गांधी, तारीफ दूसरों की फायदा अपना, जीवन एक रंगमंच है जैसी रचनाएं सम्मिलित हैं।

शिविर में 51 मरीजों को नि:शुल्क दवाई वितरित

■ 26 लोगों का किया गया रक्त परीक्षण

बिल्हा/नवप्रदेश। नगर पंचायत बिल्हा द्वारा रजत जयंती के उपलक्ष्य में वार्ड क्रमांक 2 अग्रसेन चौक में मुख्यमंत्री मेडिकल यूनिट के द्वारा 65 मरीज का निःशुलक इलाज किया गया जिसमें पुरुषों की संख्या 09, महिलाओं की संख्या 46,बच्चों की संख्या 10, रही जिसमें 51 मरीज को निःशुल्क दवाई वितरण की गई एवं 26 लोग का रक्त परीक्षण किया गया। इस सराहनीय कार्य में नगर पालिका

अधिकारी प्रवीण गहलोत की अहम भूमिका रही एवं मुख्यमंत्री मोबाइल यूनिट के अधिकारी कर्मचारी द्वारा लोगों को प्रोत्साहित कर समय-समय में अपने इलाज और शासन द्वारा दी गई सुविधा का लाभ उठाने का भरपूर जोर दिया गया। वह समय-समय पर नगर पंचायत द्वारा कई कल्याणकारी योजना निरंतर रखना की बात कही गई जिसमें शहर के नगर वासी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का ध्यान रख सके।

ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय में आध्यात्मिक गीता ज्ञान महोत्सव शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, श्रीविहार अशोक नगर, सरकंडा में 'आध्यात्मिक गीता ज्ञान महोत्सव' का भव्य शुभारंभ हुआ। 'श्रीमद भगवत गीता का सार- खुशहाल जीवन का आधार' विषय पर आधारित यह कार्यक्रम 2 से 8 नवंबर तक प्रतिदिन शाम 3 से 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश की राजयोगिनी भारती दीदी श्रीमद भगवत गीता का सार प्रस्तुत कर रहीं हैं। साथ ही प्रतिदिन सुबह 5.30 से 7 बजे तक म्यूजिकल एक्सरसाइज मेडिटेशन एवं 'खुशनुमा जीवन' शिविर का आयोजन

श्रीमद भगवत गीता से जीवन बने खुशहाल

किया जा रहा है, जिसमें लोग तन और मन की शांति के उपाय सीख रहे हैं। प्रवचनकर्ता राजयोगिनी भारती दीदी ने बताया कि पहली बार बिलासपुर में प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा श्रीमद भगवत गीता ज्ञान का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अपने धर्मग्रंथों का गहराई से अध्ययन कर जीवन को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा देना है। उन्होंने कहा कि 'सिर्फ प्रवचन, कथा और सत्संग से कल्याण नहीं होता, बल्कि श्रेष्ठ विचारों और श्रेष्ठ आचरण का जीवन में समावेश आवश्यक है। श्रीमद भगवत गीता हर समस्या चाहे वह मानसिक, पारिवारिक, राष्ट्रीय या वैश्विक हो का समाधान देती है। दीदी ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन श्रीमद भगवत गीता के श्लोकों का अध्ययन करें और उनमें बताए गए संयम और अनुशासन को जीवन में आत्मसात करें। बाल्यकाल से ही आध्यात्मिक प्रवृत्ति रखने वाली भारती दीदी ने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद बीते 20 वर्षों से समाज के उत्थान हेतु अपना जीवन समर्पित कर दिया है। उन्होंने अनेक राज्यों मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र और राजस्थान में गीता ज्ञान शिविरों का संचालन किया है।

अरपा नदी की सफाई को लेकर 'अरपा अर्पण महाअभियान समिति' ने निगम को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। अरपा नदी के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर 'अरपा अर्पण महाअभियान समिति' ने नगर पालिक निगम को ज्ञापन सौंपा है। समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने निगम आयुक्त से आग्रह किया है कि नदी में फैली गंदगी और कीचड़ की सफाई जल्द से जल्द की जाए तथा पुलों और घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।समिति ने पत्र में बताया है कि अरपा नदी के किनारे बने पुलों पर सुरक्षा जाल (नेट) लगाने की आवश्यकता है, ताकि लोग अनजाने में नदी में न गिरें। समिति के सदस्यों ने यह भी बताया कि हाल ही में कुछ पुलों पर सुरक्षा के अभाव में हादसे होने की संभावना बनी हुई है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि समिति लगातार अरपा नदी के पुनरुद्धार हेतु कार्य कर रही है और आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की गई है। समिति का कहना है कि अरपा नदी बिलासपुर की जीवन रेखा है और इसका संरक्षण हर नागरिक का दायित्व है। पत्र पर नगर निगम बिलासपुर की मुहर लगी है और इसे औपचारिक रूप से प्राप्त कर लिया गया है।

आयोजन — महात्मा राम भिक्षुक धर्म जागरण सेवा समिति कराएगी आयोजन, मौनी अमावस्या पर 18 जनवरी से होगा शुरु

1108 पार्थिव शिवलिंगों से गूंजेगा हर-हर महादेव, साइंस कॉलेज ग्राउंड में होगा महारूद्राभिषेक

बिलासपुर/नवप्रदेश। आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम इस बार मौनी अमावस्या महापर्व (18 जनवरी 2026, रविवार) को देखने को मिलेगा। इस पावन अवसर पर महात्मा श्री राम भिक्षुक धर्म जागरण सेवा समिति द्वारा 1108 पार्थिव शिवलिंग महारूद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन साइंस कॉलेज ग्राउंड, सरकंडा में संपन्न होगा।

कार्यक्रम का यह शानदार तीसरा वर्ष है, जो शहर की धार्मिक पहचान और आध्यात्मिक संस्कृति को नई ऊंचाई दे रहा है। आयोजन की जानकारी गुरुवार को प्रेस क्लब में आयोजित

प्रेसवार्ता के दौरान दी गई। इस अवसर पर समिति के प्रमुख संरक्षक डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. ओम माखिजा, जवाहर सराफ, अपर्णा दास, जयश्री शुक्ला, डॉ. प्रदीप शुक्ला, अरुण सिंह चौहान, सुधांशु मिश्रा, राजा शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए डॉ. विनोद तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और समरसता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष इस आयोजन के माध्यम से लोगों को भक्ति, सेवा और सामाजिक एकता के प्रति जागरूक किया जाता है। भजन, कथा, प्रवचन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय बन जाता है, जिससे लोगों में सकारात्मक ऊर्जा और आस्था का संचार होता है। शहर के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा देने वाला यह कार्यक्रम अब अपनी पहचान बन चुका है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. प्रदीप शुक्ला का कहना है कि 'यह कार्यक्रम न केवल शहर की शोभा बढ़ा रहा है, बल्कि समाज में धार्मिक चेतना और सकारात्मकता का संचार भी कर रहा है।' डॉ. शुक्ला का मानना है कि 'धर्म केवल पूजा या अनुष्ठान का विषय नहीं, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। जब व्यक्ति अपने भीतर भक्ति और नैतिकता को जागृत करता है, तब समाज में भी शांति और सद्भाव का विस्तार होता है।

पोस्टर विमोचन से हुई शुरुआत

प्रेसवार्ता के दौरान कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। पोस्टर में कार्यक्रम की तिथि, स्थल और आयोजन की विस्तृत जानकारी दी गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस भव्य आयोजन के लिए व्यापक तैयारियाँ चल रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राउंड पर पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि समाज में भक्ति, शांति और सद्भाव की भावना फैलाना है।

न्यूज़ गैलरी

51 एसी यात्रियों की थी बुकिंग, पर कोच लगाना ही भूल गए; 3 घंटे बेहाल हुए यात्री

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे की एक बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है, जहाँ बुकिंग होने के बावजूद निजामुद्दीन-यशवंतपुर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन में एक अतिरिक्तएसी कोच नहीं जोड़ा गया। इस गंभीर चूक के कारण 51 यात्रियों को निजामुद्दीन से ग्वालियर तक की करीब 3 घंटे की यात्रा बिना वातानुकूलित कोच में करने को मजबूर होना पड़ा। जानकारी के अनुसार, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में कोच न जोड़े जाने से परेशान 51 यात्रियों को अलग-अलग साधारण डिब्बों में जैसे-तैसे जगह दी गई। निजामुद्दीन के बाद ट्रेन का पहला स्टॉपेज ग्वालियर ही था। ग्वालियर पहुंचते ही 3 घंटे की असुविधाजनक यात्रा से गुस्साए यात्रियों ने रेलवे अफसरों से शिकायत करते हुए जमकर हंगामा किया। यात्रियों की शिकायत और हंगामे के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आया। शिकायत के बाद ग्वालियर में ट्रेन में एक स्पेशल कोच को जोड़ा गया, जिसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। इस पूरी घटना के कारण यात्रियों को 3 घंटे तक भारी परेशानी झेलनी पड़ी। मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तर रेलवे ने इस चूक की जांच के आदेश दिए हैं। उत्तर रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यशवंतपुर संपर्क क्रांति में कोच क्यों नहीं जोड़ा गया, इसकी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड

मुंबई। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ग्रामीण और इससे जुड़े क्षेत्रों में निवेश पर फोकस करेगी। यह स्कीम 6 नवंबर 2025 से 20 नवंबर 2025 तक निवेशकों के लिए खुली रहेगी। इस फंड का उद्देश्य लंबी अवधि में निवेशकों की दौलत में इजाफा करना है, जिसके लिए यह उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करेगा, जो भारत के ग्रामीण विकास और बदलाव (रूरल ट्रांसफॉर्मेशन) से जुड़ी हैं या उससे लाभ कमा रही हैं। इस स्कीम का बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी रूरल इंडेक्स टीआरआई होगा। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने इस मौके पर कहा कि, ग्रामीण भारत अब केवल खेती तक ही सीमित नहीं है, यह 'भारत' के विकास का नया मोर्चा बन चुका है। वित्तीय समावेशन से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग तक, ग्रामीण भारत में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। यह बदलाव अवसरों, नई उम्मीदों और सरकारी नीतियों की वजह से आ रहा है।

दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय ऊर्जा एकीकरण को देंगे बढ़ावा

भारत-नेपाल के बीच ऊर्जा समझौते पर बनी बात



काठमांडू। नेपाल और भारत के अधिकारियों ने सीमा पार बिजली विनिमय बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। इसके साथ ही दोनों देशों ने कई मौजूदा एवं नियोजित ट्रांसमिशन लाइन परियोजनाओं पर काम में तेजी लाकर ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की हामी भी भरी है।

पश्चिमी पर्यटन शहर पोखरा में सोमवार और मंगलवार को दोनों देशों के ऊर्जा (विद्युत) मंत्रालयों के अंतर्गत संयुक्त तकनीकी दल (जेटीटी) की 17वीं बैठक आयोजित की गई। इस दौरान, दोनों पक्षों ने बिजली व्यापार, नई क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण और ट्रांसमिशन सिस्टम को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की। इसके साथ ही दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण समझौते भी किए।

नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों देश प्रस्तावित चमेलिया-जौलजीबी 220 केवी डबल-सर्किट क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइन के लिए नवंबर 2025 तक एक संयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने पर सहमत हुए। उम्मीद की जा रही है कि यह डीपीआर दिसंबर 2027 तक पूरा हो सकता है। प्रस्तावित लाइन नेपाल के सुदूर-पश्चिमी क्षेत्र को भारत के उत्तराखंड राज्य से जोड़ेगी।

दोनों देश निर्माणाधीन नई बुटवल-गोरखपुर 400 केवी क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइन के पूरा होने के बाद उसे शुरू में 220 केवी पर संचालित करने पर सहमत हुए। इस लाइन की आयात-निर्यात क्षमता को अंतिम रूप देने के लिए उत्तर प्रदेश ट्रांसमिशन कंपनी के साथ 15 दिनों के भीतर एक बैठक होगी।

नेपाली अधिकारियों ने बताया कि हाल के महीनों में सीमा के दोनों ओर निर्माण कार्यों में तेजी आई है। इस परियोजना का उद्घाटन नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड ने भारत यात्रा के दौरान संयुक्त रूप से किया था।दोनों पक्षों ने धालकेबार-मुजफ्फरपुर और निर्माणाधीन धालकेबार-सीतामढ़ी क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइनों की बिजली विनिमय क्षमता का भी पुनर्मूल्यांकन किया। इससे यह पुष्टि हुई कि नेपाल इनमें से प्रत्येक के माध्यम से 1500 मेगावाट तक बिजली का निर्यात और 1400 मेगावाट तक आयात कर सकता है।दोनों परियोजनाओं को शुरू में 1000 मेगावाट क्षमता संभालने के लिए डिजाइन किया गया था। वर्तमान में, धालकेबार-मुजफ्फरपुर लाइन नेपाल और भारत के बीच एकमात्र चालू 400 केवी क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइन है, हालांकि लगभग एक दर्जन छोटी सीमा पार बिजली लाइनें हैं। इसके अलावा, दोनों पक्षों ने धालकेबार-मुजफ्फरपुर लाइन के पुनर्निर्माण के लिए उच्च तापमान कम गिरावट (एचटीएलएस) प्रौद्योगिकी को अपनाने और क्षमता बढ़ाने के लिए रक्सौल-परवानीपुर और रामनगर-गंडक 132 केवी लाइनों में मौजूदा कंडक्टरों को एचटीएलएस कंडक्टरों से बदलने का संयुक्त रूप से अध्ययन करने पर भी सहमति व्यक्त की।

भारत के सर्विस सेक्टर की ग्रोथ कुल मिलाकर मजबूत बनी

अक्टूबर में कारोबारी गतिविधियां बढ़ीं सर्विसेज पीएमआई 58.9 दर्ज किया

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल डेटा द्वारा गुरुवार को जारी डेटा के अनुसार, एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स इस वर्ष अक्टूबर में 58.9 दर्ज किया गया, जो दर्शाता है कि भारत के सर्विस सेक्टर की ग्रोथ कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई है।

एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स 50 मार्क के साथ-साथ अपने लंबे समय के औसत 54.3 से काफी ऊपर रहा।डेटा से जानकारी मिलती है कि मजबूत मांग और हालिया जीएसटी रेट कटौती से गतिविधियों को समर्थन मिलता रहा, लेकिन प्रतिस्पर्धा और भारी बारिश की वजह से विकास की गति सीमित हो गई।

एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा, प्रतिस्पर्धा का दबाव और भारी बारिश के कारण सर्विस सेक्टर की गति कुछ धीमी रही। हालांकि, बावजूद इसके सर्विसेज पीएमआई अभी भी 50 के

अपने न्यूट्रल लेवल से ऊपर बना हुआ है। यह अपने लॉन्ग-रन एवरेज से काफी ऊपर रहा है।रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते महीने अक्टूबर में नए बिजनेस में तेजी से बढ़ोतरी हुई। हालांकि, बाढ़ और बढ़ती प्रतिस्पर्धा की वजह से मांग प्रभावित हुई। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी बढ़ते रहे, लेकिन इस वर्ष मार्च के बाद यह सबसे धीमी दर रही, जो भारतीय सर्विसेज के लिए मजबूत लेकिन कम होती विदेशी मांग की ओर इशारा करता है।धीमी गति के बावजूद सर्विस प्रोवाइडर्स भविष्य के लिए बिजनेस एक्टिविटी को लेकर आशावादी बने हुए हैं। इस बीच, मजबूत मांग और जीएसटी रेट में कटौती की वजह से अक्टूबर में मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी बढ़कर 59.2 हो गई।

अक्टूबर में एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स सितंबर के 57.7 से अधिक रहा, जो सेक्टर में तेजी से हुए होते सुधार को दर्शाता है। अक्टूबर का 59.2 अगस्त में रिकॉर्ड किए गए 59.3 से थोड़ा ही कम था।प्रांजुल भंडारी ने अक्टूबर में मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी बढ़ने को लेकर कहा कि बीते महीने मजबूत मांग ने आउटपुट को बढ़ावा दिया। इससे नौकरियों के अवसर पैदा हुए और कंपनियों को नए ऑर्डर मिले।

एप्पल वॉच का कमाल : एक महीने में दो भारतीयों की बचाई जान

एक को स्ट्रोक से तो दूसरे को पानी में डूबने से बचाया

नई दिल्ली। एप्पल वॉच ने सिर्फ एक महीने के भीतर भारत में दो लोगों की जान बचाकर सुर्खियां बटोर ली हैं। दोनों ही घटनाएं अक्टूबर महीने की हैं और अब इनकी कहानियां इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। एक मामले में वॉच ने मध्य प्रदेश के एक शख्स को हार्ट स्ट्रोक से बचाया, तो वहीं दूसरे मामले में मुंबई के एक व्यक्ति की स्कूबा डाइविंग के दौरान जान बचाई। मध्य प्रदेश के साहिल को स्ट्रोक से बचाया मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना अक्टूबर के अंत की है। मध्य प्रदेश के 26 वर्षीय साहिल एक बिजनेस ट्रिप पर बाहर गए हुए थे। मीटिंग खत्म करने के बाद वे एक मूवी देखने का प्लान बनाते हैं। जब वे आराम से एसी थिएटर में बैठकर फिल्म देख रहे थे, तभी उनकी ढ्ढश्चश्चद्यद्ग ड्ढड्डह्लष्द्ध पर एक अलर्ट आया, जिसमें बताया गया कि उनकी हार्ट रेट (हृदय गति) बहुत तेज हो गई है। यह अलर्ट इसलिए चौंकाने वाला था क्योंकि वे करीब 2 घंटे से आराम से बैठे हुए थे।

साहिल ने इस अलर्ट को नजरअंदाज नहीं किया। वॉच पर उनकी हार्ट रेट 150 ड्ढश्चद्व (बीट प्रति मिनट) दिख रही थी। वे तुरंत डॉक्टर के पास गए, जिन्होंने श्वष्टत्र और ब्लड टेस्ट कराए। जांच में पता चला कि उनकी हार्टबीट सच में खतरनाक स्तर पर थी। डॉक्टर ने उन्हें बताया कि अगर वे इस हालत में अपनी अगली ट्रेन यात्रा करते, तो उन्हें स्ट्रोक या ब्रेन हेमरेज का खतरा हो सकता था। ऐपल वॉच के समय पर मिले अलर्ट ने उनकी जान बचा ली। बाद में साहिल ने ढ्ढश्चश्चद्यद्ग के ष्टश्व्र टिम कुक को धन्यवाद देते हुए एक ईमेल भी लिखा। दूसरा मामला अक्टूबर महीने की शुरुआत का है। मुंबई के रहने वाले क्षितिज जोडपे पुडुचेरी के पास स्कूबा डाइविंग कर रहे थे। तभी पानी के अंदर उनकी सपोर्ट बेल्ट अचानक ढीली हो गई और वे अपना बचाव करने की कोशिश करने लगे।उसी पल, उनकी pple Watch Ultra ने खतरे को भांप लिया। वॉच का सायरन (अलर्ट) बजने लगा और उसकी स्क्रीन की लाइट भी बहुत तेज हो गई।

खेल, मनोरंजन

हरमनप्रीत, मंधाना और जेमिमा रिटेन एलिसा हीली दीप्ति और मेग लैनिंग को टीमों ने रिलीज किया

स्पोर्ट्स डेस्क। विमेंस प्रीमियर लीग के मेगा ऑक्शन से पहले 5 टीमों की प्लेयर रिटेंशन लिस्ट रिलीज हो चुकी है। ष्ठ्रख्क क्रिकइन्फो की रिपोर्ट अनुसार, भारत की वर्ल्ड कप विनिंग प्लेयर्स हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स को उनकी टीमों ने रिटेन कर लिया है।

वनडे वर्ल्ड कप की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा, न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमीलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली और पूर्व कप्तान मेग लैनिंग तक को टीमों ने रिलीज कर दिया। मेगा ऑक्शन 27 नवंबर को दिल्ली में हो सकता है। दिल्ली और मुंबई ने 5-5 प्लेयर्स रिटेन किए डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस और 3 बार की रनर-अप टीम दिल्ली कैपिटल्स ने सबसे ज्यादा 5-5 प्लेयर्स को रिटेन किया। सीजन-2 की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 4 ही प्लेयर्स को रिटेन किया। वहीं पहली फाइनल नहीं खेलने वाली गुजरात जायंट्स ने 2 और यूपी वॉरियर्स ने 1 ही प्लेयर को रिटेन किया। 5 प्लेयर्स को रिटेन कर सकती हैं टीमें इस बार मेगा ऑक्शन होना है। ऑक्शन से पहले 5 टीमें 5-5 प्लेयर्स को ही रिटेन कर सकती हैं। इनमें 2 विदेश की और 3 भारतीय प्लेयर्स हो सकती हैं। भारतीयों में भी 2 ही अनकैप्ड प्लेयर्स को रिटेन करने की लिमिट है। जो टीमें 5-5 प्लेयर्स रिटेन नहीं करेंगी, उनके पास ऑक्शन में बाकी स्लॉट के लिए राइट टु मैच कार्ड भी रहेगा।उदाहरण के लिए 4 प्लेयर्स को रिटेन किया। यानी उनके पास मेगा ऑक्शन में एक कार्ड रहेगा।

इसकी मदद से अपनी टीम का हिस्सा रहीं सोफी मोलिनेक्स, रेणुका ठाकुर और सोफी डिवाइन जैसी प्लेयर्स को ऑक्शन में फिर से अपना हिस्सा बना सकेगी।मुंबई-दिल्ली के पास सबसे कम पर्स रहेगा सभी टीमों के पास 15-15 करोड़ रुपए का पर्स था। रिटेंशन में प्लेयर-1 पर 3.5 करोड़ रुपए, प्लेयर-2 पर 2.5 करोड़, प्लेयर-3 पर 1.75 करोड़, प्लेयर-4 पर 1 करोड़ और प्लेयर-5 पर 50 लाख रुपए खर्च होते।अगर कोई टीम 5 प्लेयर्स को रिटेन करती है तो उनके 9.25 करोड़ रुपए खर्च हो जाएंगे। इस हिसाब से मुंबई और दिल्ली के पास ऑक्शन में 5.75 करोड़ रुपए ही रहेंगे। उनके पास RTM कार्ड भी नहीं रहेगा। इसी तरह RCB के पास 6.25 करोड़ रुपए के साथ 1 RTM कार्ड है।गुजरात 9 करोड़ रुपए के पर्स और 3 RTM कार्ड के साथ ऑक्शन में उतरेगी। वहीं यूपी ने एक अनकैप्ड प्लेयर को ही रिटेन किया, इसलिए टीम 14.50 करोड़ रुपए के पर्स और 4 RTM कार्ड के साथ ऑक्शन में आएगी। 2023 में शुरू हुआ था विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत 2023 में हुई थी। तब मुंबई इंडियंस ने हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में खिताब जीता था। स्मृति मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दूसरे सीजन का टाइटल उठाया। वहीं हरमन की कप्तानी में ही मुंबई ने 2025 में दूसरी बार भी खिताब जीता।

नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज़ दिल्ली क्राइम का तीसरा सीज़न 13 नवंबर को प्रीमियर होगा

नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी लोकप्रिय और बहुचर्चित वेब सीरीज़ दिल्ली क्राइम के तीसरे सीज़न का नया प्रोमो जारी कर दिया है। यह नया सीज़न13 नवंबर 2025 को प्रीमियर होगा और एक बार फिर दर्शकों को अपराध, सच्चाई और इंसाफ की खौफनाक लेकिन ज़रूरी कहानी दिखाने वाला है। इस बार कहानी और भी डरावनी और कठोर है। डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) और उनकी टीम एक भयानक मानव तस्करी के केस कीतहकीकात करती नजर आएगी। यह कहानी वास्तविक बेबी फलक घटना से प्रेरित है, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। ट्रेलर में शेफालीशाह का दृढ़ और भावनात्मक चेहरा दिखता है, जो एक ऐसे ट्रक का सुराग पाती हैं जिसमें लापता बच्चियों की कहानी छिपी है।कहानी की शुरुआत एक छोड़े हुए नवजात बच्चे से होती है, जो पुलिस को खतरनाक और संगठित तस्करी नेटवर्क तक ले जाती है। यह सीज़न सिर्फअपराधियों के

खिलाफ संघर्ष की कहानी नहीं है, बल्कि उस व्यवस्था की भी पड़ताल करता है जो ऐसी घटनाओं को होने देती है–सामाजिक चूकें, प्रशासनिक लापरवाही और मानवता का क्षय।इस बार सीरीज़ में हुमा कुरैशी भी एक अहम किरदार निभा रही हैं–मीना, जो तस्करी गिरोह की निर्दयी सरगना है। उनके साथ रसीका दुग्गल, राजेशतैलंग, सयानी गुप्ता और मिता वशिष्ठ जैसे अनुभवी कलाकार भी नजर आएंगे, जो कहानी में और गहराई जोड़ते हैं।दिल्ली क्राइम सीज़न 3 दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगा–क्या अपराध केवल अपराधियों का दोष है, या समाज भी कहीं न कहीं उसका मौनगवाह है? शेफाली शाह के दमदार अभिनय और यथार्थवादी निर्देशन के साथ, यह सीरीज़ एक सामाजिक आईना बनेगी जो हमारी संवेदनाओं को झकझोर देगी।यह नया सीज़न 13 नवंबर 2025 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/ 5140 Korba West, dtd. 04.11.2025
(e-Bidding) TENDER NOTICE No. 1376/2025.
Online tenders are invited from experienced & prospective Firms for the following Works/Supply:

S. No	Rfx No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date of submission & opening
1.	Rfx No. 8100047305	Supply of Various Capacity Split Air Conditioner with Accessories as per given specification for HTPS, Korba West.	590/-	6,250/-	26.11.2025
2.	Rfx No. 8100047185	Repairing of Motor Bearing Housing/ End Cover of Various LT/HT Motors Installed at 4x210 MW& 1x500 MW , HTPS, Korba West.	590/-	10,565/-	27.11.2025
3.	Rfx No. 8100047149	Procurement of Complete Set of Seals for Rotary Air Preheater, Type-27 VIMT 2000 of 210 MW, BHEL Boiler of Unit No. 2, PH-I, HTPS, Korba West.	590/-	5,135/-	26.11.2025

NOTE:- 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal**.2. Quantity as per tender schedule. S-45800/2
SUPERINTENDING ENGINEER (C-I) O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P) HTPS, CSPGCL, KORBA WEST
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट टीम में लौटे पंत, प्रसिद्ध की जगह आकाशदीप को मौका

मुंबई। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। विकेटकीपर बैटर ऋषभ पंत की 3 महीने बाद टीम में वापसी हुई है। बुधवार शाम को BCCI ने टीम रिलीज की, पंत को तमिलनाडु के नारायण जगदीसन की जगह चुना गया। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भी बाहर किया गया, उनकी जगह आकाशदीप को मौका मिला। इंग्लैंड में चोटिल हो गए थे पंत ऋषभ पंत चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की होम टेस्ट सीरीज नहीं खेल सके थे। वे इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। पंत के पैर में फ्रैक्चर था। पंत ने 2 नवंबर को बेंगलुरु स्थित BCCI सेंटर ऑफ

एक्सीलेंस में साउथ अफ्रीका-ए के खिलाफ 4 दिवसीय मैच में भारत-ए की कप्तानी करते हुए मैदान पर वापसी की। वे पहली पारी में तो 17 रन ही बना सके, लेकिन दूसरी पारी में 90 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। पंत के नाम 8 टेस्ट शतक ऋषभ पंत भारत के लिए 47 टेस्ट में 44.50 की औसत से 3427 रन बना चुके हैं। उनके नाम 8 शतक और 18 फिफ्टी भी शामिल हैं। वे टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विकेटकीपर हैं। उन्होंने 31 वनडे और 76 वनडे भी खेले हैं।शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान व विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और आकाश दीप। साउथ अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका भारत में टेस्ट सीरीज जीत चुका है।

विश्व शतरंज कप में दिप्तायन ने किया बड़ा उलटफेर, नेपोम्नियाची को हराया

नई दिल्ली। दिप्तायन घोष ने विश्व शतरंज कप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर रूस के इयान नेपोम्नियाची को दूसरे दौर के दूसरे गेम में हरा दिया।

ग्रैंडमास्टर दिप्तायन घोष ने विश्व शतरंज कप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर रूस के इयान नेपोम्नियाची को दूसरे दौर के दूसरे गेम में हरा दिया। एकतरफा मुकाबले में घोष ने उन्हें कोई मौका ही नहीं दिया।जीत के बाद उन्होंने कहा, 'यह मेरे शतरंज कैरियर की सबसे बड़ी जीत है।' इससे पहले ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा तीसरे दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए, जिन्होंने रूस के अर्सेनी नेस्तेरोव को मात दी। वहीं, विश्व जूनियर चैम्पियन वी प्रणव को नॉर्वे के आर्यन तारी ने हराया।

न्यायालय तहसीलदार कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. बी-121/सन 20
साकिन ..... प.ह.नं. .....

उद्घोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अनुपा यादव पिता/पति महेश कुमार यादव जाति राऊत निवासी ग्राम मालगांव तहसील कांकेर जिला उ.ब. कांकेर के द्वारा उनके भाई गोविंद कुमार यादव पिता पिलु राम यादव जाति राऊत ग्राम लुलेगोंदी का मृत्यु दिनांक 13/01/2011 पंजीयन कराने बाबत शपथ पत्र जज्चा बच्चा, स्कूल प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत के अनुलब्धता के साथ आवेदक अनुपा यादव आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो विधिवत अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 20/11/2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मोहर साथ जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
कांकेर जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, (वि/यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना Protal: http://epros.cgstate.gov.in
नि.आ.सू. दिनांक 04/11/2025 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 28/11/2025 Physical Submission Last Date 01/12/2025
आनलाईन निविदा प्रथम आमंत्रण

क्र.	नि.आ.सू. क्रमांक	आनलाईन टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	31	178778	providing Electrical Pole, Transformer, LT & HT line shifting work of Darri Baraz to Barampur Chowk, Distt. Korba (C.G) (Deposit Work)	63.63

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

जी-252604558/2

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., (वि./यां.) मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

एसआईआर को लेकर फील्ड में उतरेंगे राजनीतिक दलों के बीएलए कांग्रेस के पास ना कार्यकर्ता है, ना मतदाताः डिप्टी सीएम साव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 4 नवंबर से विशेष इंटेंसिव रिवीजन की शुरूआत हो चुकी है। वहीं इसे लेकर प्रदेश को राजनीतिक दल भी अब फील्ड में बीएलए यानि बूथ लेवल एजेंट उतारने जा रहे हैं। जहां एक ओर बीजेपी अब घर-घर जाकर मतदाता सूची की जांच करवाने जा रही है। इसके लिए बूथ स्तर पर एजेंटों की नियुक्ति और प्रशिक्षण का काम लगभग पूरा हो चुका है। वहीं कांग्रेस भी तैयारी में जुट गई है।

कांग्रेस के पास ना कार्यकर्ता है, ना मतदाता : अरूण साव

वहीं बीएलए यानि बूथ लेवल एजेंट को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के पास ना कार्यकर्ता है, ना मतदाता है। कांग्रेस अपनी हार का ठीकरा कभी ईवीएम पर फोड़ती है, तो कभी कभी संविधान विपरीत बात करती है। जमीनी स्तर पर कांग्रेस कहीं नहीं है।

दीपक बैज ने साधा निशाना

वहीं एसआईआर को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि 1 महीने के अंदर सभी बीएलओ को सभी के घर पहुंचना है। बीएलओ की ट्रेनिंग अच्छे से नहीं हो पाई है, और फॉर्म भी उपलब्ध नहीं है।

बीजेपी ने बूथ लेवल एजेंट को दिया जिम्मा

भारतीय जनता पार्टी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण स्ढ्ढक्रके तहत घर-घर जाने की तैयारी कर रही है।। हर घर के लोगों के नाम मतदाता सूची में दो बार जांचे जाएंगे। ऐसे में अगर किसी अवैध मतदाता के बारे में पता चलता है तो उसके नाम कटवाने का जिम्मा भी बूथ लेवल एजेंट को होगा। अगर किसी का नाम नहीं जुड़ पाया है तो वह भी काम एजेंट करेंगे। इसके लिए बीएलए-1 और बीएलए 2 के प्रशिक्षण निर्वाचन आयोग की तरफसे हो चुकी है।

एसआईआर पर सियासत, बृजमोहन और बैज आमने-सामने

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के महा-शुद्धिकरण 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (SIR) पर सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच जोरदार आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है।

रायपुर सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, **एसआईआर** ईमानदारी से हुआ तो रायपुर से एक लाख फर्जी वोटर कट जाएंगे। कई लोग गांव लौट गए, कई की मृत्यु हो चुकी, कुछ का पता ही बदल गया। फर्जी नाम हटेंगे, नए मतदान केंद्र बनेंगे। उन्होंने इसे 'लोकतंत्र की सफाई' बताया।

दीपक बैज का पलटवार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने तंज कसा, बृजमोहन जी ने खुद कबूल कर लिया कि रायपुर में एक लाख फर्जी वोटर हैं! यही हम सालों से चिल्ला रहे थे। अब भाजपा की पोल खुल गई। बैज ने ऐलान किया, कांग्रेस 400 टीमें बना रही है। हर जिले में **एसआईआर** मॉनिटरिंग सेल। एक महीने की समय-सीमा काफी नहीं, हम हाईकमान से और वक्त मांगेंगे।

निर्वाचन आयोग की अपील

राज्य निर्वाचन आयुक्त यशवंत कुमार बोले, हर नागरिक 15 दिसंबर तक बीएलओ से मिलकर अपना नाम-पता चेक कर लें। फॉर्म-6, 7, 8 ऑनलाइन या ऑफ लाइन जमा करें। हेल्पलाइन 1950 पर 24इन टू 7 सहायता। 2024 की सूची में रायपुर अर्बन में 22।40 लाख मतदाता। एसआईआर में 1.80 लाख नए नाम जुड़ने, 1.10 लाख कटने का अनुमान। पूरे प्रदेश में 42 हजार बीएलओ घर-घर पहुंच रहे हैं।

टूर गाइडिंग व हॉस्पिटैलिटी प्रबंधन प्रशिक्षण में राज्य के 52 युवा चयनित

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट और छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में टूर गाइडिंग व हॉस्पिटैलिटी प्रबंधन प्रशिक्षण शुरू हो गया है। इसमें राज्य के 52 युवा प्रशिक्षुओं को नवाचार पूर्ण पर्यटन कौशल एवं रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। प्रशिक्षण के तहत युवाओं को आधुनिक पर्यटन आवश्यकताओं, अतिथि सत्कार व पेशेवर गाइडिंग के तौर-तरीकों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर उन्हें प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा, जिससे बढ़ते पर्यटन उद्योग में युवाओं को नए अवसर प्राप्त होंगे।

भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान ग्वालियर और छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से टूर गाइडिंग एवं हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। प्रशिक्षण में राज्य के 52 प्रतिभागी चयनित हुए हैं, जिनमें से अधिकांश आदिवासी क्षेत्र बस्तर से हैं। इन चयनित प्रतिभागियों को पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान, नवाचार एवं रोजगार की दिशा में समग्र रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। आईआईटीटीएम के प्रतिनिधि अधिकारियों के मुताबिक प्रशिक्षण कार्यक्रम से स्थानीय युवाओं को न केवल पर्यटन क्षेत्र में काम करने का कौशल मिलेगा। बल्कि राज्य की संस्कृति एवं विरासत का प्रचार-प्रसार भी आसान होगा। इस पहल से राज्य में पर्यटन संबंधी सेवाओं को मजबूती मिलेगी। वहीं युवाओं को रोजगार के साथ ही अभिनव उद्यमशीलता की दिशा में भी प्रोत्साहन मिलेगा।

महादेव घाट कॉरिडोर का काम दिसंबर में होगा शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम जोन-8 कमिश्नरी अंतर्गत माधवराव सप्रे वार्ड में खारुन नदी के तट पर स्थित महादेव घाट को महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने के लिए नगर निगम ने टेंडर जारी कर दिया है। पिछले सप्ताह सामान्य सभा में इस एजेंडे को महापौर मीनल चौबे ने लाया था। इसमें पार्षदों ने कुछ सुझाव के साथ इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया। इसी के बाद 4 नवंबर को निगम ने इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 19 करोड़ 99 लाख 83 हजार के लिए टेंडर जारी कर दिया है। 21 दिन बाद टेंडर खुलेगा। इसमें सबसे कम निविदाकार को प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी प्रक्रियाओं के चलते दिसंबर अंत तक कॉरिडोर पर काम शुरू कर दिया जाएगा। इसकी निर्माण अवधि 8 महीने की रहेगी। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत रायपुरा पेट्रोल पंप के आगे नदी मोड़ चौक से होगा। विधायक राजेश मूणत के अनुसार प्रोजेक्ट में श्री हटकेश्वरनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त इंतजाम किया गया है। यहां यज्ञ आदि धार्मिक कार्यों के लिए अलग से यज्ञ शाला की जगह आरक्षित की जाएगी। इससे यहां विशेष पूजा के लिए आये परिवारों को असुविधा नहीं होगी। इसमें बारिश और गर्मी से बचने के लिए शेड तथा पेयजल और प्रसाधन का भी इंतजाम किया जाएगा। इतना ही नहीं महादेव घाट से ही लगे मुक्तिधाम रोड के लिए भी अलग से प्लानिंग की गई है।

प्रोजेक्ट में यह काम है प्रस्तावित

महादेव घाट पुनर्विकास योजना में मुख्य रूप से आकर्षक प्रवेश द्वार, लैंड स्केपिंग, ग्रॉसपेवर, शेड्युक्त गलियारा, पाथवे के साथ ही मंदिर के पीछे नदी के घाट एरिया को भी विकसित करने का प्रावधान रखा गया है। योजना अनुसार इस पूरे कॉरिडोर को जगमागने में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल किया जाएगा। यहां लगने वाले लाइट पोल, एलईडी, बोलार्ड एवं डेकोरेटिव लाइट्स भी सौर ऊर्जा से जलेंगे।

दुकानों को किया जाएगा व्यवस्थित महादेव घाट मंदिर रास्ते

कॉरिडोर योजना में के दोनों ओर स्थित लगभग 25 दुकानों को वहां से हटाने के बजाय व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी श्री मूणत ने नगर निगम को दी है। इतना ही नहीं मंदिर रोड किनारे स्थित 5 सामाजिक भवनों में आने-जाने के लिए भी अलग से रास्ते का इंतजाम नगर निगम करेगा। इससे घाट और मंदिर आने-जाने वालों को असुविधा नहीं होगी।

यह कैसा सम्मान : कचरा गाड़ियों में भरकर लाई गई 'लखपति दीदियां'

उपराष्ट्रपति के हाथों होना था सम्मान, सरकारी खर्च को लेकर उठे सवाल

■ जिला प्रशासन की लचर व्यवस्था का शिकार हुई दीदियां

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला पंचायत के बिहान योजना के तहत समूह बनाकर सरकार से लोन लेकर आत्मनिर्भर बनने वाली दिदियों का जिला प्रशासन ने तनिक भी सम्मान नहीं किया. जिला प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते उपराष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने वाली दीदियां आज कार्यक्रम स्थल पर कचरा उठाने वाले वाहनों में भरकर लाई गईं. आत्मनिर्भरता की मिसाल दीदियां भेड़ बकरियों की तरह कचरा वाहन में बिठा दी गई और ऐसे ही वह आयोजन स्थल तक पहुंची. इस व्यवस्था ने जिला प्रशासन के लाखों रुपए खर्च कर होने वाले कार्यक्रम की पोल खोल कर रख दी है।

बता दें कि जिला पंचायत में बिहान योजना के तहत समूह बनाकर सरकार से लोन लेने वाली महिलाएं आत्मनिर्भर होकर अब अपना व्यवसाय खुद कर रही हैं और उस व्यवसाय से लाखों रुपए की आय भी अर्जित कर रही है. ऐसी ही महिलाओं को सम्मानित करने के लिए बुधवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन राजनांदगांव पहुंचे थे, जहां स्टेट स्कूल में इन 'लखपति दिदियों' का सम्मान होना था. लेकिन, प्रशासन के इस आयोजन में अव्यवस्था का आलम इस कदर हावी था कि जिन महिलाओं का सम्मान स्वयं उपराष्ट्रपति अपने हाथों से किया वो प्रशासन की अव्यवस्था का पहले ही शिकार हो गई. सम्मान पाने से पहले ही नारी अस्मिता को एक कचरा उठाने वाले वाहन में बिठाकर आयोजन स्थल तक पहुंचाया गया। इस बात को लेकर के पूरे शहर में चर्चा का माहौल बन गया है।

कांग्रेस ने कहा नारी अस्मिता का अपमान

मामले को लेकर राजनीति गरमा चुकी है और कांग्रेस ने जिला प्रशासन की इस व्यवस्था को लेकर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं. कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने साफ तौर पर कहा है कि लाखों रुपए खर्च करके प्रशासन बड़े आयोजन कर रहा है. लेकिन, नारी अस्मिता को तार तार कर रहा है जिन दीदियों का सम्मान उपराष्ट्रपति के हाथों होना है। उन्हें कचरा उठाने वाली गाड़ियों में भरकर आयोजन स्थल तक ले जाना शर्मनाक है।

दीदियों में आक्रोश, प्रशासन को सुनाई खरी खोटी

आयोजन में मौजूद लखपति दीदियों ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रशासन की व्यवस्था बिल्कुल भी सही नहीं है। उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया की भेड़ बकरियों की तरह महिलाओं को मालवाहकों और कचरा उठाने वाली गाड़ियों में भरकर लाया गया है. प्रशासन आयोजन स्थल पर भीड़ दिखाने के लिए महिलाओं की सुविधाओं का एक प्रतिशत भी ख्याल नहीं रखा है। इस मामले को लेकर के महिलाओं में काफी आक्रोश भी देखने को मिला।

कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी को किया 'हाउस अरेस्ट'

शहर में व्याप्त समस्याओं को लेकर के कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी प्रदर्शन की तैयारी में लगे ही थे कि उन्हें सुबह से ही उनके घर पर हाउस अरेस्ट कर लिया गया. पुलिस प्रशासन ने पुलिस जवान लगाकर पूरे आयोजन के दौरान उन्हें नजर बंद रखा और उन्हें उनके घर पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया. इस मामले को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे का कहना है कि प्रशासन भाजपा के दबाव में आकर काम कर रहा है और जनप्रतिनिधियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रहा है।

उदयाचल मल्टी आई स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल शुरू

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान शहर में नवनिर्मित उदयाचल मल्टी आई स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का शुभारंभ कर दिया है.उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने 5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित स्वर्गीय जुगल किशोर सारडा स्मृति उदयाचल मल्टीस्पेशलिटी आई केयर इंस्टीट्यूट राजनांदगांव का शुभारंभ किया.बता दें कि उदयाचल लंबे समय से बेहद कम दर ऊपर जनता को आंखों से संबंधित बीमारियों का इलाज करने के लिए जाना जाता है।

नगर निगम से पूछ लीजिए : सीईओ

पूरे मामले को लेकर के जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह का कहना है कि ग्राम पंचायत में ऐसी कचरा उठाने वाली गाड़ियां नहीं है। जो गाड़ियां नगर निगम से लगी थी तो वह उनकी जिम्मेदारी है. आप नगर निगम से पूछ लीजिए।

जिपं सदस्य से रेप करने वाले फूड इंस्पेक्टर प्रहलाद राठौर को उम्रकैद

रायपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य को विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने और ओयो लॉज में ले जाकर बंधक बनाकर फिर बलात्कार कर पिटाई करने वाले फूड इंस्पेक्टर प्रहलाद राठौर को रायपुर के विशेष न्यायाधीश ने जुर्म सिद्ध होने कठोर आजीवन कारावास से दंडित किया है। 8 हजाररुपए अर्थदंड की सजा भी सुनाई। अर्थदंड की अदायगी नहीं किये जाने पर 6 माह की कठोर अतिरिक्त सजा का प्रावधान है। इस मामले में 3 नवंबर, सोमवार को न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में सुनवाई पूर्ण हुई।

विशेष लोक अभियोजक उमा शंकर वर्मा ने कोर्ट को बताया कि अभियुक्त फूड इंस्पेक्टर प्रहलाद राठौर की पहचान तीन साल पूर्व जिला पंचायत सदस्य युवती से रायपुर के पड़ोसी जिले में हुई थी। मोबाइल नंबर आदान-प्रदान के बाद बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। अभियुक्त ने युवती को बताया था कि उसने अभी तक विवाह नहीं किया है। फिर दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती गई और दोनों लगभग 18 माह तक रिलेशन में रहे। इसी बीच युवती को पता चला कि अभियुक्त राठौर शादीशुदा है। प्रेम जाल में फंसा कर शारीरिक शोषण कर रहा है तो दोनों के बीच काफी विवाद हुआ और युवती ने बातचीत करना बंद कर दिया। न मिलने पर बार-बार अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा। इसी बीच 28 फरवरी 2023 को यह बोलकर रायपुर बुलाया कि वीडियो युवती के सामने डिलिट कर देगा।

सिर्री फुसेरा चटौद मार्ग में कीचड़ और दलदल से आवागमन बाधित

■ पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान

कुरूद/नवप्रदेश। पी डब्ल्यू डी (लोक निर्माण विभाग) की जिला सड़कों की खस्ताहाली का मुद्दा कई स्थानों पर है। जिसमें से ऋषि ग्राम सिर्रि से फुसेरा- करगा - चटौद जिला मुख्य सड़क के 8 .3 कि मी सड़क के चौड़ी करण कार्य को ठेकेदार की मनमानी और विभाग की लापरवाही ने गड्ढा करण मार्ग बना दिया है। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में ना सिर्फ परेशानी होती है बल्कि कई जगहों पर भारी गड्ढों से दुर्घटना का भय भी बना रहता है। सड़क की ये दुर्दशा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग, रखरखाव में कमी, और मरम्मत कार्यों में देरी के कारण हुई है। कुछ मामलों में, नई सड़कें भी कुछ ही दिनों में टूट जाती हैं, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी होती है और सरकारी धन के दुरुपयोग का संदेह पैदा होता है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुनंदन साहू ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि पी डब्ल्यू डी विभाग ठेकेदार को प्रश्रय देकर घटिया स्तर के सामग्री से निर्माण किया जा रहा है। जिससे सड़के बेहद खस्ताहाल हो गई है ।इसकी तकनीकी जांच करवाई जाएगी और दोषियों पर भी कार्यवाही कराई जाएगी।

सड़कों की खस्ताहाली के कारण

घटिया निर्माणः कुछ नई सड़कों का निर्माण घटिया सामग्री के साथ किया जाता है, जिसके कारण वे कम समय में ही टूट जाती हैं।

देख रेख और रखरखाव की कमीः मरम्मत और रखरखाव के कार्यों में देरी से सड़कों की स्थिति और खराब हो जाती है।

लाखों के घोटाले की आशंकाः जहां सड़कों पर लाखों रुपये खर्च दिखाए जाते हैं, वहीं वास्तविक लागत बहुत कम लगती है, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका जताई जाती है।

प्रशासनिक उदासीनताः कई मामलों में, सरकार और स्थानीय प्रशासन सड़क की समस्याओं को लेकर उदासीन दिखाई देते हैं, जिससे नागरिक आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

आवागमन में भारी परेशानीः खस्ताहाल सड़कों के कारण लोगों को यात्रा करने में काफी दिक्कत होती है।सरकारी धन का दुरुपयोगः घटिया निर्माण और रखरखाव के अभाव में सरकारी धन का दुरुपयोग होता है।

सुरक्षा संबंधी चिंताएंः सड़कों पर गड्ढे और दरारें दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएँ बढ़ जाती हैं।

मत्स्या पाल सहायक अभियंता पी डब्ल्यू डी कुरूद

बारिश में काम चालू करने के कारण गड्ढा एवं कीचड़ हो गया होगा ।बारिश में मुरूम ठीक से नहीं मिलने के कारण ठेकेदार द्वारा मिट्टी ज्यादा मात्रा में उपयोग किया गया है। मुरूम कम मिट्टी युक्त मुरूम डाला गया होगा। सुधार किया जाएगा, इस संबंध में ठेकेदार को समझाइश दी जाएगी ।

विशेष शिक्षकों का फूटा गुस्सा, संविलियन की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन कराने छत्तीसगढ़ प्रदेश स्पेशल एजुकेटर संघ ने कुछ दिनों पूर्व शिक्षा सचिव से मुलाकात की थी। शासन के रवैये से नाराज होकर बीआरपी विशेष शिक्षक संघ ने संविलियन करने की मांग की है। साथ ही तत्काल भर्ती प्रकिया पर रोक लगाते हुए 20 वर्षों से कार्यरत संविदा विशेष शिक्षकों के पक्ष में निर्णय लेने की बात कही। संघ ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश का सही तरीके से पालन नहीं किया गया, जिससे छत्तीसगढ़ में बीआरपी को संविलियन का लाभ नहीं मिला। ना ही इनके लिए कोई विचार किया गया है। इस सबंध में अपनी मांग रखी है। संघ ने कहा, दिव्यांग बच्चों की शिक्षा एक कानूनी अधिकार है। जो भारत सरकार के संविधान और विभिन्न कानूनों द्वारा संरक्षित है। इसे पूरे देश में पालन कराने भारत सरकार ने समावेशी शिक्षा नीतियां तैयार कर सभी राज्यों में भारतीय पुनर्वास परिषद एक्ट 1992 द्वारा पंजीकृत विशेष शिक्षकों की भर्ती की गई है।

बोरी में शराब दुकान खोलने के आदेश से ग्रामीणों में उबाल

■ सरपंच बोले - पंचायत से नहीं ली गई अनुमति, ग्रामसभा में भी नहीं हुआ कोई प्रस्ताव

धमधा/नवप्रदेश। प्रशासन द्वारा बोरी ग्राम पंचायत क्षेत्र में शराब की दुकान खोले जाने के आदेश जारी किए जाने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया है। इस निर्णय के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 10 से 12 गांवों के ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रदर्शन में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली, जिन्होंने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस मामले में ग्रामीणों के कलेक्टर को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है बावजूद प्रशाशन ने शराब दुकान के निरस्तीकरण को लेकर कोई आदेश नहीं दिया गया है।

ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच टिकेश्वर देशमुख ने बताया कि पंचायत की ओर से इस विषय में न तो कोई अनुमति दी गई है और न ही ग्रामसभा में कोई प्रस्ताव पारित हुआ है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा शराब दुकान खोलने का निर्णय ग्रामवासियों पर जबरन थोपा जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान स्कूली बच्चों ने भी तख्तियाँ लेकर शराब दुकान के विरोध में नारेबाजी की और सरकार से निर्णय वापस लेने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में शराब दुकान खुलने से युवाओं में नशाखोरी बढ़ेगी, घरेलू विवादों और अपराधों में वृद्धि होगी, तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने इसे गांव की शांति और सामाजिक वातावरण के लिए हानिकारक बताया।

ग्रामीणों ने राज्य सरकार की शराब दुकान खोलने की नीति को लेकर कड़ी नाराजगी जताई और साय सरकार पर जनभावनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने आदेश वापस नहीं लिया, तो वे आगे बड़े आंदोलन की राह पर चलने को मजबूर होंगे

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com